

शीतल-पायल ले आयीं चांदी, स्वाति और आदिलको कांस्य

पैरा तीरंदाजी

भाजन



दिखायी कातिल अदाएं

रश्मिका मंदाना

गोरखपुर, गुरुवार २२ अक्तूबर २०२६ सौर ५, आश्विन शुक्ल ११, सं. २०८३ वि. | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी, पटना (कोलकाता संस्करण), रांची तथा जमशेदपुर से प्रकाशित, (वर्ष-४६ पू.सं. २०४१२७१ | * नगर संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

यूपीमें मुख्यमंत्रीने पुलिसकर्मियों के लिए की तीन बड़ी घोषणाएं

मोटर साइकिल, वर्दी-सिम भत्तामें भारी बढ़ोतरी

लखनऊ (आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिसकर्मियों के भत्तों में बढ़ोतरी की घोषणा की। फील्ड ड्यूटी में तैनात सब इंस्पेक्टर और इंस्पेक्टर का मोटरसाइकिल भत्ता 700 रुपये से बढ़ाकर 1,000 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया। इसके अलावा पीपीएस अधिकारियों का यूनिफॉर्म भत्ता 6,400 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये और कांस्टेबल व हेड कांस्टेबल का मोबाइल भत्ता 2,000 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये प्रतिमाह किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि एक दौर था, जब अपराधी खुली जीप में बैठकर ऑटोमेटिक (शेष पृष्ठ ९ पर)



भारतके बाहरसे भी प्रायोजित हैं दुष्प्रचार करने वाली ताकतें-मुख्यमंत्री

गोरखपुर (आससे.)। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाज को बांटने वाले और सामाजिक एकता को तोड़ने वाले निशाचर रावण से प्रेरित हैं क्योंकि रावण भी एकता को खंडित करता था। उन्होंने कहा कि जो लोग जाति, क्षेत्र, भाषा के नाम पर समाज की एकता को खंडित करके भारत को कमजोर करना चाहते हैं, उनके अंदर रावण की आत्मा आ गई है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को भारत की एकता (शेष पृष्ठ ९ पर)

महिला आरक्षण लागू करें, परिसीमन का इंतजार क्यों-खड़गे



नयी दिल्ली (आससे.)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को कर्नाटक के कलबुर्गी में महिला आरक्षण, परिसीमन और चुनाव सुधारों पर सरकार के रवैये पर सवाल उठाए। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस की लड़ाई सत्ता के लिए नहीं, बल्कि लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए है।उन्होंने कहा- सरकार लोकसभा की मौजूदा सीटों के आधार पर महिलाओं को 33ल आरक्षण अभी लागू कर सकती है। इसके लिए परिसीमन का इंतजार करने की क्या जरूरत है। उन्होंने पीएन नरेंद्र मोदी पर विपक्ष को बदनाम करने का आरोप लगाया।खड़गे ने केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पर टिप्पणी करते हुए कहा- प्रधानमंत्री विपक्षी नेताओं के पत्रों का खुद जवाब नहीं देते, बल्कि दूसरों के जरिए जवाब भिजवाते हैं। पीएम ने रिजिजू को असली अधिकार नहीं दिए हैं। ज्ञानेश कुमार की तरह मध्यस्थ की तरह उनका इस्तेमाल कर रहे हैं।1. श्वङ्करू हटाकर बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग- खड़गे ने श्वङ्करू की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराने और मतदाता सूची में गड़बड़ी रोकने के लिए निगरानी बढ़ाने की मांग की।उन्होंने कहा कि निष्पक्ष चुनाव होना जरूरी है। संविधान यह तय नहीं करता कि कांग्रेस या किसी दूसरी पार्टी को ही जीतना चाहिए। कांग्रेस लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए लड़ रही है।2. परिसीमन विधेयक पर (शेष पृष्ठ ९ पर)

देशकी एकता, मान-सम्मान और संस्कृति के दुश्मनोंसे मिलकर लड़ना होगा-मोदी



नयी दिल्ली (आससे)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विजयादशमी के अवसर पर देश की एकता, मान-सम्मान और संस्कृति को चुनौती देने वाली ताकतों के खिलाफ एकजुट होकर मुकाबला करने का आह्वान किया। दिल्ली के आईपी एक्सटेंशन स्थित डीडीए उत्सव ग्राउंड में रावण दहन के बाद अपने संबोधन में उन्होंने देश के सामने मौजूद तीन प्रमुख चुनौतियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि देश के मान-सम्मान को नुकसान पहुंचाने वाली ताकतों, समाज में फूट डालने वाले लोगों और भारतीय संस्कृति से नफरत करने वाली सोच का मिलकर सामना करना होगा। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विजयादशमी अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है। यह पर्व भगवान राम के आदर्शों और उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने राम राज्य की अवधारणा का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका अर्थ ऐसा शासन है, जहां किसी के साथ भेदभाव न हो, सभी को न्याय मिले और हर व्यक्ति को आगे बढ़ने के समान अवसर प्राप्त हों। उन्होंने गरीबों और वंचितों की सेवा को भी महत्वपूर्ण बताया। मोदी ने विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए देशवासियों से सामूहिक प्रयास करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश को अपनी क्षमता और संसाधनों पर भरोसा करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। लोगों की भागीदारी और मेहनत से बड़े लक्ष्यों को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विजयादशमी का संदेश बुराई के खिलाफ खड़े होने, सही रास्ते पर चलने और चुनौतियों का सामना साहस व एकजुटता के साथ करने की प्रेरणा देता है।

पुलिस स्मृति दिवसपर शहीद जवानों को प्रधानमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली (आससे)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर कर्तव्य निभाते हुए प्राण न्योछावर करने वाले बहादुर पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कर्तव्यों का पालन करने वाले पुलिसकर्मियों के प्रति देश कृतज्ञ है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों से निपटने, आपात स्थितियों में सहायता पहुंचाने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पुलिसकर्मियों का योगदान अमूल्य है। उन्होंने कहा कि शहीद पुलिसकर्मियों का साहस, समर्पण और सर्वोच्च बलिदान देश की स्मृतियों में हमेशा बना रहेगा। राष्ट्रीय पुलिस स्मृति दिवस 21 अक्टूबर को मनाया (शेष पृष्ठ ९ पर)

यूपी : शिक्षामित्रोंको ११५०८ सहायक शिक्षक भर्तीमें मिलेगी आयु की छूट



लखनऊ। 11508 सहायक शिक्षक भर्ती में शिक्षामित्रों को आयु सीमा में छूट प्रदान कर दी गई है। इसके लिए शिक्षामित्र लंबे समय से संघर्ष कर रहे थे। प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में की जा रही 11508 सहायक अध्यापक भर्ती में शिक्षामित्रों को आयु सीमा में छूट देने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत शिक्षामित्रों को अधिकतम आयु सीमा में 60 साल तक की छूट मिलेगी। वे 60 साल तक के होने पर भी आवेदन कर सकेंगे। बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सचिव बेसिक शिक्षा परिषद को भेजे निर्देश में कहा है कि परिषद के अधीन नगर क्षेत्र के 11508 सहायक अध्यापक के पदों पर चल रही चयन व नियुक्ति प्रक्रिया में इसे शामिल किया जाए। उन्होंने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में यह निर्णय लिया गया है। प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्र पहले नियमित शिक्षकों की भांति काम कर रहे थे। बाद में उन्हें शिक्षामित्र पद पर कर दिया गया था। वहीं उन्हें पूर्व में दो भर्तियों में भारांक व आयु सीमा में छूट भी दी जा चुकी है। इसी क्रम में 69000 शिक्षक भर्ती की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षामित्रों को अगली चयन प्रक्रिया में एक और देने पर सरकार से विचार करने को कहा था।

देवरिया : झोपड़ीमें आग लगने से पिता-दो बच्चों की मौत

देवरिया (आससे.)। उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद में भटनी थाना क्षेत्र के नोनापार गांव में मंगलवार की रात झोपड़ी में आग लगने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई। मृतकों में 32 वर्षीय जितेंद्र, बालकिशन और तीन वर्षीय बच्ची शनि शामिल हैं। हादसे में जितेंद्र की पत्नी लीला गंभीर रूप से झुलस गईं। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। घटना के बाद गांव में मातम छा गया। क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी मनोज कुमार ने बताया कि मंगलवार की रात करीब डेढ़ बजे नोनापार गांव में एक झोपड़ी में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही भटनी थाना पुलिस और अग्निशमन दल मौके पर पहुंच गए। टीम ने काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। इसके बाद झुलसे लोगों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भटनी पहुंचाया गया।

चुनावमें खेला हुआ तो चुपचाप नहीं बैठेंगे, एसआईआर विवादके बीच भड़का सुप्रीम कोर्ट



नयी दिल्ली (आससे.)। सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश राज्य चुनाव आयोग से कहा कि वह नामांकन की समय-सीमा बढ़ाने के पार्टी के अनुरोध पर विचार करे और उम्मीदवारों की अंतिम सूची के प्रकाशन को 23 अक्तूबर तक के लिए टाल दे। सीईसी ज्ञानेश कुमार और एसआईआर पर उपजे विवादों के बीच सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव प्रक्रिया को अवैध या असंवैधानिक तरीकों से बाधित करने की कोशिशों पर कड़ा रुख अपनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने दो टूक कहा है कि हालांकि संवैधानिक अदालतें आमतौर पर चुनाव प्रक्रिया में दखल नहीं देतीं, लेकिन जब यह सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप करना जरूरी हो कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव असंवैधानिक या अवैध तरीकों से दूषित न हों, तो अदालतों के हाथ बंधे नहीं होते। शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी आंध्र प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी, युवजन श्रमिक रायतू कांग्रेस पार्टी को अंतरिम राहत देते

कहा-हमारे हाथोंमें हथकड़ियां नहीं बंधी हैं

हुए की। पार्टी ने आरोप लगाया था कि हिंसा और कानून-व्यवस्था की खराब स्थिति के कारण उसके उम्मीदवारों को शहरी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने से रोका गया। जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने माना कि पार्टी ने प्रथम दृष्टया ऐसा मामला पेश किया है, जिसमें नामांकन प्रक्रिया की शुचिता की रक्षा के लिए निर्देश देना जरूरी है।

थारने बाइक को मारी टक्कर, पिता-पुत्र समेत तीन की मौत

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। बिहार में दुर्गा पूजा का मेला देखकर बाइक से घर लौट रहे थार गाड़ी ने टक्कर मार दी। जहां पिता- पुत्र समेत एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। यह हादसा बेगूसराय के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र में शालिग्राम अंडरपास टोल प्लाजा के पास मंगलवार को घाटी। मृतकों में रघुनाथपुर बरारी पंचायत के संतोष यादव 45 वर्ष उनका पुत्र आयुष कुमार 7 वर्ष, परिवार की महिला सुलेखा देवी सरहज शामिल है। तीनों लोग मुंगेर से दुर्गा पूजा का मेला देखकर घर लौट रहे थे। जहां थार गाड़ी ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी की बाइक थार के नीचे फंस गई और करीब 10 मीटर तक घसीटती चली गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया और थार गाड़ी को जब्त कर लिया ।

सीजेपीके सौरव-रांका को मिली जमानत



नयी दिल्ली (आससे.)। दिल्ली एसईएम कोर्ट ने सीजेपी नेताओं सौरव दास और आशुतोष रांका की न्यायिक हिरासत पर अपना आदेश सुरक्षित रखा। जिसके बाद कोर्ट ने दोनों नेताओं को जमानत दे दी है। दिल्ली पुलिस ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेताओं सौरव दास और आशुतोष रंका की न्यायिक हिरासत तीन दिन बढ़ाने की मांग की थी। दोनों को बुधवार को विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट (एसईएम) के समक्ष पेश किया गया था। दो दिन पहले सीजेपी के सह-संयोजक सौरव दास और आशुतोष रांका की न्यायिक हिरासत दो दिन और बढ़ा दी गई थी। सोमवार को दोनों को मंदिर मार्ग (शेष पृष्ठ ९ पर)

जंतर-मंतर जाने पर हाईकोर्ट की सीजेपी के नेताओं को फटकार

नयी दिल्ली (आससे)। कॉकरोच जनता पार्टी के नेता आशुतोष रांका और सौरव दास की हिरासत बढ़ाए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने दोनों नेताओं के आचरण पर कड़ी टिप्पणियां करते हुए जमानत बॉन्ड की शर्तों के उल्लंघन और प्रतिबंध के बावजूद जंतर-मंतर जाने पर सवाल उठाए। न्यायमूर्ति सुब्रमणियम (शेष पृष्ठ ९ पर)

सूडान : ड्रोन हमलेमें १५३ लोगों की मौत

खार्तूम (एजेंसी)। अफ्रीकी देश सूडान और दक्षिणी सूडान के बीच विवादित क्षेत्र अबेई के एक बाज़ार पर ज़बरदस्त ड्रोन अटैक हुआ जिसमें कम से कम 153 लोगों के मारे जाने की खबर है। मरने वालों में बच्चे भी शामिल हैं। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक अबेई के एमिएट बाजार में एक पेट्रोल पंप के पास ड्रोन से हमला हुआ। धमाका इतना जोरदार था कि पूरे बाजार में आग फैल गई, ऊंची ऊंची लपटे उठने लगी और चारो तरफ भगदड़ मच गई। कई लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए हैं। आशंका जताई जा रही है कि मरने वालों की तादाद बढ़ सकती है। स्थानीय प्रशासन ने सूडान की सेना पर ड्रोन अटैक का आरोप लगाया है। अबेई में सूचना मामलों के कार्यवाहक मंत्री, योहाना अकोल नगोर ने मंगलवार को बिना कोई सबूत दिए कहा कि इस हमले के लिए सूडान की सेना जिम्मेदार है।

बिना धांधलीके चुनाव नहीं जीत सकती भाजपा-अखिलेश



निष्पक्ष न रहने वाले अधिकारी जायेंगे जेल

लखनऊ (आससे.)। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर चुनाव में धांधली करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा बिना बेईमानी और धांधली के चुनाव नहीं जीत सकती। उन्होंने चुनाव आयोग से निष्पक्ष भूमिका निभाने की अपील करते हुए अधिकारियों को राजनीतिक कार्यकर्ता की तरह काम करने से बचने की नसीहत दी। अखिलेश यादव ने राजधानी लखनऊ में पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक जैसे अधिकारी लोगों को धमका रहे हैं और चुनाव में धांधली में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की जिम्मेदारी प्रशासनिक अधिकारी के रूप में काम करने की है, न कि राजनीतिक कार्यकर्ता बनने की। उनके मुताबिक, अधिकारियों का राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होना उनके खिलाफ कार्रवाई और जेल भेजे जाने का आधार बन सकता है। सपा अध्यक्ष ने मतदाता सूची को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं के पास मतदाता सूची कैसे पहुंच रही है और सरकार के मंत्रियों को यह सूची कहां से मिल रही है। उन्होंने दावा किया (शेष पृष्ठ ९ पर)

गोरखपुर : प्रतिमा विसर्जन के दौरान करंट लगने से तीन की मौत

गोरखपुर (आससे.)। गोरखपुर के गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल अयोध्या प्रसाद में प्रतिमा विसर्जन के दौरान करंट की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। हादसे में पांच लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को इलाज के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली पर प्रतिमा लेकर विसर्जन के लिए जा रहे थे। इसी दौरान प्रतिमा 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गई। इससे प्रतिमा में आग लग गई और करंट ट्रॉली में उतर गया। इसकी चपेट में करीब 10 लोग आ गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। पांच घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है।

आरक्षणपर जल्द फैसला करे भाजपा-संजय निषाद



वरना दूसरा रास्ता देखने की दी धमकी

नयी दिल्ली (आससे)।उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा के सहयोगी दल निषाद पार्टी ने आरक्षण के मुद्दे पर दबाव बढ़ा दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद ने दिल्ली के तालकटोरा में आयोजित महासम्मेलन में भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि मछुआरा समाज के आरक्षण पर जल्द फैसला किया जाए, अन्यथा पार्टी दूसरे राजनीतिक विकल्प तलाशने को मजबूर होगी। संजय निषाद ने कहा साथ तभी देंगे, जब आरक्षण की बात होगी। भाजपा को जल्द निर्णय लेना होगा। फैसला नहीं हुआ तो दूसरा दरवाजा देखेंगे। उन्होंने आरक्षण लागू नहीं होने पर भाजपा को राजनीतिक नुकसान की चेतावनी भी दी और कार्यकर्ताओं से संघर्ष के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। उन्होंने दावा किया कि निषाद पार्टी के बिना किसी भी दल की सत्ता अधूरी है और भाजपा तथा समाजवादी पार्टी, दोनों ही उसका समर्थन चाहती हैं। विधानसभा चुनाव से पहले संजय निषाद के इस रुख से भाजपा के साथ गठबंधन में आरक्षण का मुद्दा फिर चर्चा में आ गया है।

भारतकी कीमतपर पाकिस्तानसे नहीं बनेंगे यूएसके रिश्ते-रुबियो

नयी दिल्ली (आससे.)। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत के साथ अपने देश के संबंधों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान या दुनिया के किसी भी अन्य देश के साथ अमेरिका के रिश्ते भारत के साथ उसके संबंधों की कीमत पर नहीं होंगे। रुबियो ने यह बात वाशिंगटन और इस्लामाबाद के बीच बढ़ते संपर्कों को लेकर उठाए गए सवाल के जवाब में कही। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत के साथ अपने संबंधों को किसी दूसरे देश के साथ रिश्तों के मुकाबले के तौर पर नहीं देखता। बुधवार को एक इंटरव्यू में रुबियो से पूछा गया कि क्या अमेरिका और पाकिस्तान के बीच बढ़ते संबंध 1970 के दशक की स्थिति की याद दिलाते हैं, जब तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन और उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हेनरी किसिंजर पर पाकिस्तान की ओर झुकाव रखने के आरोप लगे थे। इस पर रुबियो ने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियां उस दौर से काफी अलग हैं और आज की दुनिया को 1970 के दशक के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। रुबियो ने कहा कि पाकिस्तान उन देशों में शामिल है, जिनके साथ अमेरिका के संबंध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इन संबंधों का इस्तेमाल संभावित संघर्षों को रोकने और तनाव कम करने के लिए किया जा सकता है। उनके मुताबिक, अलग-अलग देशों के



साथ संबंधों में संतुलन बनाना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन यह अमेरिकी विदेश नीति का हिस्सा होना चाहिए। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर रुबियो ने कहा कि दोनों देश डील को अंतिम रूप देने के काफी करीब हैं। कुछ मुद्दों पर अभी काम बाकी है।





घर में खून से लतपथ मिला व्यापारी का शव

अपराध संवाददाता

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। कोतवाली थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर स्थित एक दो मंजिला मकान के अंदर लड़की व्यवसायी का खून से लतपथ शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घर के अंदर से दरवाजे के रास्ते खून का रिसाव देखकर स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस को व्यापारी घर के सीढ़ियों के पास मृत अवस्था में मिला। घटना को लेकर जहां पुलिस नशे की हालत में सीढ़ियों से गिरकर मौत बता रही है वहीं परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार इस्माइलपुर निवासी मनोज विश्वकर्मा का दो मंजिला मकान है,जिसमें वह अकेले रहते हैं। मनोज के राधेश्याम, मनोज, छोटू और अनिल चार भाई हैं, सभी अलग रहते हैं, मनोज की मां सावित्री देवी के अनुसार वह अपने दूसरे बेटे के साथ रहती है। मनोज की पत्नी सुनीता लगभग ६ माह से झारखण्ड के रांची स्थित अपने मायके रहती है,दोनों के दो बेटा दो बेटी चार बच्चें हैं जिसमें एक की मौत हो चुकी है। महिला के अनुसार एक बेटी की मौत के बाद से ही मनोज का अपनी पत्नी से विवाद होने लगा था,आये दिन विवाद के बाद ही उसकी पत्नी बच्चों को लेकर मायके चली गई। दम्पति में सम्पति को लेकर भी विवाद है। कुछ दिन पूर्व मनोज की बेटी दो अज्ञात लड़कों के साथ आई थी,आरोप लगाया कि उसी ने मनोज की हत्या कराई है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि २५ कमरों के मकान है,जांच में कमरे में शराब की सीसी मिली है, फॉरेंसिक जांच की गई है, प्रथम दृष्टया लगता है कि व्यापारी सीढी के पास ही शराब पी रहा था, नशे में वह सीढ़ियों से नीचे गिर गया,जिससे उसका सिर लोटे से टकरा गया, सीढ़ियों से गिरकर घायल होने से उसकी मौत हुई है। सीओ कोतवाली ने बताया कि परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है,फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

> ♦ नशे में सीढ़ियों से गिरने की आशंका, परिजनों ने कहा हत्या की गई है

निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी सम्पन्न कराये-मण्डलायुक्त

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। रिटर्निंग आफिसर,मण्डलायुक्त इन्द्र विक्रम सिंह ने आयुक्त सभागार में उत्तर प्रदेश विधान परिषद गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र-2026 के मतदान एवं मतगणना के संबंध में प्रत्याशियों के साथ बैठक कर निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रिटर्निंग आफिसर,मण्डलायुक्त ने कहा कि मतदान के दौरान मतदाता निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित पेन का ही प्रयोग करें। निर्धारित पेन के अतिरिक्त किसी अन्य पेन से किए गए मतांकन को अवैध माना जाएगा। मतदाता अपनी वरीयता केवल अंकों में ही अंकित करें, शब्दों में वरीयता लिखने अथवा किसी प्रकार का अतिरिक्त चिह्न बनाने पर मतपत्र अवैध हो सकता है। मतदाता निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सावधानी पूर्वक प्रत्याशियों के निर्धारित खाने में ही अपनी वरीयता अंकित करें, ताकि मतपत्र की वैधता को लेकर किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। मण्डलायुक्त ने सभी प्रत्याशियों से अपेक्षा की है कि वे सभी मतदाताओं को मतांकन की सही प्रक्रिया के संबंध में जागरूक करें, जिससे निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मतदान संपन्न कराया जा सके। रिटर्निंग आफिसर, मण्डलायुक्त ने मतगणना के संबंध में कहा कि मतगणना के दिन स्ट्रांग रूम निर्धारित समय प्रात: काल ठीक 7:30 बजे खोला जाएगा और मतगणना का कार्य निर्धारित समय प्रात: काल ठीक 8 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतगणना केंद्र पर ससमय पहुंचना सुनिश्चित करें तथा निर्वाचन से संबंधित सभी आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन करें।



एमजीयूजी के 22 विद्यार्थी ईरी में प्रशिक्षण के लिए चयनित

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के कृषि संकाय के बीएससी एजी ऑनर्स के 22 विद्यार्थी अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (ईरी) के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र वाराणसी में एक माह का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। यह जानकारी देते हुए कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. विमल कुमार दूबे ने बताया कि ईरी विश्व की अग्रिम संस्थाओं में से एक है जो चावल शोध व अनुसंधान के क्षेत्र में सतत कार्य कर रही है। यह संस्था मुख्य रूप से चावल मूल्य संवर्धन, जलवायु-अनुकूल और पोषण-समृद्ध चावल के भिभिन्न किस्मों के प्रजनन के लिए अनुसंधान का संचालन करती है। ईरी में प्रशिक्षण के लिए 22 विद्यार्थियों के चयनित होने पर विश्वविद्यालय के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. भूपेश कुमार गोयल, कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव और कृषि संकाय के समस्त प्राध्यापकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

मां के आंचल जैसा आवरण नहीं देखा...

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। भागीरथी सांस्कृतिक मंच की 822वी काव्य गोष्ठी पर संस्था के मुख्य संरक्षक अरविंद शर्मा के माया इंटरप्राइजेज के शोरूम के उद्घाटन के अवसर पर आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ भोजपुरी गीतकार वागीश्वरी प्रसाद मिश्र वागीश ने की व सफल संचालन संस्था सचिव युवा कवि कुन्दन वर्मा पूरब ने किया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ भाई दयानंद त्रिपाठी व्याकुल द्वारा प्रस्तुत वाणी वंदना से हुआ। तत्पश्चात युवा कवि सुधाकर साहनी ने मां की बात इन शब्दों में बयां की -मां के आंचल जैसा आवरण नहीं देखा, उसके कष्टों का कोई निवारण नहीं देखा। अपना जीवन हवन कर देती है मां, उसके प्यार के जैसा व्याकरण नहीं देखा। युवा कवयित्री डॉ. सरिता सिंह ने मन के रावण के अंत की बात अपने इस मुक्तक में की-रावण के पुतले से पहले खुद में खुद का रावण मारों,अपने अंतर्मन में झांको खुद में खुद का मानव तारो। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ भोजपुरी कवि वागीश्वरी प्रसाद मिश्र वागीश सभी कवियों को आशीष देते हुए वृद्धावस्था की कठिनाइयों का वर्णन अपने गीत में किया, उसकी एक पंक्ति देखिए-फेक देहली थरिया परोस के दुआरी,बुढ़वा ससुर के सतावे लगली गारी। आए हुए कवियों के प्रति आभार करते हुए संस्था संरक्षक अरविंद शर्मा ने अपनी बात इन पंक्तियों में कहीं-मैं जीवन का एक पथिक हूं ,रुकना मेरी रीत नहीं। हार मान लूं जीवन से,मैं ऐसा भी मजबूर नहीं। अवधेश शर्मा नंद , अरविंद अकेला, डॉ. सत्य नारायण पथिक , कुन्दन वर्मा पूरब, दानिका प्रसाद विश्वकर्मा, दिनेश गोरखपुरी, दयानंद त्रिपाठी व्याकुल, बद्री विश्वकर्मा सांवरिया, रत्नेश सृजन ने काव्य पाठ किया। डॉ. अमिताभ शर्मा, प्रेम प्रकाश शर्मा, आनंद शर्मा,डॉ. एस.एन. विश्वकर्मा उपस्थित रहे।



अराजकता फैलाने के छ: आरोपियों पर कार्रवाई

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। गुलरिहा थाना क्षेत्र मे शारदीय नवरात्रि के नवमी के अवसर आयोजित विभिन्न कार्यक्रम मेला और भीड़भाड़ में अराजकता फैलाने वालो के खिलाफ पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करते हुए ६ लोगों का धारा १७०, १२६, १३५ बीएनएस के तहत शांति भंग करने के आरोप में चालान कर दिया है। भटहट प्रतिनिधि के अनुसार जिनपर पुलिस ने कार्रवाई किया उनपर आरोप है कि थाना क्षेत्र के जंगल माघी निवासी रवि कुमार, दीपक भटहट निवासी रितिक, अभिनाश, बरगदहीं निवासी किशन निषाद, अरुण निषाद शारदीय नवरात्र के नौवीं को दुर्गा पंडाल और विभिन्न स्थानों पर आयोजित मेले में अराजकता फैलान का काम कर रहे थे। वालों छह के खिलाफ कार्रवाई करते हुए हिरासत में लेकर चालान कर दिया।

कौड़ीराम में छुट्टा पशुओं की दुर्दशा पर कौन देगा ध्यान ?

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। क्षेत्र में सड़कों और गलियों में घूम रहे छुट्टा गोवंश की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। कहीं पशु कूड़े के ढेर में मुंह मारते दिखाई देते हैं, तो कहीं झूठी पन्नियां और सड़े-गले खाद्य पदार्थ खाकर अपना पेट भरने को मजबूर हैं। इन बेजुबान पशुओं की सुध लेने वाला कोई नजर नहीं आता। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर इनकी देखभाल और उपचार की जिम्मेदारी किसकी है? कौड़ीराम प्रतिनिधि के अनुसार कौड़ीराम क्षेत्र में एक घायल बछड़े की स्थिति ने पशुओं की देखरेख की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, बछड़े के पैर में चोट लगी है और उससे खून भी निकल रहा है। वह चलने-फिरने में असमर्थ है और करीब तीन दिनों से पड़ा हुआ था। उसकी पीड़ा देखकर स्थानीय लोगों में चिंता है। बताया गया कि मामले की सूचना ब्लॉक के पशु चिकित्सक को दी गई, कई घंटे से अधिक समय बीतने के बाद भी मौके पर चिकित्सक के नहीं पहुंचने की शिकायत सामने आई। हालांकि, चिकित्सक के न पहुंचने के कारण की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में छुट्टा पशु सड़कों और गलियों में घूमते रहते हैं। भोजन की तलाश में वे कूड़े के ढेरों तक पहुंचते हैं और कई बार प्लास्टिक की पन्नियां तथा सड़े-गले पदार्थ खा लेते हैं। इससे उनके बीमार पड़ने और गंभीर परेशानी में आने का खतरा बना रहता है। स्थानीय स्तर पर मांग उठ रही है कि कौड़ीराम क्षेत्र में घूम रहे छुट्टा गोवंश की पहचान कर उनकी नियमित स्वास्थ्य जांच कराई जाए। इसके लिए सप्ताह में कम से कम एक दिन विशेष पशु स्वास्थ्य जांच अभियान चलाने पर विचार किया जाना चाहिए। घायल और बीमार पशुओं के लिए त्वरित उपचार की व्यवस्था हो तथा जरूरत पड़ने पर उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाए इसके साथ ही, निराश्रित गोवंश के लिए आश्रय, स्वच्छ पानी और उचित चारे की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने पर रोक लगाने और प्लास्टिक कचरे का उचित निस्तारण करने की दिशा में भी प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए।



> ♦ कूड़े और सड़ी-गली पन्नियों के सहारे पेट भर रहे गोवंश, घायल पशुओं के उपचार और नियमित स्वास्थ्य जांच की उठी मांग

बांसगांव में दशहरा
रामलीला में कलाकारों का अभिनय देख मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। बुराई की अच्छाई पर, अधर्म पर धर्म की, असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजयादशमी (दशहरा) का त्योहार तहसील मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से सकुशल सम्पन्न हो गया। बांसगांव प्रतिनिधि के अनुसार तहसील मुख्यालय पर जवाहर लाल नेहरू पीजी कालेज के प्रबंधक एवं चेयरमैन प्रीती सिंह के प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह (बबलू बाबू) के नेतृत्व में मंगलवार को आयोजित रामलीला कार्यक्रम में श्रीराम और रावण की सेना के बीच चल रहे युद्ध को देखकर दर्शक रोमांचित होते रहे। इस दौरान राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान, अंगद, सुग्रीव, जामवंत, रावण, कुम्भकर्ण, मेघनाद, सुर्पणखा बने कलाकारों का अभिनय लोगों में कौतुहल का विषय बना रहा। दूसरी तरफ घुड़सवारों का करतब देख लोग मंत्रमुग्ध होते रहे देर शाम तक चले युद्ध के दौरान दशानन रावण समेत उसके पुत्रों तथा राक्षसी सेना का वध हो जाने पर दर्शकों ने जय श्रीराम का गगनभेदी जयघोष करना शुरू कर दिया। तत्पश्चात सूर्यास्त की बेला में दशानन रावण के विशालकाय पुतले में अग्नि प्रज्वलित कर उसका दहन करने के साथ ही कार्यक्रम सम्पन्न हो गया। इस अवसर पर लगे मेले में बच्चों ने गोलगप्पे, चाट, आइसक्रीम का स्वाद लेने के साथ ही खिलौने, गुब्बारे, बांसुरी आदि सामग्रियों की खरीदारी कर खूब लुत्फ उठाया। बताते चलें कि इसी तरह का आयोजन थाने के पीछे स्थित बाग पड़ाव के मैदान में भी बड़ावन रामलीला समिति की ओर से किया गया था।



आटो की टक्कर से युवक की मौत

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। सिकरीगंज थाना क्षेत्र के बनकटी गांव स्थित यूएस सेंट्रल एकेडमी के समीप बीती रात को हुए मार्ग दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई,जबकि चार अन्य घायल हो गये। हमारे सिकरीगंज प्रतिनिधि व बारीगांव संवाद सूत्र से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बारीगांव निवासी बलजीत विश्वकर्मा १८ वर्ष पुत्र स्व० रामदास लोहार मोटर गैराज में काम करके परिवार का भरण पोषण करता था, बीती रात वह काम करके वापस घर जा रहा था कि रास्ते में तेज रफ्तार अनियंत्रित आटो ने युवक को टक्कर मार दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घायलों में ढखवा बाजार निवासी सूरज पुत्र फौजदार और उनकी पत्नी पूनम, बेला बुजुर्ग निवासी पंकज पुत्र रामशिव तथा एकडंगा निवासी प्रिंस शामिल हैं। उक्त सभी लोग मेला देखकर घर वापस जा रहे थे। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।



अब मछली पालक घर बैठे जान सकेंगे तालाब के पानी की गुणवत्ता

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने मत्स्य पालन को अधिक वैज्ञानिक और सुविधाजनक बनाने वाली तकनीक विकसित कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के शोधकर्ताओं को 'सोलर-पावर्ड एक्वाकल्चर मॉनिटरिंग सिस्टम यूजिंग आईओटी' नामक नवाचार के लिए पेटेंट प्राप्त हुआ है। सौर ऊर्जा और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) पर आधारित इस तकनीक की सहायता से मछली पालक अपने तालाब के पानी की गुणवत्ता की जानकारी घर बैठे प्राप्त कर सकेंगे इस प्रणाली की विशेषता यह है कि मछली पालकों को पानी की स्थिति जानने के लिए बार-बार तालाब पर जाकर जांच करने की आवश्यकता कम होगी।

> ♦ एमएमएमयूटी के शोधकर्ताओं को मिला सौर ऊर्जा आधारित स्मार्ट तकनीक का पेटेंट

रंजिश में रिश्तेदार के साथ मिल कर पड़ोसी को पीटा

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। गुलरिहा थाना क्षेत्र के झुगिया बाजार में पुरानी रंजिश में पड़ोसी ने अपने रिस्तेदारों के साथ मिल कर पीटाई कर दी। दुकान के अंदर खींच कर अपने घर के सामने ले गया, गाली और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल युवक के भाई की तहरीर दिया है, जिसमें उसका दावा है कि घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। बहरहाल पुलिस ने मिली तहरीर के आधार पर महिला समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भटहट बाजार प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार झुगिया बाजार निवासी अभिमन्यु जयसवाल के मुताबिक मेरे घर के बगल के रहने वाले अंगद जयसवाल से पूरानी रंजिश चली आ रही है। २० अक्टूबर की रात्रि लगभग १:१० बजे मेरे दुकान घर पर कोई नहीं था। तभी अंगद जयसवाल मेरे घर दुकान में घुस आए मेरे बड़े भाई द्वारिकाधीस जयसवाल को जबरन खींच कर अपने दुकान पर ले गए। पुरानी रंजिश को लेकर जान से मारने की धमकी देते हुए मेरे भाई द्वारिकाधीस को लाठी डंडे से सर व शरीर पर गंभीर चोट पहुंचाया। मेरे भाई को अंगद का साला शेषनाथ जयसवाल और उसकी पत्नी अर्चना उर्फ बबली ने मारा-पीटा। पुलिस ने बताया कि मिली तहरीर के आधार पर आरोपी अंगद जयसवाल, उनका साला शेषनाथ जयसवाल और इनकी पत्नी अर्चना उर्फ बबली के खिलाफ धारा ११५(२), ३५१(३), ३५२ के बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

> ♦ घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम KAHKESHAN KHATUN से बदलकर KAHKASHA PERVEEN रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **KAHKASHA PERVEEN** पुत्री साजिद खान निवासी ग्राम व पोस्ट मेहाहरहंगपुर, जिला देवरिया

सूचना-सूचित किया जाता है कि भा.जी.नि. शाखा न 1 गोरखपुर के बीमा पॉलिसी स. 293315073 में संजय सोनकर दर्ज है जबकि मेरे अन्य दस्तावेज में अजय सोनकर दर्ज है दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है। **अजय सोनकर** पुत्र श्री लालजी ग्राम बेलवा रामपुर पो व थाना गुलरिया जिला गोरखपुर।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री इसराना खातून उर्फ अलीना को उसके गलत व अभ्द्र आचरण से क्षुब्ध होकर उसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी अच्छे या बुरे कृत्य एवं लेन-देन से मेरी तथा मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **अब्दुल मन्नान** पुत्र मुर्तुजा, निवासी डोहरिया, थाना-चिलुआताल, जनपद-गोरखपुर।

NOTICE-This is to notify that the name of Anukalp Srivastav's father name is wrongly written as Rajesh Srivastav in his school records. However, his father's correct name is Rajesh Kumar Srivastava. His father name bould be corrected as Rajesh Kumar Srivastava for all purposes. **Rajesh Kumar Srivastava** S/o Dhruw Lal Srivastava, EWS-204, Bargadwa, Gorakhpur

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने सबसे छोटे पुत्र अफजल के आचरण से क्षुब्ध होकर उसे अपने समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया हूं। उसके किसी कृत्य अथवा किसी भी लेन देन की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। वह स्वयं अफजल जिम्मेदार होंगे। **शहीबुन निशा** पत्नी शहीद, ग्राम खडेसरी, दुबौली, पोस्ट बेलवादाखिली, थाना बड़हलगंज, जनपद गोरखपुर

सूचना-सूचित किया जाता है कि मेरा संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय की शास्त्री परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की थी। जिसका अनुक्रमांक 507516, पंजीकरण सं. S11208154 एवं उपाधि प्रमाण पत्र संख्या 262240, निर्गत दिनांक 19.12. 2014 है। उक्त मूल प्रमाण पत्र कहीं गुम हो गया है। **प्रियंका राय**, पुत्री जगत नारायण राय, निवासी भुजौली कॉलोनी थाना कोतवाली जिला देवरिया।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम ABDU HAKEEM से बदलकर ABDUL HAKEEM रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाए। **ABDUL HAKEEM** पुत्र ASHIQUE ALI ग्राम-खैरातीया पोस्ट-छरहटा जिला- सिद्धार्थनगर 272151

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2019 अनुक्रमांक 9596200 का मूल प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में खो गया है। **नीतीश गुप्ता** पुत्र छोटेलाल गुप्ता, ग्राम देवरिया बाबू, पोस्ट लक्ष्मीगंज, तहसील कप्तानगंज , जिला कुशीनगर।

सूचना-मेरा जे एस यूनिवर्सिटी शिकोहाबाद द्वारा जारी एम एस सी भौतिक विज्ञान के अंतिम वर्ष अनुक्रमांक 172020106006 वर्ष 2019 का अंकपत्र खो गया है। **दीपक चौरसिया** पुत्र ध्रुव नारायण चौरसिया ग्राम बतरौली पोस्ट परसिया छितनी सिंह थाना बनकटा, जिला देवरिया (उ.प्र.)

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम से रूकैया बेगम (RUKAIYA BEGUM) से बदल कर रुकय्या बेगम (RUQAYYA BEGUM) रख ली हूँ। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। **रुकय्या बेगम** पत्नी मोहम्मद अहमद, 167, शाहमारूफ रोड निकट हाकिम वसी मस्जिद काजीपुर खुर्द, गोरखपुर (उ.प्र.)-273001

सूचना-सूचित किया जाता है पहले मेरा नाम फरतुला (FARTULA)पत्नी अहमद खान था जिसे बदल कर अब मैं अपना नाम फरस्तुल निशा(FARSTUL NISHA) पत्नी अहमद खान कर ली हु अब से मुझे फरस्तुल निशा के नाम से ही जाना व पहचाना जाए। **फरस्तुल निशा** पत्नी अहमद खान, निवासी,जं0ज0 उर्फ अनन्तपुर पो0 मौलागंज जनपद महराजगंज

सूचना-सूचित किया जाता है कि HDFC Life बीमा पॉलिसी संख्या 27661647 में मेरा नाम RUDRA RAUNIYAR S/O NIDHI RAUNIYAR हो गया है जबकि आधार कार्ड एवं पैन कार्ड के अनुसार मेरा सही नाम ADVIK RAUNIYAR S/O NIDHI RAUNIYAR है। मुझे इसी नाम से जाना जाय। **अद्विक रौनियार** पुत्र निधि रौनियार, वार्ड नं. 2 बापू नगर कसया रोड, रामकोला, जनपद कुशीनगर (उ.प्र.) 274305.

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम पवन कुमार से बदलकर पवन यादव रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाय। **पवन यादव** पुत्र बहरेची निवासी ग्राम बरदाड़, पोस्ट कुसुरु खुर्द, जिला सन्तकबीरनगर

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति ने अपना नाम SHATRUDHAN से बदलकर SHATRUGHNA KUMAR रख लिया है। अब उन्हें इसी नाम से जाना एवं समझा जाय। **SHATRUGHNA KUMAR,** H/O : बिंदु देवी निवासी ग्राम किसुनपुर उर्फ वगही, पोस्ट जिगिना भियाव जिला गोरखपुर

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम MUJFFAR HUSAIN से बदलकर MUZAFFER HUSAIN रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **MUZAFFER HUSAIN** पुत्र अनवारुल हसन निवासी ग्राम व पोस्ट मेहाहरहंगपुर, जिला देवरिया

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम मनभावती से बदल कर कलावती देवी रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। **कलावती देवी** पत्नी गब्बू प्रसाद गौड़ निवासी ग्राम गौनर खास पोस्ट चौरी चौरा जिला गोरखपुर पिन 273201.

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित करना है कि पूर्व में मेरा नाम Sharma MukeshKumar Rambadan था,जिसे अब मैं परिवर्तित करके Mukesh Sharma कर लिया हूँ,भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाए। **Mukesh sharma** पुत्र Rambadan Sharma निवासी सूरज नगर बाजार, खजुरिया, कुशीनगर

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम MOHAMMAD IBRAHIM से बदल कर IBRAHIM कर लिया है।अब हमको इसी नाम से जाना और पहचाना जाय । **IBRAHIM** S/O हफिजुल्लाह निवासी गिरगिटिया, कमसीन खुर्द जिला महराजगंज 273158

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बजाज एलियांज लाइफ इंश्योरेंस की पॉलिसी संख्या 0316269838 एवं 0315288002 में त्रुटिवश मेरा नाम शकुंतला गोंड एवं मेरी जन्म तिथि 01-01-1971 दर्ज हो गया है मेरा सही नाम शकुंतला देवी एवं सही जन्मतिथि 01-01-1981 है। यही नाम एवं जन्मतिथि मेरे आधार कार्ड में भी दर्ज है। **शकुंतला देवी** पत्नी रामचंद्र गोंड, निवासी बढ़या बुजुर्ग, गोला, गोरखपुर

अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय-सिविल जज (जूनियर डिवीजन)
कोर्ट सं.-2, गोरखपुर
वाद संख्या-253/2026
विनय कुमार सिंह बनाम अजय सिंह वगैरह

बनाम-(1) अजय सिंह उम्र बालिग पुत्र स्व. कुंवरकान्त सिंह (2) रेनू सिंह उम्र बालिग पत्नी अजय सिंह निवासीगण भवन सं.-76B मकान नं.-HIG-91, विकास नगर विस्तार कालोनी, पोस्ट-फर्टिलाइजर फैक्ट्री, तहसील सदर, जिला-गोरखपुर। (3) दमयन्ती सिंह उम्र बालिग पत्नी स्व. कुंवरकान्त सिंह (4) संजय कुमार सिंह उम्र बालिग पत्नी स्व. कुंवरकान्त सिंह, निवासीगण-अघाव, पोस्ट-बनकटा स्टेशन, तहसील भाटपाररानी, जिला-देवरिया।

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 29 माह 10 सन् 2026 बवक्त 10.00 बजे दिन के अदालत में स्वयं या मारफत वकील के जो मुकदमे की हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जिसे कुल उमूर अहम मुतालिक मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्स हो जो कि जवाब सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिए मुकर्रर है कि वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप जवाबदेही हुई है। कत्तई दे ताईद इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

बदस्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 17 माह 09 सन् 2026 ई. को जारी किया गया।

ह. मुंसरिम
मोहर न्यायालय

अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय-सिविल जज (जूनियर. डिवीजन)-2, गोरखपुर
वाद संख्या-253/2026
विनय कुमार सिंह बनाम अजय सिंह वगैरह

बनाम-(1) अजय सिंह उम्र बालिग पुत्र स्व. कुंवरकान्त सिंह (2) रेनू सिंह उम्र बालिग पत्नी अजय सिंह निवासीगण भवन सं.-76B मकान नं.-HIG-91, विकास नगर विस्तार कालोनी, पोस्ट-फर्टिलाइजर फैक्ट्री, तहसील सदर, जिला-गोरखपुर। (3) दमयन्ती सिंह उम्र बालिग पत्नी स्व. कुंवरकान्त सिंह (4) संजय कुमार सिंह उम्र बालिग पत्नी स्व. कुंवरकान्त सिंह, निवासीगण-अघाव, पोस्ट-बनकटा स्टेशन, तहसील भाटपाररानी, जिला-देवरिया।

चूंकि ऊपर नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के माह 10 के 31 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यकरुपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवतरित किया जायेगा।

बस्दस्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 17 माह 09 सन् 2026 ई. को जारी किया गया।

ह. मुंसरिम
मोहर न्यायालय

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मूल बैनामा दिनांक 07-08-2015 जो बाकेलाल पुत्र प्यारे द्वारा मुन्ना जायसवाल पुत्र मोहन जायसवाल के पक्ष में निष्पादित है जो उपनिबंधक कार्यालय में बही संख्या 1 जिल्द संख्या 11423 पेज नं.-217 से 250 पर क्रमांक 8822 पर पंजीकृत है, दिनांक 12-06-2026 को दीवानी कचहरी से घर जाते समय कहीं गायब हो गया है। बैनामे के बावत यदि किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन के तिथि के सात दिन के अन्दर नीचे दिये गये पते पर लिखित रूप से सूचित करें। निर्धारित अवधि के बाद कोई आपत्ति विचारणीय नहीं होगी तथा SCALE-UP FINANCIAL SERVICES PRIVATE LIMITED भुगतान हेतु अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

विवेक कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट, C-132/344, दीवान बाजार, गोरखपुर मो.नं.-6307384146

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना संख्या: NER-BSB0SnT-OT-36-2026
मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार/ पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली-ई" निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रमांक 1:-** निविदा सूचना सं एवं कार्य का नाम: NER-BSB0SnT-OT-36-2026, कार्य का नाम:- वाराणसी मंडल के मऊ स्टेशन पर 03 स्टेबलिंग लाइन और पूरे यार्ड में MSDAC की व्यवस्था से संबंधित सिग्नलिंग कार्य। विवरण-अनुमानित लागत: ₹ 52661534.67, बयाना की राशि: ₹ 1053200.00, निविदा प्रपत्र की कीमत: 00.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि: 12 माह, निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय- 12.11.2026 को 15.00 बजे।
1. ई-निविदा दिनांक 12.11.2026 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा किया जा सकेगा।
2.पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाईट **i.e. www.ireps.gov.in** देखें।
मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार
मुजाधि/सिगनल-135 **वाराणसी**
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

अखिलेश चन्द द्वारा ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड लाहिड़ी बिल्डिंग बैंकरोड, गोरखपुर से मुद्रित एवं ज्ञानमण्डल लिमिटेड लाहिड़ी बिल्डिंग बैंक रोड गोरखपुर से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय व्यवस्थापक : अखिलेश चन्द

वाराणसी :	सन्त कबीर मार्ग
प्रयागराज :	३, लीडर रोड
कानपुर :	बांसमण्डी
लखनऊ :	१, जापलिंग रोड
आगरा :	महात्मा गांधी रोड
बरेली :	रोड नं.-३, परसाखेड़ा
पटना :	फ्रेजर रोड
रांची :	नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया
जमशेदपुर :	कालीमाटी रोड

पंजीयन संख्या-आर.एन. ३८७१०/८१
दूरभाष : २२०१८७६
फैक्स : २३३१२१२
e-mail-aj_gorakhpur@yahoo.com
ajgorakhpur@gmail.com

पी.आर.बी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद गोरखपुर न्यायालय के अधीन होगा।

पाठकों से
'**आज**' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा '**आज**' प्रकाशन पर न होगा।
प्रबंधक

प्रतिमा विसर्जन : ट्राली से जा रहे दो सगे भाईयों सहित तीन की मौत

अपराध संवाददाता

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। गुलरिहा थाना क्षेत्र में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम के दौरान बड़ा हादसा हो गया। प्रतिमा को ट्रैक्टर ट्राली से लेकर कोलुहा घाट जाते समय गाड़ी में बंधा लोहे की रॉड ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार के सम्पर्क में आई गया, जिससे हाईबोल्टेज करंट की चपेट में आकर तीन युवकों की मौत हो गईं जबकि ७ गंभीर रुप से झुलस गये। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए तत्काल मेडिकल कालेज पहुंचाया। जहां घटना से आक्रोशित लोगों ने जमकर हंगामा किया। मामला बढ़ता देखकर स्थानीय दुकानदारो ने अपनी अपनी दुकानें बंद करके भाग निकले, लगभग ५ बजे हुई उक्त घटना से गोरखपुर-महाराजगंज मुख्यमार्ग पर वाहनों का लम्बा जाम लग गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने बाद में हल्का बल प्रयोग करके लोगों को तितर बितर किया। फिलहाल मौके पर पीएसी के जवानों सहित तीन थानों की पुलिस मौके पर मौजूद है। पुलिस ने बताया कि मृतकों में दो सगे भाई है जबकि तीसरा उनका ही रिश्तेदार है। हमारे भटहट बाजार प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार गुलरिहा थानान्तर्गत जंगल अयोध्या प्रसाद चौहान टोला में स्थापित की गई माता दुर्गा की प्रतिमा का आज कोलुहा घाट पर विसर्जन होना था। स्थानीय ग्रामीण प्रतिमा को ट्रैक्टर ट्राली पर लेकर जा रहे थे कि रजही चौराहा स्थित रामानंद के घर के समीप ट्राली के ऊपर बधे डीजे के लोहे की रॉड हाईटेंशन तार से छू गई। जिससे ट्रैक्टर-ट्राली में करंट उतर



गया,जिससे अफरा तफरी मच गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह हादसे की चपेट में आये १० लोगों को बचाकर उन्हें गंभीर अवस्था में उपचार के लिए मेडिकल कालेज पहुंचाया जहां डाक्टरों ने दो सगे भाईयों लकी (१७), विक्की (१९) और इनके मौसी के बेटे चंदन (२१) को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य ७ गंभीर रुप से झुलसे पुष्पा, मोनू, शिवानी, प्रियंका, नंदिनी, अंकिशा चौहान,

❖ घटना में सात झुलसे, डीजे केसाथ बंधे लोहे की रेलिंग के सम्पर्क में आया था हाईटेंशन विद्युत तार, मेडिकल कालेज पर नागरिकों का हंगामा,जेई और दो कांस्टेबिल निलंबित,लाइन मैन बर्खास्त

शनि चौहान और शांतनु को भर्ती करके उनका इलाज शुरु कर किया। हादसे में युवकों की मौत आई आधा दर्जन से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना पर लोगों में गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में मेडिकल कालेज पहुंचे लोगों विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा शुरु कर दिया। घटना कीसूचना मिलते ही जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसएसपी डॉ० कौस्तुभ, एसपी सिटी निमिष पाटिल, एसपी नार्थ राजेश घनावत सहित तीन-चार थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। लोगों की भीड़ और मामला बढ़ता देखकर व्यापारी खुद को बचाने के लिए अपनी दुकानें बंद करने लगे, देखते ही देखते लगभग ५०-६० दुकानें धड़ाधड़ बंद हो गई। स्थिति को संभालने के लिए पुलिस भी एक्शन में आ गई, हल्का बल प्रयोग कर लोगों को मौके से खदेड़ दिया और लगभग दो घंटे से जाम से कराह रही महाराजगंज-गोरखपुर मुख्य मार्ग पर आवागमन शुरु कराया। घटना के संबंध में मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों का कहना है कि रजही चौराहे के पास हाई टेंशन लाइन की तार लूज था,प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम के दौरान उक्त लाइन को बंद किया गया था,लेकिन लगभग ४:३० उक्त लाइन पर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दिया गया,जिसकी जानकारी प्रतिमा विसर्जन करने वालों को नही थी। पूरे घटना में विद्युत विभाग की लापरवाही सामने आने पर जिलाधिकारी के निर्देश पर इलाके के जेई को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया जबकि लाइनमैन को बर्खास्त किया गया है, वहीं एसएसपी ने प्रतिमा विसर्जन के दौरान उक्त ट्रैक्टर ट्राली के साथ चलने वाले दो कांस्टेबिलों को भी निलंबित करने का आदेश दिया है।

एंबुलेंस के लिए सीएम योगी ने रुकवाई विजयादशमी शोभायात्रा

कार्यालय प्रतिनिधि

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। विजयादशमी के पावन पर्व पर नाथपंथ के विश्व प्रसिद्ध केंद्र गोरक्षपीठ से निकली पारंपरिक विजयादशमी शोभायात्रा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संवेदनशीलता और त्वरित निर्णय ने मानवता की सेवा का आदर्श प्रस्तुत किया है। उनके निर्णय ने यह संदेश भी दिया कि किसी भी परंपरा से पहले किसी की जिंदगी बचाना सबसे जरूरी है। विजयादशमी शोभायात्रा के दौरान गोरखनाथ मंदिर के मुख्य द्वार से आगे श्रद्धालुओं की अपार भीड़ और सख्त सुरक्षा घेरे के बीच जैसे ही एक एंबुलेंस का सायरन सुनाई दिया, मुख्यमंत्री ने परंपरा और प्रोटोकॉल से ऊपर मानवीय जीवन को प्राथमिकता देते हुए शोभायात्रा को तुरंत रुकवा दिया। उनके निर्देश पर एंबुलेंस को रास्ता दिया गया और उसके बाद शोभायात्रा आगे बढ़ी।मंगलवार शाम गोरखनाथ मंदिर से गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में पारंपरिक विजयदशमी शोभायात्रा आगे बढ़ रही थी। मंदिर के मुख्य द्वार के आगे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी थी। इसी दौरान एक गंभीर मरीज को ले जा रही एंबुलेंस वहां पहुंच गई और भीड़ के कारण फंसने लगी। जैसे ही सीएम योगी के वाहन तक सायरन की आवाज पहुंची, उन्होंने तत्काल अपने सुरक्षाकर्मियों को एंबुलेंस के लिए रास्ता बनाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री का संकेत मिलते ही सुरक्षाकर्मियों ने मुस्तैदी दिखाई और शोभायात्रा की गति को वहीं थाम दिया। मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं और नागरिकों ने भी सीएम की इस पहल को समझते हुए तुरंत सहयोग किया और रास्ता खाली कर दिया। भारी भीड़ और तंग व्यवस्था के बावजूद एंबुलेंस बिना किसी रुकावट के सुरक्षित निकल गई।



❖विजयादशमी शोभायात्रा के दौरान सायरन सुनते ही ठहरे सीएम योगी, मरीज के लिए खाली कराई सड़क

स्वच्छता को लेकर महाप्रबंधक आज रेल यात्रियों से करेंगे संवाद

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। भारतीय रेल पर 2 से 31 अक्टूबर तक स्वच्छता हेतु चलाये जा रहे 'विशेष अभियान 6.0' के अन्तर्गत पूर्वोत्तर



रेलवे मुख्यालय, गोरखपुर एवं तीनों मंडलों पर विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में, महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर 22 अक्टूबर को 11 बजे से गोरखपुर जं. स्टेशन पर रेल यात्रियों से 'जन संवाद' करेंगे, जिसमें रेल यात्रियों से स्वच्छता के बारे में उनके विचार एवं सुझाव आमंत्रित किये जायेंगे। विदित है कि रेलवे परिसरों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने के उद्देश्य से रेलवे परिसरों, कार्यालयों,

❖ आज आयोजित होगा कार्यक्रम

स्टेशनों एवं अन्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण सम्बन्धी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के तीनों मंडलों के स्टेशनों पर यात्रियों एवं आमजन से 'जन संवाद' कर स्वच्छता, कचरे के उचित निस्तारण एवं स्वच्छ रेलवे परिसर के महत्व पर निरन्तर चर्चा की जा रही है। यात्रियों से सुझाव एवं फीडबैक प्राप्त कर सफाई व्यवस्था में सुधार तथा जनभागीदारी को बढ़ावा दिया जा रहा है।

विजयादशमी पर गोरक्षपीठाधीश्वर ने किया गोरक्षनाथ का विशिष्ट पूजन

कार्यालय प्रतिनिधि

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। गोरखनाथ मंदिर में विजयादशमी (दशहरा) के पावन पर्व पर



गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ जी का विशिष्ट पूजन-अनुष्ठान किया। विशेष पारंपरिक परिधान में सीएम योगी ने गोरक्षपीठ की परंपरा का अनुसरण करते हुए मंगलवार सुबह विधि-विधान से महायोगी गोरखनाथ जी की पूजा-आराधना कर चराचर जगत के कल्याण की प्रार्थना की। गोरक्षपीठ में विजयादशमी का विशिष्ट अनुष्ठान दो घंटे से अधिक समय तक चला। विशिष्ट पूजन की शुरुआत गोरखनाथ मंदिर में शक्तिपीठ से हुई, जहां शारदीय नवरात्र प्रतिपदा से ही जगतजननी आदिशक्ति की आराधना के अनुष्ठान चल रहे थे। शक्तिपीठ में वेदी पूजन तथा लोकमंगल की प्रार्थना करने के बाद सीएम योगी मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ व अन्य साधु-संतों के साथ, संस्कृत विद्यापीठ के आचार्यगण व वेदपाठी छात्रों के वैदिक मंत्रोच्चार, शंख, डमरू, घंट, तुरही की गूंज के बीच गुरु गोरखनाथ जी के मुख्य मंदिर के गर्भगृह में पहुंचे। यहां उन्होंने नाथपंथ के विधान से महायोगी गोरखनाथ जी की विशिष्ट पूजा की। विविध पूजन

❖ अखंड ज्योति और मंदिर परिसर के सभी देव विग्रहों की भी सीएम योगी ने की पूजा

सामग्री के साथ शक्तिपीठ की वेदी पर उगाए गए जौ के जवारे चढ़ाए, आरती उतारी और हाथ से चंवर झुलाकर श्रद्धासेवा अर्पित की। गुरु गोरखनाथ जी की विधिवत आराधना करने के बाद मुख्यमंत्री ने मंदिर में अखंड ज्योति, समस्त देव विग्रहों, नाथपंथ के मनीषियों के विग्रहों, अखंड धूना, यज्ञशाला, भीम सरोवर का विशिष्ट पूजन किया। उन्होंने करबद्ध होकर महायोगी गोरखनाथ जी और सभी देव विग्रहों की परिक्रमा भी की।

कलाकारों की प्रस्तुतियों में जीवंत हुआ देशज लोक

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। गोरक्षपीठाधीश्वर की अगुवाई में गोरखनाथ मंदिर से निकली विजयादशमी शोभायात्रा का लोक कलाकारों के दलों ने अपनी प्रस्तुतियों से स्वागत किया। कलाकारों के 10 दलों ने शोभायात्रा मार्ग के अलग अलग स्थानों पर अपनी प्रस्तुतियों से प्रदेश के देशज लोक को जीवंत कर दिया। अयोध्या के वैभव मिश्रा के दल ने गोरखनाथ थाना के पास शंख वादन, अयोध्या की संगीता वर्मा के दल ने थाना के पास बधावा नृत्य, बांदा के कृष्ण पाल ग्रुप ने थाने से 50 मीटर आगे पाई डंडा, गोरखपुर के विंध्याचल आजाद ग्रुप ने ए-वन बुक स्टोर के सामने लोक नृत्य, सोनभद्र के महेंद्र गुरमुरा ग्रुप ने बाटा शोरूम के पास, मथुरा के कृष्ण कांत शर्मा ग्रुप ने स्टाइल बाजार के सामने मयूर नृत्य, गोरखपुर के धर्मवीर यादव ग्रुप ने झूलेलाल मंदिर के सामने फरूवाही नृत्य, प्रयागराज की सीमा त्रिपाठी के ग्रुप ने हर्ष दी जेंटलमैन शॉप के सामने देढ़िया नृत्य, गोरखपुर की मोनी सहनी ग्रुप ने रामलीला मैदान गली में रास नृत्य, गोरखपुर के राकेश कुमार ग्रुप ने रामलीला मैदान के बाहर जनजातीय नृत्य की प्रस्तुति से विजयादशमी शोभायात्रा का अभिनंदन किया।

संतों व श्रद्धालुओं ने लिया गोरक्षपीठाधीश्वर का आशीर्वाद

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। विजयदशमी के पावन पर्व पर मंगलवार दोपहर में गोरखनाथ मंदिर में गोरक्षपीठाधीश्वर का पारंपरिक



तिलकोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर साधु-संतों ने गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को तिलक लगाकर प्रणाम किया। पीठाधीश्वर ने उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। तिलकोत्सव कार्यक्रम में सबसे पहले पीठ से जुड़े योगी, संत, पुजारी, पुरोहित आदि ने मंगलपाठ के बीच गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ को तिलक लगाया। नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार उन्हें दंडवत प्रणाम किया। संतों के बाद बाद गृहस्थ श्रद्धालुओं और जनप्रतिनिधियों ने भी गोरक्षपीठाधीश्वर को प्रणाम कर उनसे आशीष प्राप्त किया। गोरक्षपीठाधीश्वर ने सभी को विजयदशमी की शुभकामना के साथ आशीर्वाद दिया। इस कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों को प्रसाद और प्रसाद स्वरूप ही मंदिर के शक्तिपीठ की वेदी पर उगाए गए जौ के ज्वारे दिए गए।

दिव्य आभा के साथ निकली गोरक्षपीठाधीश्वर की विजयादशमी शोभायात्रा

कार्यालय प्रतिनिधि

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। सत्य, न्याय और धर्म की विजय के महापर्व पर मंगलवार शाम गोरक्षपीठाधीश्वर की पारंपरिक 'विजयादशमी शोभायात्रा' आस्था से उमंगित-तरंगित लहरों पर सवार होकर निकली। दिव्यता व भव्यता से परिपूर्ण इस शोभायात्रा के मार्ग में निरंतर पुष्पवर्षा सामाजिक एकता की सुगंध बिखेर रही थी। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली इस शोभायात्रा का अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने भी जबरदस्त उत्साह से भावपूर्ण स्वागत किया। फूलों से सजे रथ पर पारंपरिक परिधान में शोभायात्रा की अगुवाई कर रहे गोरक्षपीठाधीश्वर का सर्वसमाज के लोगों ने भव्य स्वागत किया। गोरक्षपीठाधीश्वर ने उन्हें आशीर्वाद दिया, उनके मंगलमय जीवन की कामना की और नौ दिन तक चले शारदीय नवरात्र अनुष्ठान का प्रसाद दिया। मंगलवार को गोरक्षनगरी में शिवावतार गुरु गोरखनाथ जी की पूजा से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के राजतिलक तक, विजयादशमी की ऐतिहासिक परंपरा जीवंत हुई। नाथ संप्रदाय की विश्व प्रसिद्ध गोरक्षपीठ के कई अनुष्ठान और परंपराएं अद्भुत हैं। इन्हीं में से एक प्रमुख परंपरा है विजयादशमी की शोभायात्रा। शाम करीब साढ़े चार बजे गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का पूजन कर और उनका आशीर्वाद लेकर सीएम योगी रथ पर सवार हुए। इस दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। नाथपंथ के विशेष वाद्ययंत्र नागफनी, तुरही, नगाड़े,



डमरू दल व बैंड बाजे की धुन और हनुमान दल के बालकों के हैरतंगेज करतब के बीच शोभायात्रा आगे बढ़ी। पूरे रास्ते दोनों किनारे पर श्रद्धा से भाव विभोर लोग गोरक्षपीठाधीश्वर की एक झलक पाने को आतुर नजर आ रहे थे। जैसे ही शोभायात्रा गोरखनाथ मंदिर से आगे बढ़ी, मुस्लिम और बुनकर समाज के लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। उर्दू अकादमी के पूर्व अध्यक्ष चौधरी कैफुलवरा ने गोरक्षपीठाधीश्वर का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। गोरक्षपीठाधीश्वर ने मुस्कुराते हुए उनका अभिवादन स्वीकार किया और उन्हें व उनके समाज के लोगों को गोरखनाथ मंदिर के नवरात्र अनुष्ठान का प्रसाद दिया। अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने इस प्रसाद को माथे से लगाकर गोरक्षपीठाधीश्वर के प्रति कृतज्ञता जताई। चौधरी कैफुलवरा ने बताया कि उनका परिवार पीढ़ियों से गोरक्षपीठाधीश्वर की शोभायात्रा का स्वागत करता है। गोरक्षपीठ मत, मजहब के विभेद से परे सभी को मानव मात्र के नजरिये से देखता है। चौधरी परिवार के बाद बुनकर वेलफेयर सोसायटी के बैनर तले उत्तर प्रदेश हज कमेटी के सदस्य जुनैद अहमद अंसारी और अजीजुल हई समेत दर्जनों बुनकरों ने भी मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान रास्ते के दोनों तरफ बने मकानों पर कई मुस्लिम महिलाएं व बच्चे अपने मोबाइल फोन में सीएम योगी की तस्वीर खींचते रहे। अल्पसंख्यक समाज के लोगों का अभिवादन स्वीकार करने के बाद गोरक्षपीठाधीश्वर का रथ आगे बढ़ा तो श्री झूलेलाल मंदिर के समीप बड़ी संख्या में मौजूद सिंधी समाज के लोगों ने फूल बरसाकर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। मानसरोवर मंदिर तक पूरे रास्ते में शोभायात्रा के स्वागत का सिलसिला ऐसे ही चलता रहा। गोरक्षपीठाधीश्वर के स्वागत को लेकर लोगों की उत्सुकता व उत्साह देखते ही बनता था।

रेल सम्पत्ति की सुरक्षा और अवैध सामानों की धरपकड़ जारी

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर-पकड़, यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है। रेलवे सुरक्षा बल छपरा को गाड़ी संख्या 15136 में 12 वर्ष का एक लड़का लावारिस हालत में मिला। पूछताछ के उपरान्त लड़के को चाइल्ड लाइन छपरा को सुपुर्द किया गया। रेलवे सुरक्षा बल देवरिया सदर को गाड़ी संख्या-11047 में 5 वर्ष की एक लड़की लावारिस हालत में मिली। पूछताछ के उपरान्त लड़की को चाइल्ड लाइन देवरिया सदर को सुपुर्द किया गया। रेलवे सुरक्षा बल मनकापुर को गाड़ी संख्या-14674 में 5 एवं 7 वर्ष के दो लड़के लावारिस हालत में मिले, जिनकी माता गोंडा रेलवे स्टेशन पर पानी लेने के लिए गाड़ी से चउतरी और चढ़ नहीं पायी। उक्त दोनों बच्चों को उनकी माता को सुपुर्द किया गया। रेलवे सुरक्षा बल मऊ द्वारा गाड़ी संख्या-14005 की महिला यात्री को प्रसव पीड़ा होने पर चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। रेलवे सुरक्षा बल आजमगढ़ को यात्री प्रतीक्षालय में 10 वर्ष का एक लड़का लावारिस हालत में मिला। पूछताछ के उपरान्त उक्त लड़के को चाइल्ड लाइन आजमगढ़ को सुपुर्द किया गया।

भाजपा शिक्षक विरोधी, सपा हितैषी- प्रो. चितरंजन मिश्र

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. संजयन त्रिपाठी के समर्थन में शिक्षाविदों ने शिक्षक मतदाताओं से एकजुट होकर मतदान करने की अपील की है। गोरखपुर विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रोफेसर चितरंजन मिश्र ने बुधवार को गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए शिक्षकों के सम्मान, सेवा सुरक्षा और पेंशन से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा से जुड़े सभी शिक्षक मतदाता बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लें और शिक्षक हितों की रक्षा के लिए संजयन त्रिपाठी का समर्थन करें। समाजवादी पार्टी की सरकारों में शिक्षकों के हित में महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष किए जाने से लेकर उनकी समस्याओं के समाधान तक, सपा सरकारों ने शिक्षक हितों को प्राथमिकता दी। इसके विपरीत उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा



सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शिक्षकों की सेवा समाप्ति की बात करते हैं और सरकार शिक्षकों को ग्रेच्युटी का लाभ देने के पक्ष में नहीं है। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को लेकर वह शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री से मिले थे, लेकिन उनकी मांग स्वीकार नहीं की गई। प्रो. मिश्र ने दावा किया कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में ही एक दर्जन से अधिक शिक्षक प्रबंधकों के उत्पीड़न के कारण अपनी नौकरी गंवा चुके हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए जरूरी है कि शिक्षक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल सोच-समझकर करें। समाजवादी पार्टी ने हमेशा शिक्षकों के स्वाभिमान, मर्यादा और गरिमा को बनाए रखने का प्रयास किया है। प्रो. मिश्र ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर उत्तर प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाएगी। साथ ही, उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों का सम्मान करते हुए सभी पात्र शिक्षकों को ग्रेच्युटी का लाभ दिलाने का भरोसा जताया। इसी क्रम में गोरखपुर विश्वविद्यालय संबद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ के पूर्व महामंत्री डॉ. धीरेंद्र सिंह ने भी सपा प्रत्याशी संजयन त्रिपाठी के समर्थन में प्रेस वार्ता कर शिक्षक मतदाताओं से मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन का दौर है और इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को हराने के लिए शिक्षकों को एकजुट होकर मतदान करना चाहिए।

नवनिर्मित दुर्गा मंदिर में मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। क्षेत्र के बैदौली बाबू गांव में नवनिर्मित दुर्गा मंदिर में मां जगदम्बा की प्रतिमा के शुरू हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर बुधवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाली। गांव में स्थित बड़का पोखरे से 108 कलशधारी महिला श्रद्धालु गोगहरा नाले पर पहुंचीं और कलश में जल भरकर मंदिर को लौट गयीं। बांसगांव प्रतिनिधि के अनुसार पिछले अप्रैल माह बगल के गांव पकड़ी दामोदर में ट्रैक्टर से खेत की जुताई के दौरान मां दुर्गा की धातु से बनी एक मूर्ति प्रकट हुई थी। इस मूर्ति की स्थापना के लिए बैदौली बाबू गांव के निवासी तथा प्रधान प्रतिनिधि विकास सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों के सहयोग से उक्त मूर्ति की स्थापना के लिए एक मंदिर भवन के निर्माण की 15 अप्रैल को आधार शिला रखी गयी थी। ग्रामीणों के सक्रिय सहयोग से मंदिर भवन का निर्माण मात्र छः माह में पूरा कर लिया गया। नवनिर्मित भवन में माता की खेत से मिली मूर्ति की स्थापना कर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम तय किया गया।



विकास सिंह ने बताया कि आज से शुरू हुए इस धार्मिक कार्यक्रम में आचार्यों द्वार वैदिक विधि विधान से अनुष्ठान के साथ 23 अक्टूबर को मां जगदम्बा की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में हिन्दूवादी नेता मृत्युंजय सिंह, मुंशी पटवा, संतोष सिंह, कालू सिंह, अजीत सिंह, निलेश सिंह, भोलू सिंह, मन्नार सिंह, अतुल सिंह, राम जी यादव, मनोज कुमार कन्नौजिया, राज्यपाल सिंह, अनिल सैनी आदि का सहयोग सराहनीय रहा। इस कार्यक्रम को शान्ति और सुरक्षा के बीच सम्पन्न कराने के लिए थानाध्यक्ष विशाल कुमार सिंह पुलिस बल के साथ सक्रिय रहे।

संवेदनशील व्यवहार के साथ करें हर पीड़ित की सहायता-योगी

कार्यालय प्रतिनिधि

गोरखपुर, 21 अक्टूबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन किया। लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सबकी समस्या का समाधान करते हुए जन कल्याण और नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाना सरकार का संकल्प है। सरकार के इस संकल्प के अनुरूप हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार करते हुए समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक कर सबकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए संकल्पित है। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। यदि जमीन जायदाद से जुड़ा विवाद पारिवारिक



❖ जनत दर्शन में 200 लोगों की समस्याएं सुनीं मुख्यमंत्री ने, समाधान कराने का दिया भरोसा

हो तो संबंधित पक्षों को बैठाकर आपसी संवाद से निस्तारण कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को मुख्यमंत्री ने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। जो लोग किन्हीं कारणों से सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित हैं, उन्हें इसका लाभ दिलाया जाए।मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कुछ लोग उपचार के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार उपचार के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि उपचार से जुड़ी एस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही उन्होंने इलाज में सहायता के लिए आए लोगों से आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। न होने की दशा में उन्होंने हर जरूरतमंद का आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों के साथ आई थीं। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों को खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया और चॉकलेट देते हुए प्यार व आशीर्वाद दिया।

ग्रीनलैंड फाउंडेशन के भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। विजयादशमी के पावन पर्व पर ग्रीनलैंड फाउंडेशन की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मेडिकल रोड स्थित मोगलहा पेट्रोल



पंप के बगल में ग्रीनलैंड परिसर में आयोजित इस भंडारे का शुभारंभ गोरखपुर के सदर सांसद रवि किशन, केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान एवं पूर्व मंत्री जयप्रकाश निषाद ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डा डीके गुप्ता डा सुधीर कुमार गुप्ता डा विजय रंजन ने अतिथियों को अंग वस्त्र भेट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के शुभारंभ के बाद अतिथियों ने डॉ. डी.के. गुप्ता के साथ श्रद्धालुओं एवं उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरित किया। इस दौरान जनसेवा, सामाजिक समरसता और

❖ केन्द्रीय मंत्री, कमलेश पासवान, सांसद रवि किशन और पूर्व मंत्री जय प्रकाश निषाद ने दीप प्रज्जवलित कर किया उद्घाटन

जरूरतमंदों की सेवा का संदेश दिया गया। भंडारे में अपने परिवार के साथ स्वयं सेवा कार्य में जुटे डॉ. डी.के. गुप्ता ने कहा कि जनसेवा की प्रेरणा उन्हें अपने पिता जी से मिली है। उन्होंने कहा कि आज उनकी माता जी भी उनके साथ मौजूद हैं और उनका स्नेह, आशीर्वाद एवं सहयोग परिवार की सबसे बड़ी ताकत है।

संदिग्ध परिस्थितियों में 14 वर्षीय बालिका की मौत

धानीबाजार (महराजगंज)। बृजमनगंज थाना क्षेत्र के ग्रामसभा कानापार के धानी बाजार में बुधवार दोपहर एक 14 वर्षीय बालिका की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बालिका घर के एक कमरे में अचेत अवस्था में मिली थी। परिजन आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, धानी बाजार निवासी दुर्गेश अग्रहरि की 14 वर्षीय पुत्री स्नेहा बुधवार को दोपहर करीब एक बजे घर के एक कमरे में अचेत अवस्था में पड़ी मिली। बालिका को इस हालत में देखकर परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। परिजनो ने तत्काल उसे लेकर सीएचसी धानी पहुंचे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। इस संबंध में थानाध्यक्ष बृजमनगंज मदन मोहन मिश्र ने बताया कि बालिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

सोहगौरा स्थित नदी के पुल के नीचे अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

कौड़ीराम (गोरखपुर)। सोहगौरा स्थित नदी के पुल के नीचे अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका पता पीएम रिपोर्ट और जांच के बाद ही चल सकेगा।

रावण का पुतला गिरते ही इधर-उधर फूटने लगे बम,मेले में मची अफरा-तफरी

नौतनवां (महराजगंज)। (आज) कस्बे में मंगलवार को रावण दहन के दौरान पुतला गिरने से अचानक अफरा-तफरी मच गई। पुतले में लगे बम इधर-उधर छिटककर फूटने लगे, जिससे मेले में मौजूद लोगों में भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। इस दौरान कुछ महिलाएं और बच्चियां भी गिर गईं, जिनके ऊपर से भीड़ गुजर गई। हालांकि, उन्हें मामूली चोटें आने की बात सामने आई है। वहीं, 13 वर्षीय एक बालक झुलसकर घायल हो गया। प्रशासन की सूझबूझ से किसी बड़ी घटना होने से रही। घायल बालक के नाना सुभाष मौर्य निवासी राजेंद्र नगर ने बताया कि उनकी बेटी की शादी सोहरहर में हुई है। शिवम पुत्र अवधेश मौर्य लगभग 13 वर्ष का है,जो ननिहाल में रहकर पढ़ाई करता है। मंगलवार को वह अपने मामा के साथ मेला देखने गया था। इसी दौरान रावण दहन के समय जलता हुआ पुतला अचानक गिर गया और



उसमें लगे बम इधर-उधर छिटककर फूटने लगे। नाना के मुताबिक, इसी दौरान चिंगारी जैसी कोई चीज शिवम की आंख की पलक पर लगी। नीचे गिरते समय उसका बायां हाथ और दाईं ओर सीना भी झुलस गया। घटना के बाद बालक के मामा महेश उसे तत्काल कस्बे के एक निजी अस्पताल

◆हादसे में 13 वर्षीय शिवम झुलसा, महिलाओं और बच्चियों को भी आई मामूली चोटें◆रामलीला कमेटी पर लापरवाही का आरोप लगाते मामा का वीडियो वायरल

में ले गए, जहां उसका उपचार कराया गया। इधर शिवम के मामा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में वह रामलीला कमेटी पर लापरवाही का आरोप लगाते नजर आ रहे हैं। घटना ने मेले में सुरक्षा इंतजामों को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

बच्चों के विवाद में मनबढ़ों ने महिला को पीटा केस दर्ज

सहजनवा (गोरखपुर)। गीडा थाना क्षेत्र के भरसाड निवासी आयसुन निशा पत्नी रुआब अली के बच्चे से पड़ोस के बच्चे से चार दिन पूर्व विवाद हो गया था।समझाने के बाद मामला शांत हो गया। फिर उसी दिन विपक्षी महिला गाली गलौज करने लगी। पीड़िता ने विरोध किया तो विपक्षी उसे मारपीट कर घायल कर दिए। पीड़िता को तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कपिल, संदीप, कपिल की पत्नी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

दशहरा पर चकिया में भव्य कुश्ती दंगल का आयोजन

सहजनवां (गोरखपुर)। हजनवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत चकिया ग्राम सभा में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दशहरा के पावन अवसर पर भव्य कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में कुल 100 जोड़ी पहलवानों ने अपनी ताकत और दांव-पेंच का प्रदर्शन किया। दंगल का मुख्य आकर्षण पवन यादव चकिया और मनीष पहलवान पक्की बाग की जोड़ी रही। दोनों के बीच 1,25,000 रुपये की इनामी कुश्ती हुई, जो पूरे दंगल की सबसे बड़ी कुश्ती रही। इसमें पवन पहलवान चकिया ने पॉइंट के आधार पर जीत हासिल कर दर्शकों का दिल जीत लिया। इस दंगल का आयोजन हर वर्ष की तरह इस वर्ष



◆100 जोड़ी पहलवानों ने दिखाया दमखम

भी भोला पहलवान एवं उनके सहयोगियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक यशपाल रावत, गिरीश यादव, धर्मदेव मिश्रा, शाहिद बाबू, रहबर, राष्ट्रीय पहलवान पन्ने लाल यादव, पंकज यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पंकज यादव ने पहलवानों को संबोधित करते हुए कहा कि सहजनवां क्षेत्र में पहलवानों की कमी नहीं है, उन्हें केवल प्रोत्साहन और सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है।

दंगल में आजमगढ़ के पहलवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आजमगढ़ से आए लगभग 20 पहलवानों ने अपने दांव का लोहा मनवाया। अधिकांश कुश्तियां बराबरी पर छूटीं, वहीं भीटी रावत के रोहित यादव ने शानदार कौशल दिखाते हुए दो कुश्तियां जीतकर क्षेत्र का मान बढ़ाया।

असत्य पर सत्य के जीत का प्रतीक है विजयदशमी

नौतनवां (महराजगंज)। (आज) कस्बे के रामलीला मैदान में बने रावण को मंगलवार को शुभ मुहूर्त में दहन कर दिया गया। इस दौरान रामलीला मैदान में लगे मेले में आसपास के क्षेत्रो और नेपाल से भरी तादाद में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

जय श्रीराम के नारों से पूरा नगर गुज उठा,देर शाम रावण के जलने के बाद मेले का समापन हो गया। कस्बे के रामलीला मैदान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विजयदशमी के मौके पर मेले का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के क्षेत्र से लोगों का भारी हुजूम उमर



पड़ा,रामलीला मैदान में अयोध्या धाम से आये बाल कलाकारो द्वारा भगवान राम,रावण और इनकी सेनाओं में आश्चर्यजनक युद्ध हुआ। जिसे देख भक्त जय श्री राम का नारा लगाने लगे,जिससे पूरा नगर भक्तिमय हो गया। शुभ मुहूर्त में रावण के पुतले का दहन किया गया। भरत मिलाप के बाद रामलीला का समापन हो गया है। मेले के दौरान एक छत से दो जिम्मेदार अधिकारियों के कुर्सी पर बैठकर दर्शकों की तरह मेला देखने की बात चर्चा का विषय बन गया है,चर्चा है कि जिन जिम्मेदारों को मेंले की व्यवस्था और उसकी की जिम्मेदारी संभालनी चाहिए थी वह दर्शकों की तरह बैठकर मेले का आनंद ले रहे थे। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे,एसडीएम कुणाल, तहसीलदार कर्ण सिंह,सीओ बसंत सिंह,थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह अपने दल बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे।

विसर्जन स्थलों पर चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर

गोलाबाजार (गोरखपुर)। विजया दशमी पर दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। विसर्जन स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। प्रत्येक प्रतिमा के साथ पुलिसकर्मी भी तैनात रहेंगे। जो प्रतिमा के साथ विसर्जन स्थल तक जाएंगे।

त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस सतर्क है। थाना प्रभारी चंद्र प्रकाश पांडेय ने बताया कि डीजे संचालकों को शासनादेश और माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप ही



डीजे बजाने की सख्त हिदायत दी गई है। दूसरे जनपदों से आने वाले डीजे की सीमावर्ती क्षेत्रों में जांच की जाएगी। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित डीजे संचालकों के खिलाफ चालान समेत नियमानुसार

◆हुड़दंगियों पर भी होगी सख्त कार्रवाई◆प्रत्येक प्रतिमा के साथ तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी◆नियम तोड़ने वाले डीजे संचालकों का होगा चालान-सीपी पांडेय

कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि बीती रात मेले के दौरान कुछ लोगों ने हुड़दंग मचाकर अव्यवस्था फैलाने का प्रयास किया था। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए करीब सात हुड़दंगियों का शांति भंग की आशंका में चालान किया है। इसके अलावा, मेले के दौरान अराजकता फैलाने और माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वाले अन्य लोगों को भी चिह्नित किया जा रहा है। ऐसे लोगों के खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। सभी लोग आपसी भाई चारे, सौहार्द और शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएं। किसी भी व्यक्ति द्वारा नियमों का उल्लंघन करने, माहौल बिगाड़ने या शांति व्यवस्था प्रभावित करने का प्रयास करने पर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने और विजया दशमी का पर्व आपसी प्रेम, सद्भाव एवं उल्लास के साथ मनाने की अपील किया।

भीटी रावत में वर्षों से संचालित कलाम पटाखा दुकान,सुरक्षा मानकों पर खरी

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवां क्षेत्र के भीटी रावत चौराहे पर स्थित कलाम पटाखा दुकान वर्षों से पटाखों के कारोबार से जुड़ी हुई है। त्योहारों के सीजन में पटाखों की बिक्री बढ़ जाती है, ऐसे में सुरक्षा मानकों और सरकारी गाइडलाइन का पालन बेहद जरूरी हो जाता है। दुकान संचालक के अनुसार सभी मानकों को पूरा करने के बाद ही प्रशासन द्वारा पटाखा बिक्री की अनुमति दी जाती है। पटाखों का कारोबार ऐसा है जिसमें थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, इसे देखते हुए दुकान पर अग्निशमन उपकरणों की उप लब्धता,



सुरक्षित भंडारण, निर्धारित क्षमता के अनुरूप स्टॉक और अन्य आवश्यक सुरक्षा नियमों का विशेष ध्यान रखा गया है। सुरक्षा और नियमों के पालन को लेकर दुकान संचालक द्वारा दावा किया गया है कि कारोबार पूरी तरह सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित किया जा रहा है।

हालांकि सभी मानकों के पालन की आधिकारिक पुष्टि संबंधित विभाग के निरीक्षण के बाद ही की जा सकती है। पटाखा कारोबार में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना दुकानदारों के साथ-साथ ग्राहकों के हित में भी जरूरी है। प्रशासनिक निर्देशों का पालन और समय-समय पर सुरक्षा जांच इस कारोबार को सुरक्षित बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

समय माता मंदिर पर विधि-विधान से हवन-पूजन

सहजनवां (गोरखपुर)। नगर पंचायत सहजनवां के बेलहर-गहसाड़ स्थित समय माता मंदिर पर शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर विधि-विधान के साथ हवन पूजन संपन्न हुआ। पूजन-अर्चन शास्त्री शिवम त्रिपाठी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कराया गया। रात्रि में आयोजित हवन में भक्तों ने हवन



कुंड में आहुति देकर मां दुर्गा से क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। हवन के बाद प्रसाद वितरण किया गया और पूरा परिसर मां के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर कैलाश नाथ त्रिपाठी, रुदल दास, धनई यादव, ओरी साहनी, कृपाल, हनुमान यादव, रिंकू तिवारी, जग्गू दास, आनंद, जितेंद्र साहनी, टील्ली, अविनाश सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

दो बाइकों की टक्कर में चार घायल

कौड़ीराम (गोरखपुर)। गगहा थाना क्षेत्र के कौड़ीराम - गोला मार्ग पर घीपोखर के पास मंगलवार रात करीब आठ बजे ई-रिक्शा और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार तीन युवक और ई-रिक्शा चालक घायल हो गए। बांसगांव थाना क्षेत्र के टेंगरी गांव निवासी आकर्ष राय 16 पुत्र स्व. विपिन राय और आशीष कुमार 32 अपने दोस्त के साथ दुर्गा पूजा का मेला देखकर लौट रहे थे। गंभीर रूप से घायल आकर्ष और आशीष को पीएचसी कौड़ीराम से जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां चिकित्सकों ने आकर्ष राय को मृत घोषित कर दिया।

डाड़ी में स्वास्थ्य विभाग का कैंप,150 लोगों को लगा एंटी-रेबीज टीका

गोलाबाजार (गोरखपुर)। गोला तहसील क्षेत्र के ब्लॉक गोला अंतर्गत ग्राम सभा डाड़ी में रेबीज की शिकार गाय के दूध के सेवन व रेबीज की आशंका के बीच बुधवार सुबह 10 बजे से स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीका करण कैंप लगाया गया। दैनिक भास्कर में मंगलवार को प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद सीएचसी गोला की टीम गांव पहुंची और प्रभावित लोगों को एंटी-रेबीज वैक्सीन लगाने का अभियान शुरू किया। बुधवार सुबह 11 बजे तक 150 लोगों को टीका लगाया जा चुका था। लोगों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सीएचसी गोला से 250 लोगों के टीकाकरण के लिए 50 वायल वैक्सीन भेजी गई। कैंप शुरू होने



के बाद से ही बड़ी संख्या में ग्रामीण टीका लगवाने के लिए पहुंचने लगे। गांव में रेबीज की आशंका से जुड़ा मामला सामने आने के बाद लोगों में भय का माहौल है। स्वास्थ्य विभाग की टीम संबंधित लोगों को टीका लगाकर बचाव के उपाय कर रही है। फार्मासिस्ट सिद्धार्थ सिंह के नेतृत्व में पहुंची टीम टीका करण अभियान के लिए फार्मा सिस्ट सिद्धार्थ सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम डाड़ी पहुंची। टीम में सीएचओ राजेश यादव,फार्मा सिस्ट अंकिता, प्रियंका,अरशद शामिल रहे। टीम की ओर से कैंप में लोगों को एंटी-रेबीज वैक्सीन लगाई गई। चरणा मृत

◆स्वास्थ्य विभाग द्वारा 250 और लोगों के टीकाकरण के लिए भेजी गई वैक्सीन

में इस्तेमाल हुआ था गाय का दूध गौरत लब है कि डाड़ी चौराहे पर दुर्गा पूजा के दौरान चरणामृत बनाने में इस्तेमाल किए गए दूध को लेकर मंगलवार को दैनिक भास्कर ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। बताया गया था कि जिस गाय का दूध पूजा में इस्तेमाल हुआ, उसकी तबीयत बिगड़ने पर पशु चिकित्सकों ने लक्षणों के आधार पर रेबीज की आशंका जताई थी। गाय का दूध कुछ चाय की दुकानों तक पहुंचने की जानकारी भी सामने आई थी। इसके बाद संबंधित लोगों में संक्रमण की आशंका को लेकर चिंता बढ़ गई। मामले की जानकारी मिलने पर स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को करीब 50 लोगों को टीका लगाया था। बुधवार को गांव में कैंप लगाकर टीका करण का दायरा बढ़ाया गया। अधिक लोगों के पहुंचने पर अतिरिक्त वैक्सीन भी मंगाई गई, ताकि संबंधित लोगों को समय पर बचाव का टीका लगाया जा सके।

धू-धू कर जला रावण का पुतला,हर्षोल्लास मना दशहरा मेला

बड़हलगंज (गोरखपुर)। असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक विजयादशमी का पर्व मंगलवार को बड़हलगंज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राम लीला मैदान में अहंकार, अनाचार, अत्याचार और अन्याय के प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण दहन के दौरान पूरा मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इस आयोजन को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

रामलीला कमेटी की ओर से पिछले कई दिनों से चल रही रामलीला के अंतिम चरण में मंगलवार को राम-रावण युद्ध का सजीव मंचन किया गया। धर्मयुद्ध में भगवान श्रीराम की विजय के बाद रावण के पुतले का दहन किया गया। इससे पहले रंग-बिरंगी झालरों से सजे रामलीला मैदान में



भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। मेले में बच्चों, महिलाओं और युवाओं की भीड़ रही। लोगों ने मेले का आनंद लेते हुए विजयादशमी का पर्व मनाया।मेले को देखते हुए नगर पं. प्रशासन की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कोतवाली प्रभारी अतुल कुमार श्रीवास्तव पुलिस टीम के साथ मुस्तैद रहे।इस दौरान विधायक राजेश त्रिपाठी,पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी, भाजपा नेता महेशउमर, माया

◆राम-रावण युद्ध का मंचन देखने उमड़ी भारी भीड़, सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रही पुलिस

शंकर शुक्ल, राम लीला कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता एडवोकेट, श्रीकांत, सभासद दीपक शर्मा, संजय, अमूल्य चंद, सूरज, सुनील यादव, बबलू राय, श्रीनिवास सोनी, श्रीभागवत यादव, राजू गुप्ता, प्रभुनाथ सोनी, प्रदीप दूबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

शिक्षक संकुल बैठक में नवाचार,गुणवत्ता और सहभागिता पर मंथन

गोलाबाजार (गोरखपुर)। गोला तहसील क्षेत्र अंतर्गत संकुल समयथान भीटी के कम्पोजिट विद्यालय चौकड़ी में बुधवार को शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन उत्साहपूर्ण एवं रचनात्मक वातावरण में किया गया। बैठक में संकुल के सभी विद्यालयों से उपस्थित अध्यापकों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए विद्यालयी शिक्षा को और अधिक प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं परिणामपरक बनाने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक में उत्कृष्ट शैक्षिक प्रयास एवं सफलता की कहानियों को साझा करते हुए विद्यार्थियों में उच्च स्तरीय चिंतन कौशल, समस्या समाधान, पीयर लर्निंग एवं ग्रुप लर्निंग को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही रीडिंग कॉर्नर, कैच-अप रणनीति,



डिजिटल संसाधनों के माध्यम से शिक्षा तथा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए समावेशी प्रयासों पर चर्चा हुई। यूडायस पोर्टल पर विद्यालय, विद्यार्थी एवं शिक्षक प्रोफाइल को अद्यतन एवं प्रमाणिक बनाए रखने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। स्पेशल कैंपिजन 6.0 के अंतर्गत स्वच्छता, ई-वेस्ट के सुरक्षित हस्तांतरण तथा विद्यालय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों के आयोजन पर भी चर्चा हुई। बैठक के अंतिम सत्र में प्रश्नोत्तरी, शैक्षिक गतिविधियों की समीक्षा, निपुण

◆चौकड़ी में गूंजा बेहतर शिक्षा का संकल्प

विद्यालय बनाने की दिशा में सामूहिक संकल्प लिया गया। बैठक ने शिक्षकों में नई ऊर्जा, साझा सीख और बेहतर शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत किया।

दशहरा मेले में दुकानदार पर हमला

सहजनवां (गोरखपुर)। दशहरा मेले के दौरान दुकान में तोड़फोड़, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित दुकानदार रवीन्द्र गुप्ता निवासी चौरीचौरा पिपरा ने सहजनवां थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के अनुसार घटना 20 अक्टूबर 2026 की

◆ तोड़फोड़ कर सामान सड़क पर फेंका, असलहा दिखाकर दी धमकी

रात करीब 10:30 बजे की है। आरोप है कि दशहरा मेले में भीड़ के दौरान काले रंग की थार गाड़ी संख्या बक3 स्नक5744 से छह लोग उनकी दुकान पर पहुंचे, जिनमें दो नामजद सहित अन्य अज्ञात लोग शामिल थे। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने दुकान पर पहुंचकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दुकान में तोड़फोड़ कर मिठाई और फल सहित अन्य सामान सड़क पर फेंक दिया, जिससे काफी आर्थिक नुकसान हुआ। विरोध करने पर अवैध असलहा और चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और मारपीट की। डर के कारण पीड़ित को मौके से भागना पड़ा। वहीं इस संबंध में थानाध्यक्ष संजय कुमार मिश्र ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है, जांच कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

सहजनवां (गोरखपुर)। गीडा थाना क्षेत्र के कोडरी कला निवासी एक 34 वर्षीय युवक जिगिना ओवरब्रिक के पास सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका इलाज के दौरान मेडिकल कालेज में मौत हो गई। परिजन से मर्चरी हाउस जाकर शव की पहचान किया। मिली जानकारी से गीडा थाना क्षेत्र के कोडरी कला निवासी मदन पुत्र मिठाई 34 वर्ष को 16 अक्टूबर को सहजनवा थाना क्षेत्र के जिगिना ओवरब्रिज के पास अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। जिसमें गम्भीर रूप से घायल हो गये थे। पुलिस ने इलाज के लिये मेडिकल कालेज में भर्ती किया था। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। शव का शिनाख्त न होने से उसे मर्चरी में रखा गया था। परिजन मर्चरी हाउस जाकर शव की पहचान किए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मृतक के पत्नी संध्या देवी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

नवरात्र पर ब्रह्माकुमारीज की ओर से त्रिदिवसीय चैतन्य देवियों की झांकी

सहजनवां (गोरखपुर)। नवरात्र महापर्व के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, सहजनवां के सौजन्य से त्रिदिवसीय चैतन्य देवियों की भव्य झांकी का आयोजन किया जा रहा है।

18 से 20 अक्टूबर 2026 तक चलने वाले इस आध्यात्मिक कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक प्रदीप शुक्ला ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम घघसरा मोड़ चौराहा स्थित क्रय-विक्रय केंद्र के पास आयोजित हो रहा है। इस अवसर पर विधायक प्रदीप शुक्ला ने कहा कि आध्यात्मिक कार्यक्रम हमारी संस्कृति संस्कारों को मजबूत करने के साथ समाज में शांति,



सद्भाव,सकारात्मकता का संदेश देते हैं। ऐसे आयोजनों से लोगों को आत्मचिंतन और जीवन में अच्छे विचार अपनाने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र प्रभारी बीके पुष्पा दीदी तथा शाहपुर सेवा केंद्र प्रभारी बीके बेला दीदी के नेतृत्व में हुआ। बीके पारुल दीदी,बीके मनोज दीदी और सहजनवां सेवा केंद्र प्रभारी बीके जागृति दीदी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को आगे

◆विधायक प्रदीप शुक्ला ने किया उद्घाटन, कहा-आध्यात्मिकता से जीवन में आती है शांति

बढ़ाया। चैतन्य देवियों की झांकी के माध्यम से नवरात्र के आध्यात्मिक महत्व को दर्शाते हुए लोगों को आंतरिक शांति, सकारात्मकता और नैतिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि वर्तमान समय में बढ़ते तनाव और अशांति के बीच आध्यात्मिकता ही जीवन को संतुलित और सुखमय बनाने का मार्ग दिखाती है।

इस अवसर पर गोरखपुर से आए डॉ. जयश्री विमल, डॉ. घनश्याम, बीके रामभजन, सोम नाथ, बटाई भाई, धर्मेश सिंह, बांगड़िया भाई सहित सहजनवां के व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक पुरुषोत्तम दास, चंदन सिंह, अनुपम भाई, शत्रुघ्न भाई, नारायण भाई, आलोक भाई सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

शादी का झांसा देकर जेवर और नकदी लेने का आरोप

नौतनवा/महराजगंज (आज)। नौतनवा थाना क्षेत्र के मुडिला गांव निवासी एक महिला ने गांव के ही एक युवक पर शादी का झांसा देकर जेवर और नकदी लेने तथा विरोध करने पर मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी गई तहरीर में महिला ने बताया है कि उसकी गाँव के एक युवक से करीब दस वर्षों से बातचीत होती थी। वर्ष 2021 में उसकी शादी होने के बाद भी युवक से संपर्क बना रहा। आरोप है कि इसकी जानकारी पति को होने पर विवाद हुआ, जिसके बाद

◆ पीड़िता ने थाने में दी तहरीर◆दूसरी शादी की बात पर विरोध करने पर धमकाने का भी आरोप, पुलिस से कार्रवाई की मांग

पति ने उसे मायके भेज दिया। पीड़िता के मुताबिक, मायके आने के बाद युवक ने उससे शादी करने और उसके बच्चे के साथ कहीं दूर जाकर रहने का भरोसा दिया। आरोप है कि इसी भरोसे में उसने युवक को मंगलसूत्र, लॉकेट, झुमकी और मांग टीका सहित कई जेवर दिए। इसके अलावा अलग-अलग समय पर करीब एक लाख 60 हजार रुपये भी दिए जाने का दावा किया गया है।तहरीर के अनुसार, कुछ समय पहले युवक ने दूसरी लड़की से शादी करने की बात कही। इस पर महिला ने अपने भविष्य को लेकर सवाल किया तो युवक ने कथित तौर पर शादी करने से इनकार कर दिया। महिला का आरोप है कि विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई, जातिसूचक शब्द कहे गए और उसे तथा उसके बच्चे को जान से मारने की धमकी दी गई। थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया की शायरी मिली है जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

धूमधाम से हुआ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

हरपुर-बुदहट गोरखपुर सहजनवां ब्लाक के दक्षिणांचल में बुधवार को क्षेत्र में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं का धूमधाम के साथ आमी नदी के कुआवल पुल, खुदवा नाला सहित अन्य घाटों पर विसर्जन किया गया। इस दौरान पूरा क्षेत्र मां दुर्गा के जयकारों से गूंज उठा। डीजे की धुन, भांगड़ा और ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूमते-नाचते श्रद्धालु प्रतिमाओं के साथ विसर्जन स्थल तक पहुंचे। जुलूस में युवाओं का उत्साह देखते



ही बन रहा था। श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी और अगले वर्ष फिर से आने की कामना की। बुधवार को प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार पाठक पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। पुलिस प्रशासन की सतर्कता के बीच विसर्जन कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

पुलिस स्मृति दिवस पर वीर जवानों को अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि

अपराध संवाददाता

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। पुलिस स्मृति दिवस के मौके पर बुधवार को पुलिस लाइन स्थित पुलिस स्मृति स्थल पर विभाग के अधिकारियों ने कार्य के दौरान शहीद हुए पुलिसकर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि दिया। एडीजी जोन राम कुमार, डीआईजी रेंज एस. चनप्पा, एसएसपी डॉ. कौस्तुभ, एसपी सिटी निमिष पाटिल, एसपी उत्तरी राजेश धुनावता, एसपी दक्षिणी दिनेश कुमार पुरी, एसपी पुलिस रेडियो गोरखपुर-वाराणसी जोन राम निवास सिंह यादव, एसपी रेलवे लक्ष्मी निवास मिश्र, एसपी एसएसएफ द्वितीय वाहिनी रवि, एसपी ट्रैफिक अमित श्रीवास्तव, सहायक पुलिस अधीक्षक एवं सीओ कैंट अरुण कुमार एस. समेत जनपद के विभिन्न सर्किलों के क्षेत्राधिकारी और अन्य पुलिस अधिकारियों ने स्मृति स्थल पर पुष्प अर्पित कर उनके अदम्य साहस, शौर्य और कर्तव्यनिष्ठा को नमन किया। ज्ञातव्य है कि पुलिस स्मृति दिवस का इतिहास २१ अक्टूबर १९५९ की उस घटना से जुड़ा है, जब लद्दाख के दुर्गम क्षेत्र में देश की सीमा की सुरक्षा में तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने चीनी सैनिकों के हमले का बहादुरी से मुकाबला किया था। इस संघर्ष में दस भारतीय पुलिसकर्मियों ने सर्वोच्च बलिदान दिया था। उन्हीं वीर जवानों की स्मृति में प्रत्येक वर्ष २१ अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। यह दिन पुलिस बल के उन सभी साथियों को याद करने का अवसर है, जिन्होंने कर्तव्य को सर्वोपरि रखते हुए अपनी जान की परवाह किए बिना मोर्चा संभाला और देश तथा समाज की सुरक्षा के लिए प्राण न्योछावर कर दिए।

रेलवे में जारी है स्वच्छता अभियान

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। रेल यात्रियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेलवे स्टेशनों, कार्यालयों एवं आवासीय कॉलोनियों में पानी की टंकियों, वाटर कूलर, टैप, फिल्टर, वितरण बिंदुओं तथा पाइप लाइनों की निरन्तर निगरानी एवं रखरखाव के कार्य को प्राथमिकता दी गई है। रेलवे के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षकों, स्वास्थ्य निरीक्षकों द्वारा पेयजल को सुरक्षित बनाने हेतु अवशिष्ट क्लोरीन परीक्षण, जीवाणु संवर्धन परीक्षण एवं रासायनिक विश्लेषण नियमित रूप से किये जा रहे हैं। रेल यात्रियों और कर्मचारियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना रेल प्रशासन की प्राथमिकताओं में से एक है और यह कार्य अभियान के रूप में निरन्तर चलता रहेगा।



लखनऊ मंडल पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मंडल चिकित्सालय, बादशाहनगर डॉ. रमेश चन्द तथा अपर मंडल रेल प्रबन्धक, इन्फ्रा भुवनेश सिंह के संयुक्त निर्देशन में 19 एवं 20 अक्टूबर को मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षकों, स्वास्थ्य निरीक्षकों ने 25 प्रमुख स्टेशनों एवं 08 मुख्य आवासीय रेलवे कॉलोनियों में कुल 540 अवशिष्ट क्लोरीन परीक्षण तथा 16 जीवाणु संवर्धन परीक्षण किये, जांचोपरान्त सभी जल नमूने निर्धारित मानक के अनुरूप पाये गये। इसी प्रकार, इज्जतनगर मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर निरन्तर अवशिष्ट क्लोरीन परीक्षण एवं जीवाणु संवर्धन परीक्षण किये गये। वाराणसी मंडल पर मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षकों,स्वास्थ्य निरीक्षकों द्वारा स्टेशनों, आवासीय कॉलोनियों, कोचिंग डिपो, चिकित्सालयों एवं स्वास्थ्य केंद्रों, रनिंग रूम, क्रू लॉबी तथा कार्यालयों में पानी की टंकियों, वाटर कूलर, वाटर फिल्टर, पाइप लाइनों एवं पंपिंग प्रणाली की जाँच की गई। पूर्वोत्तर रेलवे के सभी स्टेशनों, आवासीय कॉलोनियों एवं कार्यालयों में शुद्ध पेयजल सुनिश्चित करने के लिये यह जांच अभियान निरंतर जारी रहेगा। स्वास्थ्य निरीक्षकों द्वारा नियमित परीक्षण किये जा रहे हैं, ताकि यात्रियों और कर्मचारियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। रेल यात्रियों एवं कर्मियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना रेल प्रशासन की प्राथमिकता है तथा इसके लिये जल गुणवत्ता की निगरानी निरन्तर जारी रहेगी।

धर्मशाला बाजार की रामलीला में श्री राम ने किया जटायु का उद्धार

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। धर्मशाला बाजार की रामलीला में आज जटायु उद्धार और शबरी आश्रम का सुन्दर मंचन किया गया। आज की रामलीला मंचन के क्रम में सीता की खोज में निकले श्री राम से घायल जटायु की भेंट होती है जो सीता को हर के ले जाते समय रावण से सीता को बचाने का प्रयत्न करते हुए घायल पड़े हैं। जटायु श्री राम को बताते हैं कि किस प्रकार रावण माता सीता को हर कर ले गया है। इस प्रकार अन्त समय में श्री राम के दर्शन पाकर जटायु का उद्धार होता है। इसी क्रम में जब श्री राम शबरी के आश्रम में पहुंचते हैं तो दर्शकों को भक्त और भगवान के मध्य चरम भक्ति भाव का दर्शन होता है। शबरी अपने आराध्य को प्रेमवश जूठे बेर खाने को देती है जिसे प्रभु बड़े चाव से खाते हैं। भक्त और भगवान के बीच ऐसा प्रेम व भक्ति भाव देखकर दर्शक भाव बिभोर हो जाते हैं। महानंद गिरि के नेतृत्व में आदर्श रामलीला मंडली अयोध्या धाम के कलाकारों द्वारा आज की लीला का बहुत ही सुन्दर व भावपूर्ण मंचन किया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारीगण शिवशंकर दूबे, सत्यनारायण प्रसाद गुप्त, शशांक शेखर त्रिपाठी, रवि प्रकाश मिश्र, डॉ धर्मेन्द्र कुमार सिंह, राजन चौरसिया, सचिन गुप्ता, राकेश गुप्ता, विजय तिलक कोरी, सत्येंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में दर्शकों ने रामलीला का आनंद उठाया।

विजय दशमी पर गूंजा राष्ट्र भक्ति का स्वर

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना वर्ष के अवसर पर रुस्तमपुर में विजयादशमी उत्सव का आयोजन किया गया। मधुर शहनाई लॉन में आयोजित हुए कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने संगठन के उद्देश्यों, राष्ट्रसेवा और सामाजिक बदलाव लाने के लिए निरंतर कार्य करने की प्रेरणा दी। राष्ट्रीय स्वयं सेक्क संघ आजाद नगर,(रुस्तमपुर) महानगर दक्षिण द्वारा विजयादशमी के शुभ अवसर पर मधुर शहनाई लॉन ,आजाद चौक पर शस्त्रपूजन एवं पथ संचलन का सफल क्रार्यक्रम हुआ,



❖ सभी को अपनानी होगी राष्ट्रभक्ति- ई.संजीत श्रीवास्तव

समरसता के महत्व पर विचार मुख्य अतिथि विहिप के जिला मंत्री ई संजीत श्रीवास्तव ने दिया। इसी क्रम में इंजीनियर संजीत ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए संघ के विचारों और कार्यपद्धति पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता श्री मृत्युंजय जी ने कहा कि विजयादशमी के महत्व को बताते हुए स्वयंसेवकों से अनुशासन, संगठन और सेवा भाव को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने राष्ट्र के प्रति समर्पण और समाज में सकारात्मक बीच-बीच में घरों से व दुकानों से स्वयं सेवको पर पुष्प वर्षा की गई। नगर सह संघचालक डॉ वी सी बरनवाल ने कहा कि इस अवसर पर सभी स्वयंसेवकों को संघ के विजय दशमी दिवस की बधाई दी और राष्ट्र निर्माण व सामाजिक समरसता में उनके योगदान को सराहा।नगर कार्यवाह ने मनीष बख्शी ने आज के आयोजन का सफल संचालन व् नगर सह संघ चालक डॉ वी सी बरनवाल जी उचित दिशा निर्देश रहा।

छः फेरों में चलेगी विशेष ट्रेन

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। रेल प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुये रेल यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 04536/04535 चण्डीगढ़-बरौनी-चण्डीगढ़ वाया गोरखपुर साप्ताहिक आरक्षित त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन चण्डीगढ़ से 23 अक्टूबर से 27 नवम्बर तक प्रत्येक शुक्रवार को तथा बरौनी से 25 अक्टूबर से 29 नवम्बर तक प्रत्येक रविवार को 6 फेरों के लिये किया जायेगा। 04536 चण्डीगढ़-बरौनी साप्ताहिक आरक्षित त्यौहार विशेष गाड़ी 23 अक्टूबर से 27 नवम्बर तक प्रत्येक शुक्रवार को चण्डीगढ़ से 23.45 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन अम्बाला कैंट से 45 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 1.30 बजे, सहारनपुर से 2.15 बजे, मुरादाबाद से 5.43 बजे, बरेली से 7.02 बजे, शाहजहाँपुर से 8.10 बजे, सीतापुर से 10.20 बजे, गोंडा से 13.40 बजे, गोरखपुर से 17 बजे, देवरिया सदर से 18.05 बजे, सीवान से 19.10 बजे, छपरा से 20.30 बजे, सोनपुर से 21.50 बजे, हाजीपुर से 22.05 बजे तथा शाहपुर पटोरी से 23.02 बजे छूटकर तीसरे दिन बरौनी 30 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 04535 बरौनी-चण्डीगढ़ साप्ताहिक आरक्षित त्यौहार विशेष गाड़ी 25 अक्टूबर से 29 नवम्बर तक प्रत्येक रविवार को बरौनी से 2.35 बजे प्रस्थान कर शाहपुर पटोरी से 3.37 बजे, हाजीपुर से 5.05 बजे, सोनपुर से 5.17 बजे, छपरा से 7.05 बजे, सीवान से 7.55 बजे, देवरिया सदर से 8.55 बजे, गोरखपुर से 10.20 बजे, गोंडा से 13.20 बजे, सीतापुर से 16.20 बजे, शाहजहाँपुर से 18.23 बजे, बरेली से 19.20 बजे, मुरादाबाद से 21 बजे, दूसरे दिन सहारनपुर से 45 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 1.20 बजे तथा अम्बाला कैंट से 2.45 बजे छूटकर चण्डीगढ़ 3.35 बजे पहुँचेगी। इस गाडी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 11, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 3 तथा जनरेटर सह लगेज यान के 2 कोचों सहित कुल 16 कोच लगाये जायेंगे।



शिक्षक निर्वाचन में मतों की गणना की बारीकियों को विस्तार से अवगत कराया

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। रिटर्निंग आफिसर,मण्डलायुक्त द्वारा गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन, 2026 की मतगणना हेतु एनेक्सी भवन, गोरखपुर में आयोजित मतगणना कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुये प्रशिक्षु कार्मिकों को शिक्षक निर्वाचन में मतों की गणना की बारीकियों के बारे में पुनरू विस्तार से अवगत कराते हुये पूरी शुचिता एवं पारदर्शिता के साथ मतगणना के कार्य को संवेदनशील एवं गम्भीरतापूर्वक तरीके से सम्पन्न कराने के निर्देश दिये गये। मतगणना प्रशिक्षण के द्वितीय चरण में कुल 176 कार्मिकों में से 165 कार्मिकों द्वारा प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण में टेबुलेशन अधिकारी, सहायक एवं गणना सुपरवाइजर,सहायक सहित कुल 11 कार्मिक दिनेश कुमार ओझा लेखाकार कोषागार गोरखपुर, अनिल कुमार त्रिपाठी राज्य कर अधिकारी गोरखपुर चन्द्रशेखर अमीन तहसील चौरीचौरा, धर्मेश सहा.अभि.-जीडीए गोरखपुर, अरूण प्रकाश सिंह राजस्व निरीक्षक तहसील सदर, कुमार शैलेन्द्र सहा. चकबन्दी अधिकारी खजनी गोरखपुर, उपेन्द्र कुमार लेखपाल तहसील सदर, महेन्द्र पाण्डेय अमीन तहसील सदर, विजय राय लेखपाल तहसील सदर, कालिका प्रसाद अवर अभियन्ता सिंचाई खण्ड गोरखपुर व लव कुमार सिंह लेखपाल तहसील सदर अनुपस्थित पाये गये जिनको नोटिस जारी कर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग आफिसर,अपर आयुक्त (प्रशासन) गोरखपुर अजय कुमार राय, मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी, सहायक अभियन्ता विद्युत/यांत्रिक, लोक निर्माण विभाग मनोज कुमार गुप्ता, जिला विकास अधिकारी सतीश सिंह, सहायक निदेशक बचत बृजेश यादव व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

आर्य नगर में दशानन वध देख भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। श्री रामलीला समिति आर्य नगर मानसरोवर के 109वें रामलीला महोत्सव के 12वें दिन रावण वध की अलौकिक लीला का मंचन किया गया। इंद्रजीत,अहिरावण और कुंभकर्ण के वध के बाद रावण स्वयं युद्ध के लिए तैयार होता है। युद्ध से पूर्व रावण अजेय होने के लिए यज्ञ करने बैठता है। हनुमान, लक्ष्मण सहित वानर सेना यज्ञ स्थल पर पहुंचकर उसका यज्ञ विध्वंस कर देती है। क्रोधित रावण युद्ध भूमि में आता है।श्रीराम और रावण में भयंकर युद्ध होता है। श्रीराम रावण के सिर काटते हैं, पर वरदान के कारण बार-बार नया सिर उग आता है। ऐसा कई बार होता है। तब विभीषण बताते हैं कि रावण की नाभि में अमृत कुंड है, जब तक वह नहीं सूखेगा रावण नहीं मरेगा। विभीषण के संकेत पर श्रीराम रावण की नाभि में दिव्य बाण मारते हैं, अमृत सूखते ही रावण धराशायी हो जाता है।रावण के गिरने पर श्रीराम लक्ष्मण के साथ उसके पास जाते हैं और कहते हैं-रावण महाज्ञानी, पंडित और राजनीतिज्ञ है, इससे राजनीति की शिक्षा लो। लक्ष्मण पहले सिर के पास खड़े होकर ज्ञान मांगते हैं तो रावण कुछ नहीं बोलता। तब श्रीराम कहते हैं - शिक्षा लेने वाले को चरणों के पास बैठना चाहिए। लक्ष्मण चरणों के पास बैठते हैं, तब रावण अंतिम उपदेश देता है-शुभ कार्य को कभी कल पर नहीं टालना चाहिए, उसे तुरंत कर देना चाहिए और अशुभ कार्य को टालते रहना चाहिए। इसके बाद रावण का देहांत होता है। तभी मंदोदरी और रावण के नाना मलयवान आते हैं। श्रीराम आदर सहित रावण का शव मंदोदरी को सौंपते हैं। इसके बाद लक्ष्मण के साथ विभीषण को लंका भेजते हैं, जहां उनका राजतिलक होता है और पूरी लंका में श्रीराम के जयकारे गूंजते हैं। आज की आरती मुख्य अतिथियों द्वारा की गई,जिसमें शिवेंद्र मिश्रा,अभिषेक शर्मा,जयंत निषाद,मनीष सिंह पूर्व पार्षदअध्यक्ष पुष्प दंत जैन सहित समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

एम्स गोरखपुर में बढ़ेंगी सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। गोरखपुर में सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा सेवाओं के विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। गोरखपुर के सांसद रवि किशन शुक्ला द्वारा संसद में नियम 377 के तहत उठाए गए इस मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री प्रतापराव जाधव ने पत्र के माध्यम से जानकारी दी है। प्रतापराव जाधव, आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री हैं। उन्होंने जानकारी दी कि गोरखपुर में पहले से कई सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं उपलब्ध हैं और संस्थान इन्हें और मजबूत तथा विस्तारित करने की दिशा में प्रयास कर रहा है।मंत्री की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, गोरखपुर में वर्तमान में कार्डियोलॉजी, मेडिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी और यूरोलॉजी जैसी विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी नेफ्रोलॉजी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी और सर्जिकल ऑन्कोलॉजी सहित अन्य सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं के विस्तार की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

स्टंटबाजी करने के विरोध पर मारपीट, चार पर मुकदमा

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर एक के हरनहिया में बाइक स्टंट करने का विरोध करना एक परिवार पर भारी पड़ गया। दबंगों ने महिला उसके बेटे और बेटी पर हमला बोल दिया। घटना के बाद पीड़िता पूनम देवी की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना १९ अक्टूबर को सुबह करीब ११ बजे की है। हमारे भटहट बाजार प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को दिये तहरीर में पीड़िता ने लिखा है कि उनके गांव के ही अनिल, मुनिब, दिलीप और मोनू तेज रफ्तार से बाइक आगे पीछे करते हुए हुड़दंग मचा रहे थे। पूनम की पुत्री प्रीती ने उन्हें ऐसा करने से मना किया। विरोध करने पर आरोपियों ने प्रीती को गाली दी और मारपीट शुरू कर दी। जब पूनम, उनके बेटे शुभम और आंचल ने बीच-बचाव करने पहुंचे तब मनबढ़ों ने उन्हें भी मारापीटा। दबंगों की पिटाई से मेरे सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। इस संबंध में इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद पाल ने बताया कि मिली शिकायत के आधार पर अनिल, मुनिब, दिलीप और मोनू के खिलाफ धारा ११५(२), ३५१(३), ३५२ के बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

वाराणसी सिटी स्टेशन पर कार्य के कारण कई ट्रेनों का पुनर्निर्धारण

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। रेल प्रशासन द्वारा वाराणसी मंडल के वाराणसी सिटी स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों का पुनर्निर्धारण, शॉर्ट टर्मिनेशन, ओरिजिनेशन एवं ठहराव स्थगन किया जायेगा। वाराणसी सिटी से 25 अक्टूबर को चलने वाली 19168 वाराणसी सिटी-अहमदाबाद एक्सप्रेस वाराणसी सिटी से 120 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। लखनऊ जं. से 24 अक्टूबर को चलने वाली 15008 लखनऊ जं.-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस वाराणसी सिटी के स्थान पर सारनाथ स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी तथा यह गाड़ी सारनाथ-वाराणसी सिटी के मध्य निरस्त रहेगी। दोहरीघाट से 25 अक्टूबर को चलने वाली 65121 दोहरीघाट-वाराणसी सिटी मेमू गाड़ी वाराणसी सिटी के स्थान पर सारनाथ स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी तथा यह गाड़ी सारनाथ-वाराणसी सिटी के मध्य निरस्त रहेगी। वाराणसी सिटी से 25 अक्टूबर को चलने वाली 15130 वाराणसी सिटी-गोरखपुर कैंट एक्सप्रेस वाराणसी सिटी के स्थान पर सारनाथ स्टेशन से चलाई जायेगी तथा यह गाड़ी वाराणसी सिटी-सारनाथ के मध्य निरस्त रहेगी।

❖ कुछ ट्रेनों का ठहराव भी स्थगित

छपरा से 25 अक्टूबर को चलने वाली 15159 छपरा-दुर्ग एक्सप्रेस का वाराणसी सिटी स्टेशन पर निर्धारित ठहराव स्थगित रहेगा। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 24 अक्टूबर को चलने वाली 11061 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-जयनगर एक्सप्रेस का वाराणसी सिटी स्टेशन पर निर्धारित ठहराव स्थगित रहेगा। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 24 अक्टूबर को चलने वाली 15017 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस का वाराणसी सिटी स्टेशन पर निर्धारित ठहराव स्थगित रहेगा।

आजादी के बाद पहली बार रावघाट पहुंची रेल, छत्तीसगढ़ के रेल विकास में ऐतिहासिक उपलब्धि

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। भारतीय रेल द्वारा छत्तीसगढ़ में रेल कनेक्टिविटी के विस्तार एवं यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की गरिमामयी उपस्थिति में ताड़ोकी-रावघाट एवं अभनपुर-कुरूद ब्रॉडगेज रेल लाइन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर रावघाट-रायपुर एवं रायपुर-कुरूद नई यात्री रेल सेवाओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। साथ ही, रायपुर में इलेक्ट्रिक रेल इंजन मेंटेनेंस फैसिलिटी का शिलान्यास भी किया गया। माननीय केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए। आजादी के बाद पहली बार रावघाट तक रेल पहुँचना दक्षिण छत्तीसगढ़ के दूरस्थ क्षेत्रों को रेल नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि है। इन परियोजनाओं एवं नई यात्री रेल सेवाओं से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी मजबूत होगी तथा नागरिकों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने संबोधन में इन महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं एवं नई यात्री रेल सेवाओं के शुभारंभ के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता की ओर से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में रेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों को निरंतर गति मिल रही है। इस वर्ष छत्तीसगढ़ को रेल बजट के अंतर्गत 7,000 करोड़ से अधिक की राशि



प्राप्त हुई है, जो राज्य में रेल अवसंरचना के विस्तार, बेहतर कनेक्टिविटी और यात्री सुविधाओं के विकास के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन परियोजनाओं से राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों को बेहतर रेल संपर्क मिलेगा तथा औद्योगिक, व्यापारिक और सामाजिक-आर्थिक विकास को नई गति प्राप्त होगी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ की जनता को इन महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं एवं रावघाट-रायपुर तथा रायपुर-कुरूद नई यात्री रेल सेवाओं के शुभारंभ पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में रेल अवसंरचना का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। दल्लीराझरा-रावघाट नई रेल लाइन, केंद्री-अभनपुर-राजिम-धमतरी आमान परिवर्तन तथा विभिन्न मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं सहित अनेक महत्वपूर्ण कार्य पूरे किए गए हैं। खरसिया-परमालकसा डबल लाइन परियोजना पर भी कार्य जारी है। हाल ही में पेंड्रारोड-बिलासपुर-उसलापुर तीसरी रेल लाइन को भी कैबिनेट की मंजूरी मिली है। इन परियोजनाओं से छत्तीसगढ़ में रेल कनेक्टिविटी मजबूत होगी, यात्री सुविधाओं का विस्तार होगा तथा औद्योगिक एवं आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। रायपुर स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, बृजमोहन अग्रवाल एवं रूपकुमारी चौधरी तथा विधायक राजेश मूणत, पुरन्दर मिश्रा एवं मोती लाल साहू की उपस्थिति रहीं। वहीं, रावघाट स्टेशन पर सांसद भोजराज नाग, विधायक विक्रम उसेंडी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

त्यौहारों पर चल रही विशेष ट्रेनों में उपलब्ध है सीटें

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। रेल प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहारों पर यात्रियों की सुविधा हेतु अनेक विशेष ट्रेनों का संचलन किया जा रहा है। इन विशेष ट्रेनों में 10 नवम्बर तक के लिये 21 अक्टूबर को सायं बर्थ की उपलब्धता है। छपरा से चलने वाली 05085 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनल त्यौहार विशेष गाड़ी में 27 अक्टूबर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 1, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 95, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 332 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 112 बर्थ; 3 नवम्बर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 6, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 100, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 344, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 122 एवं शयनयान श्रेणी में 207 बर्थ तथा 10 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 49, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 276 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 78 बर्थ उपलब्ध है। छपरा से चलने वाली 05193 छपरा-पठानकोट त्यौहार विशेष गाड़ी में 26 अक्टूबर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 134 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 134 बर्थ; 2 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 75 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 309, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 113 एवं शयनयान श्रेणी में 83 बर्थ तथा 9 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 58 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 305, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 112 एवं शयनयान श्रेणी में 70 बर्थ उपलब्ध है। मऊ से चलने वाली 05096 मऊ-कोलकाता त्यौहार विशेष गाड़ी में 28 अक्टूबर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 11 बर्थ तथा 4 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 29 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 12 एवं शयनयान श्रेणी में 124 बर्थ उपलब्ध है। बनारस से चलने वाली 05167 बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस त्यौहार विशेष गाड़ी में 24 अक्टूबर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 3, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 51, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 76 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 31 बर्थ; 31 अक्टूबर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 18, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 68, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 189, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 113 एवं शयनयान श्रेणी में 187 बर्थ तथा 7 नवम्बर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 18, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 74, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 223, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 121 एवं शयनयान श्रेणी में 213 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 05101 गोरखपुर-शकूर बस्ती (दिल्ली) त्यौहार विशेष गाड़ी में 25 अक्टूबर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 5, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 56 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 447 बर्थ तथा 1 नवम्बर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 18, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 77, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 538 एवं शयनयान श्रेणी में 130 बर्थ उपलब्ध है।गोरखपुर से चलने वाली 04830 गोरखपुर-जोधपुर त्यौहार विशेष गाड़ी में 23 अक्टूबर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 37, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 119 बर्थ तथा 30 अक्टूबर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 61, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 154 एवं शयनयान श्रेणी में 295 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 03132 गोरखपुर-सियालदह त्यौहार विशेष गाड़ी में 28 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 152 एवं शयनयान श्रेणी में 370 बर्थ; 30 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 149 एवं शयनयान श्रेणी में 391 बर्थ तथा 4 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 176 एवं शयनयान श्रेणी में 450 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 05977 गोरखपुर-डिब्रूगढ़ त्यौहार विशेष गाड़ी में 29 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 261 एवं शयनयान श्रेणी में 535 बर्थ तथा 5 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 262 एवं शयनयान श्रेणी में 528 बर्थ उपलब्ध है। छपरा से चलने वाली 07652 छपरा-जालना त्यौहार विशेष गाड़ी में 23 अक्टूबर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 61, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 195 एवं शयनयान श्रेणी में 473 बर्थ तथा 30 अक्टूबर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 78, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 218 एवं शयनयान श्रेणी में 569 बर्थ उपलब्ध है। छपरा से चलने वाली 09066 छपरा-सूरत त्यौहार विशेष गाड़ी में 28 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 500 एवं शयनयान श्रेणी में 298 बर्थ तथा 4 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 517 एवं शयनयान श्रेणी में 495 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 03528 गोरखपुर-आसनसोल त्यौहार विशेष गाड़ी में 24 अक्टूबर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 77, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 347 एवं शयनयान श्रेणी में 371 बर्थ; 31 अक्टूबर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 77, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 348 एवं शयनयान श्रेणी में 379 बर्थ तथा 7 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 78, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 347 एवं शयनयान श्रेणी में 398 बर्थ उपलब्ध है। मऊ से चलने वाली 04824 मऊ-जोधपुर त्यौहार विशेष गाड़ी में 27 अक्टूबर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 26, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 109 एवं शयनयान श्रेणी में 40 बर्थ; 3 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 34, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 147 एवं शयनयान श्रेणी में 148 बर्थ तथा 10 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 25 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 74 बर्थ उपलब्ध है। मऊ से चलने वाली 01124 मऊ-लोकमान्य तिलक टर्मिनस त्यौहार विशेष गाड़ी में 27 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 79 बर्थ उपलब्ध है। गाजीपुर सिटी से चलने वाली 04132 गाजीपुर सिटी-हडपसर (पुणे) त्यौहार विशेष गाड़ी में 22 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 74 बर्थ; 25 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 61 बर्थ; 29 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 172 एवं शयनयान श्रेणी में 241 तथा 1 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 50 एवं शयनयान श्रेणी में 245 बर्थ उपलब्ध है। यात्रीगण इन ट्रेनों में बर्थ आरक्षित कराकर अपनी यात्रा को सुगम एवं आरामदेह बनावें।

❖आरक्षित कराकर दुश्वारियों से बचें

परिवारिक विवाद में अधेड़ ने खाया चूहा मारने की दवा

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। गुलरिहा क्षेत्र के सीमाई इलाके के श्यामदेउरवा निवासी ४६ वर्षीय अधेड़ ने गृह कलह से क्षुब्ध होकर बुधवार को शराब के नशे में चूहा मारने की दवा खा लिया। कुछ देरबाद ही उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भटहट पहुंचाया जहां हालत गंभीर देखकर डाक्टर ने उसे बीआरडी मेडिकल कालेज भेज दिया। मेडिकल कालेज के ट्रामा सेंटर में इलाज करा रहे अधेड़ की हालत स्थिर बताई जा रही है। भटहट प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार चिकित्सक डा आशुतोष कुमार चौहान ने बताया कि शरीर पर हल्का-फुल्का चोट के निशान थे। शराब के नशे में कभी दो गोली कभी चूहा मारने की दवा का पूरा पैकेज खाने की बात बता रहा था। हालांकि परिजनों ने चूहा मारने की दवा खाने की बात कही। प्राथमिक उपचार के बाद उसको बीआरबी मेडिकल कालेज रेफर किया गया है।

सीएम योगी से बांसस्थान मंदिर की जमीन सुरक्षित कराने की लगाई गुहार

गोरखपुर, २१ अक्टूबर। गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर दो स्थित प्रसिद्ध बांसस्थान मंदिर की जमीन को सुरक्षित कराने के लिए मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने सीएम योगी से गुहार लगाई है। मंदिर समिति सचिव अशोक निषाद, कोषाध्यक्ष राकेश सिंह और उपाध्यक्ष बिगुल निषाद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रार्थना पत्र देकर मंदिर की भूमि को सुरक्षित कराने की मांग की है। शिकायती पत्र के मुताबिक मंदिर की जमीन पर कुछ अवैध लोगों ने अपना नाम दर्ज करा लिया है, जबकि मामला उत्तर प्रदेश सरकार बनाम अन्य काश्तकार के रूप में न्यायालय में विचाराधीन है। समिति पदाधिकारियों का दावा है कि विभागीय जांच में मामला सही पाया गया और जांच रिपोर्ट की छाया प्रति भी संलग्न की गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मामले को संज्ञान में लेकर मंदिर की भूमि को विवाद मुक्त कर सुरक्षित कराने की मांग उठाई है।

आधी रात झोपड़ी में लगी भीषण आग, बच्ची समेत तीन की जिंदा जलकर मौत, एक महिला गंभीर

देवरिया। जनपद के भटनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नोनापार में मंगलवार देर रात एक झोपड़ी में भीषण आग लग गई। हादसे में तीन साल की मासूम बच्ची समेत तीन लोगों की जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई। उसे नाजुक हालत में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना के बाद से गांव में कोहराम मचा हुआ है।



मिली जानकारी के अनुसार, देर रात करीब डेढ़ बजे नोनापार गांव स्थित एक रिहायशी झोपड़ी में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने विकराल रूप ले लिया और अंदर सो रहे लोगों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। राहत एवं बचाव कार्य शुरू करते हुए कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने तीन को मृत घोषित किया पुलिस और दमकल कर्मियों ने झोपड़ी के भीतर फंसे लोगों को बाहर निकालकर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भटनी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जितेंद्र (32) पुत्र लालचंद्र, बालकिशन पुत्र अदालत और तीन वर्षीय मासूम शनि पुत्री जितेंद्र को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से झुलसी जितेंद्र की पत्नी लीला की हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। सीओ मनोज कुमार ने बताया कि देर रात लगभग डेढ़ बजे ग्राम नोनापार में एक झोपड़ी में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस व अग्निशमन दल ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया और सभी को सीएचसी भटनी पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने तीन व्यक्तियों को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक महिला को गंभीर हालत में रेफर किया गया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। घटना की जानकारी होने पर सपा प्रवक्ता मनीष सिंह नोनापार गांव पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की।

देवरिया में सनसनी-रामजानकी मार्ग पर मिले दो युवकों के शव, हत्या की आशंका, खुलासे के लिए एसपी ने बनाई 3 टीमें

देवरिया। जनपद के मईल थाना क्षेत्र अंतर्गत रामजानकी मार्ग पर स्थित बढ़या हरदो गांव के समीप संदिग्ध परिस्थितियों में दो युवकों के शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। प्रथम दृष्टया दोनों की हत्या किए जाने की बात सामने आ रही है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मामले के त्वरित खुलासे के लिए तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, डायल 112 के जरिए पुलिस को सूचना मिली थी कि रामजानकी मार्ग पर बढ़या हरदो गांव के पास सड़क किनारे दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़े हैं। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जांच की, जहां दोनों व्यक्ति मृत पाए गए। एक ही थाना क्षेत्र के ही रहने वाले थे दोनों मृतक मृतकों की पहचान मईल थाना क्षेत्र निवासी वकील यादव पुत्र राजदेव यादव तथा विनय यादव पुत्र रामछबीला यादव के रूप में हुई। दो युवकों की मौत की खबर फैलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने तुरंत दोनों शवों को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही के लिए अस्पताल भिजवाया। एसपी ने बताया कि रामजानकी मार्ग पर दो व्यक्तियों के शव मिलने की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची थी। प्रथम दृष्टया दोनों की हत्या होना



प्रतीत हो रहा है। परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना के सफल अनावरण एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है। **मईल डबल मर्डर-सपा सांसद रमाशंकर राजभर ने कानून-व्यवस्था पर उठाए सवाल, दोषियों पर तत्काल कड़ी कार्रवाई की मांग**- मईल थाना क्षेत्र अंतर्गत बढ़या हरदो गांव के समीप रामजानकी मार्ग पर हुए सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड को लेकर समाजवादी पार्टी के सांसद रमाशंकर विद्यार्थी राजभर ने गहरा आक्रोश जताया है। उन्होंने घटना की कड़ी निंदा करते हुए पुलिस-प्रशासन से हत्यारोपियों की अविलंब गिरफ्तारी और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग उठाई है। सपा सांसद ने कहा कि दो युवकों की सरेराह संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या कानून-व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े करती है। इस वारदात से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और पीड़ित परिवार गहरे सदमे में है। उन्होंने कहा कि अपराध पर लगाम कसने के लिए पुलिस को त्वरित व ठोस कदम उठाने होंगे। रमाशंकर विद्यार्थी राजभर ने प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर सभी दोषियों को बेनकाब किया जाए और पीड़ित परिवारों को जल्द से जल्द न्याय दिलाया जाए। उन्होंने पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में वे परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं।

अधिवक्ता हत्याकांड: कायस्थ समाज ने सीएम को भेजा ज्ञापन, न्याय और मुआवजे की मांग

देवरिया। प्रयागराज के सलोरी निवासी अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव की दिनदहाड़े हत्या के विरोध में कायस्थ समाज ने रोष जताया है।



बुधवार को समाज के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर पीड़ित परिवार के लिए न्याय की मांग की। ज्ञापन में हत्यारोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा, दोनों बेटियों को सरकारी नौकरी देने, विवादित जमीन को कब्जामुक्त कराने और परिजनों को सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की गई है। इस दौरान एडवोकेट धनेश श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, हरीशंकर श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद रहे।

गर्भवती महिला से दुष्कर्म, पति ने दबोचा, पुलिस को सौंपा

दुदही कुशीनगर।विशुनपुरा थाना क्षेत्र में एक गर्भवती महिला के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि 20 अक्टूबर की रात करीब 1:30 बजे पड़ोस का एक व्यक्ति उसके घर में घुस आया और मुंह दबाकर उसके साथ दुष्कर्म करने लगा। इसी दौरान पति के पहुंच जाने पर आरोपी भागने लगा। पति-पत्नी ने उसे पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस आरोपी को थाने ले जाकर पूछताछ कर रही है।पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 अक्टूबर की रात उसके पति दशहरा मेला घूमने गए थे। इसी दौरान घर में अकेला पाकर पड़ोसी युवक अंदर घुस आया और उसका मुंह दबाकर दुष्कर्म करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने उसके पेट पर लात भी मारी। इसी बीच पति के पहुंचने पर आरोपी भागने लगा, लेकिन पति-पत्नी ने उसे पकड़ लिया। इस मामले में सनी जावला ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

अमर शहीदों को नमन, एसपी ने शहीद स्मारक पर अर्पित किया पुष्पचक्र

देवरिया। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर बुधवार को पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर भव्य एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर ने कर्तव्य वेदी पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीद पुलिसकर्मियों की स्मृति में पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने बारी-बारी से शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर अमर शहीदों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। श्रद्धांजलि सभा के दौरान पुलिस लाइन परिसर का माहौल अत्यंत गंभीर और भावपूर्ण नजर आया। सभी ने राष्ट्र और समाज की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीरों के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। शोक शस्त्र और दो मिनट का मौन रखकर दी गई सलामी श्रद्धांजलि कार्यक्रम



के पश्चात परेड द्वारा निर्धारित सेरेमोनियल प्रक्रिया के अनुसार %सलामी शस्त्र% और %शोक शस्त्र% की कार्यवाही संपन्न की गई। इसके बाद परेड में शामिल जवानों तथा उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर वीर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उन्हें नमन किया। शहीदों का बलिदान सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा पुलिस स्मृति दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिकारियों ने कहा कि यह दिन उन वीर जवानों के त्याग और बलिदान को याद करने का अवसर है, जिन्होंने कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आम जनमानस की सुरक्षा के लिए अपने जीवन की परवाह नहीं की। उनका यह समर्पण संपूर्ण पुलिस बल के लिए प्रेरणास्रोत है। यह दिन हर पुलिसकर्मी को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने, निष्ठा, अनुशासन और संवेदनशीलता के साथ जनसेवा करने का संकल्प दिलाता है। देवरिया पुलिस अपने अमर शहीदों के आदर्शों पर चलते हुए नागरिकों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

अंश निर्धारण और राजस्व मामलों के निस्तारण में तेजी लाएं अधिकारी-डीएम

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने वर्चुअल माध्यम से जिले के सभी उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने अंश निर्धारण कार्यों को तेजी से पूरा करने और धारा-24, धारा-34, धारा-80 तथा धारा-116 से जुड़े लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के कड़े निर्देश दिए। डीएम ने स्पष्ट किया कि राजस्व कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तय मानकों के अनुरूप कार्य कर जिले की रैंकिंग में सुधार



लाएं। लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए विधिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सभी तहसीलों के एसडीएम व तहसीलदार वर्चुअली जुड़े रहे।

आला अफसरों ने किया चनुकी घाट का निरीक्षण

भाटपार रानी देवरिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए मुख्य राजस्व अधिकारी



तथा उपजिलाधिकारी दीपराज सिंह और क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार ने निरीक्षण कर सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मूर्ति विसर्जन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण तथा विसर्जन से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया । अधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मूर्ति विसर्जन स्थल पर नाव, गोताखोर एवं बैरिकेडिंग की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए जल में आवश्यक प्रबंध किए जाएं तथा भीड़ प्रबंधन और किसी भी अप्रिय घटना की रोकथाम के लिए विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को आपसी समन्वय के साथ सतर्क रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा शासन-प्रशासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी ने कहा कि मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान भाटपार रानी थानाध्यक्ष अभिषेक राय अपने मय फोर्स के साथ मौजूद थे ।

विजयादशमी पर रोटरी क्लब ने लगाया नि:शुल्क प्याऊ, श्रद्धालुओं को पिलाया शीतल जल

देवरिया। विजयादशमी (दशहरा) के पावन पर्व पर रोटरी क्लब देवरिया सदर की ओर से मालवीय रोड पर आमजन व



श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नि:शुल्क प्याऊ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्लब के सदस्यों ने देर रात तक राहगीरों व मेले में आए श्रद्धालुओं को शीतल पेयजल उपलब्ध कराया।शिविर का शुभारंभ रोटरी क्लब के अध्यक्ष राकेश धर द्विवेदी तथा नगर पालिका परिषद देवरिया के अधिशासी अधिकारी (ईओ) संजय तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने जनपदवासियों के सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए पर्व को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। आयोजन को सफल बनाने में क्लब के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर योगदान दिया। इस मौके पर अमित त्रिपाठी, अंबरीश मणि, प्रभाकर मिश्रा, विनोद यादव, भानु प्रकाश सिंह उर्फ चंचल सिंह, मनोज सेठ, सत्य प्रकाश चंद्र, ऋषिकेश तिवारी, हिमांशु सिंह, गोपाल कृष्ण उर्फ रामू, मिथिलेश कुशवाहा, अभिषेक पांडेय सहित कई अन्य सदस्य व्यवस्था में जुटे रहे।

पकड़ीबांगर में दुर्गा पूजा स्वर्ण जयंती पर गूंजा अखाड़ा

मेहदीगंज। क्षेत्र के गांव पकड़ीबांगर में बुधवार को दुर्गा पूजा का 50वां वर्षगांठ यानी स्वर्ण जयंती समारोह अत्यंत धूमधाम व श्रद्धाभाव के साथ संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर गांव में विशाल मेले और विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया, जिसमें आस-पास के क्षेत्रों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं व कुश्ती प्रेमियों का तांता लगा रहा। पूजा-अर्चना के बाद शुरू हुए दंगल में विभिन्न अखाड़ों से आए नामचीन पहलवानों ने दांव-पेंच आजमाते हुए दर्शकों को रोमांचित कर दिया। रोमांचक मुकाबलों के क्रम में सौनहा के हिमांशु ने शानदार दांव लगाकर गणेश पडरी को पराजित किया, जबकि अमडरिया के सिद्धार्थ ने विकास अड़रौना को चित कर जीत हासिल की। इसी क्रम में पडरौना के पहलवानों का विशेष दबदबा देखने को मिला, जहां चंदेश्वर पडरौना ने



अंकित गोरखपुर को कड़े संघर्ष में पटखनी दी, सोनू पडरौना ने अभय देवतहा को मात दी और मंजेश पडरौना ने अखिलेश गोरखपुर को अखाड़े में धूल चटाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। वहीं दो मुकाबलों में पहलवानों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली, जिसमें परमेश्वर मठिया व प्रिंस गोरखपुर तथा मनीष देवतहा व जितेंद्र गोरखपुर की कुश्ती समय सीमा समाप्त होने तक अनिर्णीत रही और दोनों जोड़ियों को बराबरी पर छूटा घोषित किया गया। अखाड़े में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को समिति की ओर से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयोजक रविंदर श्रीवास्तव, रवि यादव, भरत खरवार, गौरव यादव, प्रभु प्रजापति, सुरेंद्र राय, शुभम, युवराज आदि का सराहनीय योगदान रहा। दिनभर चले मेले में ग्रामीणों और बच्चों ने झूलों व खान-पान की दुकानों पर खरीदारी कर स्वर्ण जयंती उत्सव का भरपूर आनंद उठाया।

विजयादशमी पर आरएसएस स्वयं सेवकों ने किया पथ संचलन

सेवरही,कुशीनगर।नगर पंचायत सेवरही स्थित ब्याहुत जायसवाल धर्मशाला परिसर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कि निकली भव्य यात्रा, राष्ट्र प्रथम की भावना, अनुशासन,और निस्वार्थ सेवा के संकल्प के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा की विशिष्ट यात्रा निकाली जो नगर के मुख्य मार्ग से होता हुआ श्रीकृष्ण गोशाला पहुंचा।समस्त स्वयं सेवकों ने डा0केशव राव बलिराम हेडगेवार के तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए एवं मां भारती की सेवा का संकल्प लिया।



मऊ के धर्मचंद ने चौरीचौरा के छोटे यादव को दी पटखनी, 42 जोड़ियों ने दिखाया दमखम

देवरिया। बैतालपुर के रुच्चापार स्थित दुर्गा मंदिर अखाड़े पर मंगलवार को विशाल दंगल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। अखाड़े में उतरे पहलवानों ने एक-दूसरे को चित करने के लिए शानदार दांव-पेच आजमाए। प्रतियोगिता का सबसे रोमांचक मुकाबला मऊ के पहलवान धर्मचंद और चौरीचौरा के छोटे यादव के बीच हुआ, जिसमें कड़ी जोर-आजमाइश के बाद धर्मचंद ने छोटे यादव को पटखनी देकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। दंगल का शुभारंभ सपा के वरिष्ठ नेता अजय प्रताप सिंह %पिंटू%, पूर्व प्रमुख विजय प्रताप यादव और पूर्व विधायक सत्य प्रकाश मणि त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से पहलवानों का हाथ मिलवाकर किया। इसके अलावा वाराणसी के शुभम यादव ने रजिया राजधानी के नकुल यादव को पराजित कर जीत दर्ज की। वहीं मथुरा के धर्मवीर



यादव और गोरखपुर के अमित यादव के बीच हुआ मुकाबला बेहद कड़ा रहा और अंत तक दोनों में से किसी के चित न होने पर मुकाबला बराबरी पर छूटा। 28 मुकाबलों में निकला फैसला, 14 रहे बराबरी पर प्रतियोगिता में कुल 42 जोड़ी पहलवानों ने अपने दांव-पेच दिखाए। इनमें से 28 जोड़ियों के मुकाबलों में पहलवानों ने जीत-हार का फैसला किया, जबकि 14 मुकाबले बराबरी पर समाप्त हुए। दंगल की अध्यक्षता मुन्ना यादव तथा संचालन एडवोकेट सच्चिदानंद यादव ने किया। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष ब्यास यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. दिलीप यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बांकेलाल यादव, राजेंद्र सिंह, तेज प्रताप जायसवाल, राधेश्याम यादव, राजेश यादव, रामभवन यादव और राजन यादव सहित भारी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

जनता दर्शन में मिली शिकायत का त्वरित निस्तारण, पक्की पैमाइश से संतुष्ट हुए रविंद्र

देवरिया। आमजन की समस्याओं के समाधान की दिशा में त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन ने सलेमपुर तहसील क्षेत्र के एक भूमि विवाद का निस्तारण कराया है। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देश पर गठित टीम ने मौके पर पहुंचकर पक्की पैमाइश कराई, जिससे शिकायतकर्ता ने संतुष्ट होकर प्रशासन का आभार जताया। तहसील सलेमपुर के थाना खुखुंदू अंतर्गत ग्राम रुपई निवासी रविंद्र ने 18 सितंबर को डीएम के जनता दर्शन में धारा 24 के तहत भूमि पैमाइश के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने टीम गठित कर विधिक कार्रवाई का निर्देश दिया। निर्देशों के अनुपालन में टीम ने 5 अक्टूबर को मौके पर पहुंचकर पैमाइश की प्रक्रिया पूरी की। रविंद्र ने बताया कि समयबद्ध कार्रवाई से उन्हें बड़ी राहत मिली है।

भाजपा नेता नीरज वर्मा ने कुंवारी कन्याओं को सहभोज कराकर दिया अंगवस्त्र

पथरदेवा(देवरिया) ।विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा के पूर्व प्रत्याशी भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज कुमार वर्मा विजयदशमी त्यौहार के अवसर पर बघौचघाट क्षेत्र के सखिनी मन्दिर पहुंचकर पांच सौ कुंवारी कन्याओं को सहभोज कराकर



उन्हें अंगवस्त्र देने का सराहनीय कार्य किया। इस अवसर पर भाजपा नेता नीरज कुमार वर्मा ने कहा कि ईश्वर जब किसी को नवाजे तो उस व्यक्ति को समाज में उपस्थित जरूरतमन्द परिवार के बच्चों को भी सम्मानित करना चाहिए।भाजपा नेता नीरज कुमार वर्मा विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा के ग्राम पंचायत सखिनी मन्दिर जो अपने आप में क्षेत्र में चर्चित है प्रत्येक दिन क्षेत्र के हजारों लोग पहुंचकर मन्दिर में स्थापित देवी-देवताओं का आशीर्वाद लेते है। नीरज कुमार वर्मा ने कहा कि विजय दशमी का त्यौहार सनातन धर्म में काफी महत्वपूर्ण होता है। इस अवसर पर मैं मन्दिर के प्रांगण में पहुंचकर क्षेत्र के लगभग पांच सौ कुंवारी कन्याओं को सहभोज कराने के बाद उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। भाजपा युवा नेता रविन्द्र किशोर राय एवं माहीवाल जायसवाल ने कहा कि ऐसे तो क्षेत्र में अनेक तरह के जन प्रतिनिधि है लेकिन जरूरतमन्दों के जरूरत को पूरा करने के लिए केवल नीरज कुमार वर्मा का ही नाम आता है विगत कुछ माह पहले बघौचघाट बाजार में भण्डारे का आयोजन करके भाजपा नेता नीरज कुमार वर्मा चर्चा का विषय बन गये और भाजपा कार्यकर्ताओं ने नीरज कुमार वर्मा की हर जगह सराहना कर रहे है। इस अवसर पर मन्दिर के पुजारी प्रेमगिरी,राहुल पाण्डेय, अजय यादव,मुन्ना यादव,अवनीश चौबे ,भीम वर्मा,संदीप,विनोद सिंह कुशवाहा, राणा प्रताप ठाकुर,अरविन्द चौरसिया,प्रमोद वर्मा,मौली पाठक,राज किशोर शर्मा,रंजन श्रीवास्तव,परमेश्वर वर्मा क्षेत्र के चर्चित पत्रकार राजू प्रसाद श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक चुनाव:पोलिंग पार्टियां आज होंगी रवाना

देवरिया। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर कलेक्ट्रेट से पोलिंग पार्टियों की रवानगी और मतदान सामग्री के संग्रहण का कार्यक्रम तय कर दिया गया है। 22 अक्टूबर को पूर्वाह्न 10 बजे कलेक्ट्रेट परिसर से पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगी। जारी सूचना के अनुसार, 23 अक्टूबर को मतदान संपन्न होने के बाद अपराह्न 4 बजे से सीलबंद मतपेटिकाओं और निर्वाचन सामग्री को कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्र किया जाएगा। इसके उपरांत उसी रात करीब 8 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच मतपेटिकाओं को गोरखपुर विश्वविद्यालय स्थित वाणिज्य संकाय भवन में बने स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल भेजा जाएगा। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) व उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम नारायण सिंह ने चुनाव लड़ रहे सभी प्रत्याशियों से निर्धारित समय और स्थान पर स्वयं अथवा अपने अधिकृत अभिकर्ता की उपस्थिति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

धूमधाम से मनाया गया धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस

सेवरही,कुशीनगर।सेवरही नगर के अंबेडकर नगर में धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए तथा मोमबत्तियाँ जलाकर उन्हें नमन किया गया।कार्यक्रम के दौरान नगर भ्रमण करते हुए उनके संदेश को जन जन तक पहुंचाया गया।इस दौरान लोगों को भगवान गौतम बुद्ध के जीवन,उनके विचारों और उनकी शिक्षाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।वक्ताओं ने भगवान बुद्ध के शांति,करुणा, प्रेम,समानता और भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान भी किया।कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में आपसी सद्भाव,सामाजिक समानता और मानवता की भावना को मजबूत करना तथा भगवान बुद्ध के विचारों को



अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू,सपा नेता डा0उदय नारायन गुप्ता,अनूप सोनी, व्यापारी नेता अमरनाथ गुप्ता, छोटे लाल वर्मा, ब्रजेश जायसवाल, राजेश दास,सभासद राजकुमार मद्धेशिया, पप्पू जायसवाल,आशीष वर्मा, रिटायर्ड प्रधानाध्यापक महन्त प्रसाद,सत्य प्रकाश जायसवाल, एडवोकेट रकीब आलम,राधे बाबू रौनियार ,समाज सेवी आदित्य जायसवाल उर्फ शालू,सुरेश चंद्र भारती मण्डल जोन इंचार्ज गोरखपुर, अमरजीत भारती विधानसभा प्रभारी तमकुही राज, मैनेजर भारती विधानसभा प्रभारी तमकुही राज, पूर्व सभासद राजेन्द्र प्रसाद शोखा बाबा,शिवमंगल गौतम विधानसभा अध्यक्ष तमकुही राज,भंते विमल बौद्ध ,नागेन्द्र माझवी , डा.अमीत बौद्ध ,एड. अरस्तु राज,राजा गौतम सेक्टर अध्यक्ष उत्तरी सेवरही,अजय कुमार गौतम सेक्टर अध्यक्ष दक्षिणी सेवरही,आशुतोष अम्बेडकर, मनीष गौतम आदि के साथ साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल रहे।

कुत्ते को बचाने में अनियंत्रित हुई बाइक, एक की मौत, दो घायल

श्यामदेउरवा (आज)। हुआ। कुत्ते को बचाने के चक्कर श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के में बाइक अनियंत्रित होकर गिर



नटवा जंगल में बुधवार सुबह करीब 9 बजे एक सड़क हादसा गई। इसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। मृतक की पहचान 16 वर्षीय किशन पुत्र धर्मेंद्र निवासी महदेवा उर्फ बलुआभार के रूप में हुई है। घायलों में जितेंद्र पुत्र गोरखनाथ और सागर पुत्र धर्मेंद्र शामिल भी उसी गाँव के हैं। सागर को हल्की चोटें आई हैं। गंभीर रूप से घायल जितेंद्र को इलाज के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर भेजा गया है। घटना की सूचना मिलते ही श्यामदेउरवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है। इस हादसे के बाद परिवार में दुख का माहौल है। पूरे गांव में गम पसरा हुआ है। थानाध्यक्ष महेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस गई थी।

दशहरा मेले से लौट रही पिकअप पलटी, सात लोग घायल

सिसवा बाजार आज। सिसवा-गेरमा मुख्य मार्ग पर गंगौली मोड़ के पास मंगलवार देर रात करीब दो बजे दशहरा मेले से लौट रही लोगों से भरी

♦ बिजली का खंभा टूटकर खेत में गिरा, गंगौली मोड़ की बिजली आपूर्ति ठप

पिकअप अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकराकर पलट गई। हादसे में करीब सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि बिजली का खंभा टूटकर पास के खेत में जा गिरा।स्थानीय लोगों के अनुसार, पिकअप में 20 से 25 लोग सवार थे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद महराजगंज जिला अस्पताल भेजा गया। दुर्घटनास्थल पर पिकअप का शीशा, बिजली के खंभे के टुकड़े और अन्य मलबा बिखरा पड़ा था।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पिकअप को सड़क से हटवाकर यातायात व्यवस्था बहाल कराई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे में कोई बड़ी जनहानि नहीं होने की जानकारी मिली है।वहीं, बिजली का खंभा टूटने से गंगौली मोड़ क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। बिजली विभाग को घटना की सूचना दे दी गई है।

एसपी ने विसर्जन घाट का निरीक्षण कर लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

श्यामदेउरवा (आज)। मूर्ति विसर्जन को सकुशल और शांतिपूर्ण



ढंग से संपन्न कराने को लेकर पुलिस सतर्क है। इसी क्रम में बुधवार को एसपी शक्ति मोहन अवस्थी एवं सीओ सदर अंकुर गौतम ने श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के छातीराम मूर्ति विसर्जन घाट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घाट पर सुरक्षा व्यवस्था, शांति एवं कानून-व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से निपटने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने मौजूद पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और विसर्जन के दौरान सतर्कता बरतने, यातायात व्यवस्था सुचारु रखने और शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए। विसर्जन कार्यक्रम के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ लगातार निगरानी की जा रही है। निरीक्षण के दौरान एसओ महेंद्र मिश्रा भी मौजूद रहे।

पुलिस स्मृति दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया

महराजगंज (आज) 22 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट शक्ति सिंह ठाकुर, कमांडेंट द्वारा शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित कर



श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर समस्त अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण एवं जवानों द्वारा शहीदों को पुष्प अर्पित किए गए। तथा शहीदों के सम्मान में शोक के साथ सलामी दी गई। जवानों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस कार्यक्रम के दौरान कमांडेंट महोदय द्वारा संबोधन दिया गया तथा दिनांक 01.09.2025 से 31.08.2026 तक ड्यूटी के दौरान असामान्य परिस्थितियों में शहीद हुए पुलिस एवं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के कार्मिकों के नाम पढ़कर सुनाए गए।इस अवसर पर सभी ने देश की सुरक्षा एवं सेवा में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को नमन वंदन किया।

प्रधान पति पर गाली-गलौज का आरोप, मुकदमा दर्ज

श्यामदेउरवा। श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के नटवा जंगल गांव में एक युवक द्वारा छठ घाट की तथाकथित खराब हालत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में गाली गलौज देने के आरोप में प्रधान पति सुनील सिंह और मुन्ना सिंह पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 351 (3) और 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, गांव के कमलेश पाल ने ग्राम सभा की पोखरी पर बने छठ घाट की तथाकथित खराब हालत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था। कमलेश पाल का आरोप था कि उसके बाद प्रधान पति ने उन्हें फोन पर गाली दी और धमकी दी। कमलेश ने यह भी बताया कि कुछ देर बाद प्रधान पति अपने समर्थकों के साथ उनके घर पहुंचे। उन्होंने दरवाजा तोड़ने की कोशिश करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी।इस मामले पर थानाध्यक्ष महेंद्र मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच की जा रही है।

तेरे चार नहर पर धूमधाम से दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

झुलनीपुर (आज) नारायणी गंडक नदी के बहुआर खुर्द 13/4 नहर पर बुधवार को मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन धूमधाम



और भक्ति के माहौल में संपन्न हुआ। नवरात्रि की समाप्ति पर पूरे क्षेत्र के श्रद्धालु देवी की विदाई गीतों और जयकारों के साथ नम आंखों से विसर्जन किया। विसर्जन का यह अनुष्ठान माता रानी के अपने दिव्य धाम कैलाश पर्वत लौटने का प्रतीक है। और अगले वर्ष फिर जल्दी आने की मंगल कामना की गई। नवरात्रि के मौके पर सीमावर्ती क्षेत्र में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई थी। पर्व के दौरान श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर परिवार की सुख शांति और खुशहाली की मंगल कामना की। विसर्जन के अवसर पर काफी उत्साह दिखा, महिलाएं पुरुष और युवाओं ने इस उत्सव में हिस्सा लिया। विसर्जन के समय गांव में धार्मिक उत्साह और भाईचारे का माहौल बना रहा। प्रशासन की देखरेख में विसर्जन कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया गया। पुलिस की सतर्कता से क्षेत्र में भाईचारे का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों ने भी सहयोग किया। एसडीएम अवनीश त्रिपाठी व सीओ रविंद्र कुमार ने बताया कि निचलौल क्षेत्र की अधिकांश मूर्तियां तेरे चार पुल पर सुबह से आना शुरू हो गई। श्रद्धालुओं के लिए घाट पर एनडीआरएफ की टीम दो नाव के साथ पुलिस विभाग तहसील प्रशासन वन विभाग को विसर्जन स्थल पर लगाया गया है। विसर्जन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा रहा है। घाट पर शांत-व्यवस्था कायम है।

पिपरा मौनी विधायक चौराहे से आरोपी गिरफ्तार

आनन्दनगर (आज)। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत फरेंदा थाना पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने बताया कि वांछित एवं वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में फरेंदा की टीम ने बुधवार को दोपहर करीब 1:30 बजे ग्राम पिपरा मौनी विधायक चौराहे से बृजेश कुमार (25 वर्ष) को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार अभियुक्त बृजेश कुमार पुत्र मनोहर कुमार ग्राम सिहपुरकला, पोस्ट बनारसिया, थाना नौतनवा, जनपद महराजगंज का निवासी है। उसके विरुद्ध थाना फरेंदा में मु0अ0सं0 295/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69, 352 और 351(3) में मुकदमा दर्ज है। जिसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक कलीमुल्ला खान, कांस्टेबल वेदप्रकाश और कांस्टेबल पवन कुमार शामिल रहें।

गैंगस्टर एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

श्यामदेउरवा। श्यामदेउरवा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के एक वांछित आरोपी को गोधवल चौक से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी का नाम सचिन (उम्र करीब 22 वर्ष) है, जो जमुईकला, थाना ठूठीबारी का रहने वाला है। उसे मंगलवार को गोधवल चौराहे के पास से पकड़ा गया। सचिन पर श्यामदेउरवा थाने में गैंगस्टर एक्ट की धारा के तहत केस दर्ज है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का भी एक मामला दर्ज है। उपनिरीक्षक मंगला प्रसाद के नेतृत्व में कांस्टेबल पंकज यादव और आशीष यादव की टीम ने यह गिरफ्तारी की। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देश पर की गई। आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

एसएसबी मुख्यालय पर रावण दहन के साथ मूर्ति विसर्जन

झुलनीपुर। 22 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल में दुर्गा पूजा महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर रावण दहन का आयोजन किया गया। भक्ति भाव के साथ मां दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन किया गया। जवानों में इस कार्यक्रम को लेकर उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर कमांडेंट शक्ति सिंह ठाकुर द्वारा रावण का दहन किया गया। कार्यक्रम में संदीक्षा अध्यक्ष श्रीमती श्रृंचु ठाकुर अन्य अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी गण समस्त जवान संदीक्षा सदस्य एवं बच्चों ने कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कमांडेंट शक्ति सिंह ठाकुर ने कहा कि दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई के प्रति रावण का दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एसएसबी परिवार ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

महराजगंज आज। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर बुधवार को पुलिस लाइन में कर्तव्य पालन के दौरान अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिसकर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। पुलिस



अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी सहित अन्य अधिकारियों ने अमर शहीदों की स्मृति में पुष्पचक्र अर्पित कर उनके साहस, त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण को नमन किया।इस दौरान उपस्थित अधिकारियों ने मौन रखकर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी और उनके बलिदान को याद किया। कार्यक्रम में देश एवं नागरिकों की सुरक्षा के लिए कर्तव्यपथ पर अपने प्राण न्योछावर करने वाले जवानों के योगदान को सम्मानपूर्वक स्मरण किया गया।पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने कहा कि पुलिसकर्मी हर परिस्थिति में जनसुरक्षा, शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करते हैं। कर्तव्य निर्वहन के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों का साहस, समर्पण और सेवा भावना सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनका सर्वोच्च बलिदान राष्ट्र और समाज के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है।उन्होंने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस शहीद जवानों के त्याग और बलिदान की याद दिलाता है। महराजगंज पुलिस उनके आदर्शों पर चलते हुए जनसेवा, सुरक्षा और कर्तव्यपालन के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

किसान दिवस में उठीं किसानों की समस्याएं

महराजगंज आज। विकास भवन सभागार में बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें किसानों ने उर्वरक की उपलब्धता, निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर बिक्री और कृषि निवेशों की समस्याएं उठाईं। अधिकारियों ने



समस्याओं के समाधान का आश्वासन देते हुए रबी सीजन की तैयारियों पर चर्चा की।उप कृषि निदेशक ने किसानों से धान की पराली नहीं जलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरता प्रभावित होने के साथ पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। नियमों का उल्लंघन करने पर दंडात्मक कार्रवाई हो सकती है। एआर कोऑपरेटिव सुनील गुप्ता ने कहा कि उर्वरकों का संतुलित उपयोग ही बेहतर उत्पादन का आधार है।किसान अजय चौरसिया ने यूरिया और डीएपी के साथ नैनो उर्वरकों की टैगिंग तथा अधिक कीमत पर बिक्री का मुद्दा उठाया। रमेश चंद्र पटेल ने उर्वरकों की उपलब्धता, जबकि संतराज यादव ने खाद, बीज और कृषि निवेश समय से उपलब्ध कराने की मांग की।अधिकारियों ने बताया कि रबी सीजन के लिए गेहूं, दलहन और तिलहन के बीज तथा मिनीकिट सभी विकासखंडों में उपलब्ध हैं। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी और कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक मौजूद रहे।

मिशन शक्ति: वृद्ध महिलाओं को किया सम्मानित

खुशहालनगर (आज)। मिशन शक्ति फेज-6.0 के तहत थाना घुघली स्थित मिशन शक्ति केंद्र को सर्किल



स्तरीय मॉडल केंद्र के रूप में विकसित किया गया। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर अंकुर गौतम ने महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। इस दौरान वृद्ध महिलाओं को मिठाई, साड़ी और खादी के शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करते हुए महिला सशक्तिकरण के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं, सुरक्षा से संबंधित कानूनी प्रावधानों और महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। साथ ही, उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में उपलब्ध सहायता सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। महराजगंज पुलिस की ओर से महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह पहल की गई।

शांति भंग की आशंका में 11 गिरफ्तार, सात वाहन सीज

खुशहालनगर (आज) दुर्गा पूजा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए घुघली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 11 लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि यातायात नियमों के उल्लंघन के मामले में सात



वाहनों को सीज किया गया है। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देश पर त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी सदर अंकुर गौतम के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170/126/135 के तहत कार्रवाई की। गिरफ्तार लोगों में राजकुमार चौधरी, विशाल चौधरी, श्यामसुन्दर, मंगेश, प्रिंस, अजीत मणि, सुधांशु यादव, इन्द्रदेव, दीपक, आशीष और अजय कुमार शामिल हैं। इसके साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों में मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत सात वाहनों को सीज किया गया। पुलिस ने सभी गिरफ्तार आरोपितों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए उन्हें न्यायालय भेज दिया।

मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन में युवक घायल

सिंदुरिया । बुधवार को मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के दौरान



बरोहिया गाँव में उस समय अफरा तफरी मच गया,जब एक युवक बड़ी नहर की पानी में मूर्ति के नीचे दब गया। मिली जानकारी अनुसार निचलौल थाना क्षेत्र अंतर्गत बरोहिया निवासी सूरज गुप्ता पुत्र संजय गुप्ता उम्र करीब 30 वर्ष मां दुर्गा प्रतिमा के साथ विसर्जन में बुधवार को हरदी बड़ी नहर में मूर्ति विसर्जन के दौरान मूर्ति के नीचे दब गया। विसर्जन में गए लोगों ने सूरज को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदौर लाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

मिश्रौलिया में कड़ी सुरक्षा के बीच निकली डोल शोभा यात्रा

झुलनीपुर (आज)। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर सोमवार रात्रि तथा मंगलवार दिन में थाना क्षेत्र के भारत नेपाल बॉर्डर से लगे ग्राम मिश्रौलिया में डोल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती रही। डोल यात्रा मिश्रौलिया शिव मंदिर से चलकर मिश्रौलिया, बैठवलिया हनुमान मंदिर तक पहुंचने के बाद पुनः शिव मंदिर पर समाप्त हुआ। डोल यात्रा श्रद्धा भक्ति और पारंपरिक उल्लास के साथ निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में पुरुष महिलाएं बच्चे शामिल हुए। जय श्री राम के नारों से क्षेत्र भक्तिमय हो गया। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ निकाली गई डोल शोभायात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे देवी गीतों और भजनों की धुन पर भक्त झूमते और थिरकते नजर आएं। यात्रा के दौरान जगह-जगह लोगों की भीड़ जुटी रही। यात्रा के दौरान शांति और सुरक्षा बनाए



रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रही। सीओ रविंद्र कुमार सिंह सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते नजर आएं। पुलिस टीम ने यात्रा के दौरान व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया। ताकि श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो, रास्ते में पड़ने वाली मस्जिद और मलंग शाह बाबा का मजार को कपड़े से ढकवा दिया गया था। थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र राय ने बताया कि डोल यात्रा को सकुशल संपन्न करने के लिए तीन थाने की फोर्स, डेढ़ सेक्शन पीएससी, एसएसबी, महिला पुलिस के साथ सादे वर्दी में जवानों की तैनाती की गई थी। जुलूस की ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। एसडीएम अवनीश त्रिपाठी ने कहा कि डोल शोभायात्रा मिश्रौलिया में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र पाल सिंह, शिवचरण वर्मा, अंबरीश तिवारी, डॉक्टर रतन लाल श्रीवास्तव, प्रेमचंद श्रीवास्तव, उमाशंकर पाल, दुष्यंत सिंह, दिपक तिवारी, गिरिश चंद श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

मिशन शक्ति के तहत छात्राओं ने किया श्यामदेउरवा थाने का भ्रमण

श्यामदेउरवा। (आज) मिशन शक्ति के छठे चरण के तहत मंगलवार को श्यामदेउरवा कस्बे में स्तिथ हैप्पी पब्लिक इंटरमीडिएट कॉलेज के छात्राओं को श्यामदेउरवा थाने का भ्रमण कराया गया। इस दौरान छात्राओं को पुलिस की कार्यप्रणाली, महिला सुरक्षा और कानून व्यवस्था की जानकारी दी गई। वरिष्ठ उपनिरीक्षक शम्भूनाथ सिंह ने छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों के बारे में बताया। महिला उपनिरीक्षक साक्षी सिंह ने महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। छात्राओं को किसी भी समस्या की स्थिति में पुलिस की सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। भ्रमण में कक्षा बारह की सुष्मिता, नेहा, प्रीति, सपना तथा



कक्षा ग्यारह की नसीबा खातून, एंजिल, कल्पना और खुशी शामिल रहीं। इस दौरान उपनिरीक्षक गजेंद्र पाण्डेय, चंद्रपाल यादव एवं प्रधानाध्यापक जयबहादूर सिंह, शिक्षक मृत्युंजय पाण्डेय, आलोक मद्देशिया, बृजेश कुमार एवं हरिओम मौजूद रहे। थानाध्यक्ष महेंद्र मिश्रा ने छात्रों को बताया कि आप लोग टोलफ्री नम्बर याद कर ले या नोट कर ले और बिना डरे संदिग्ध व्यक्ति की हर हरकत को अध्यापक व परिजनों को बताने की सलाह दी। अचानक वारदात होने पर पुलिस हेल्प लाइन नंबर 112 तथा मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076 को निडर होकर डायल कर अपनी परेशानी बतायें। पुलिस तुरंत सहायता के लिए आपके पास पहुंचेगी।

महेश स्टडी सेन्टर में मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

आनंदनगर महराजगंज। नवरात्रि के पावन पर्व पर स्टेशन रोड, भैया फरेंदा स्थित महेश स्टडी सेंटर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कर रहे मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल, नकद पुरस्कार और पुस्तक सामग्री देकर सम्मानित किया गया।अक्टूबर माह में आयोजित टेस्ट परीक्षा में अश्वित यादव (बैदा बाजार) ने प्रथम, अंशिका (बरजी, धानी) ने द्वितीय और आदित्य प्रजापति (लेजार महदेवा) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अमित चौधरी, प्रिंस चौधरी, अनुराग चौधरी, अमित यादव, सृष्टि मौर्या, अर्पिता मौर्या और प्रियांशु गुप्ता सहित अन्य विद्यार्थियों ने टॉप टेन में स्थान हासिल किया।संस्थान के संचालक महेश कुमार यादव ने कहा कि सफलता के लिए नियमित अध्ययन, अनुशासन और निरंतर अभ्यास जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने और संस्थान के साथ समन्वय बनाए रखने की अपील की।कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी बच्चों की शैक्षिक प्रगति पर विचार साझा किए। इस दौरान एडवोकेट हरिनारायण यादव, महेंद्र चौधरी, वीरेंद्र मौर्या, अभिषेक वर्मा, राकेश यादव सहित अनेक अभिभावक मौजूद रहे।

सुभाषित

पिता, गुरु एवं ज्येष्ठ भ्राता, जो धर्म पालनका ज्ञान देते हैं, वे सभी पिता सामान होते हैं।

❐ वाल्मिकी रामायण

रिश्तोंका नया सन्तुलन

वर्तमान वैश्विक सन्दर्भमें अमेरिकाके विदेशमंत्री मार्को रुबियोकी भारत यात्रा और परराष्ट्रमंत्री एस. जयशंकरके साथ मंगलवारको मुम्बईमें हुई वार्ता काफी महत्वपूर्ण मानी जायगी। इसे केवल एक नियमित कूटनीतिक भेंटके रूपमें देखना उचित नहीं होगा। रुबियोकी यात्रा ऐसे समयमें हुई है जब भारत-अमेरिकी सम्बन्धोंमें एक ओर जहां रणनीतिक निकटता बढ़ रही है तो दूसरी ओर टैरिफ, रूसी तेल, व्यापार समझौते और ऊर्जा सुरक्षा जैसे मुद्दोंपर मतभेद भी बने हुए हैं। एक अच्छी बात यह है कि दोनों देशोंने व्यापार समझौतेको यथाशीघ्र पूरा करनेकी प्रतिबद्धता जतायी है। रुबियोने स्वीकार किया है कि हम बहुप्रतीक्षित समझौतेके काफी करीब पहुंच गये हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रीकी यात्रा ऐसे अन्तरराष्ट्रीय माहौलमें हुई है, जिसमें यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशियाका संकट, ऊर्जा बाजारमें अस्थिरता और अमेरिका-चीन प्रतिस्पर्धा विश्व राजनीतिको काफी प्रभावित कर रहे हैं। इन परिस्थितियोंमें भारतकी सामरिक स्थिति अमेरिकाके लिए काफी महत्वपूर्ण हो गयी है। ऊर्जा संकटने दोनों देशोंके हितोंको एक-दूसरेके निकट ला दिया है। रुबियोने भारतकी ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलामें अमेरिकी ऊर्जाकी भूमिका बढ़ानेको महत्वपूर्ण बताया है। इसका दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष हिन्द-प्रशान्त और चीन है। अमेरिका भारतको, क्षेत्रीय शक्ति-सन्तुलनमें एक महत्वपूर्ण साझेदार मानता है। क्वाडके सन्दर्भमें भी भारतकी भूमिका अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलियाके लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए अमेरिका भारतके साथ मतभेदोंको इतना बढ़ाना नहीं चाहेगा जिससे कि व्यापारिक रणनीतिक साझेदारी प्रभावित हो। रुबियोकी यात्राको टैरिफ-आधारित टकरावसे बातचीत और समझौतेकी ओर लौटनेकी कोशिशके रूपमें भी देखा जा सकता है। भारत-अमेरिका सम्बन्धोंमें सबसे संवेदनशील मुद्दोंमें एक रूसी ऊर्जा खरीद है। अमेरिका चाहता है कि भारत रूसी ऊर्जापर निर्भरता कम करे। इसका समाधान किसी एक पक्षकी पूर्ण जीतके रूपमें नहीं, अपितु ऊर्जा स्रोतोंके विविधीकरणके रूपमें खोजनेका प्रयास दिखायी देता है। भारतके लिए चुनौती यह है कि वह अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाये रखते हुए अमेरिकाके साथ ऊर्जा सहयोग बढ़ाये। यह सन्तुलन आने वाले समयमें भी भारतीय विदेश नीतिकी प्रमुख कसौटी रहेगा। वार्तामें रक्षा, महत्वपूर्ण एवं उभरती तकनीक तथा नागरिक परमाणु सहयोग भी विशेष मुद्दे रहे। इसलिए दोनों देशोंका सम्बन्ध अब रक्षा सहयोगसे आगे बढ़कर तकनीकी तथा औद्योगिक साझेदारीकी दिशामें जा रहा है। दोनों देशोंके बीच सम्बन्धोंका भविष्य साझा हितों और असहमतियोंके प्रबन्धनपर निर्भर करेगा। रुबियोकी यात्राको व्यावहारिक कूटनीतिक मोड़के रूपमें देखा जाना चाहिए और यह आपसी सम्बन्धोंका नया सन्तुलन है।

मणिपुरके हालात चिन्तनीय

देशके पूर्वोत्तर राज्य मणिपुरमें लम्बे समयमें जारी हिंसक घटनाएं थमनेका नाम नहीं ले रही है। बार-बार हिंसाका भड़कना लोगोंकी जान-मालकी सुरक्षा और शान्ति व्यवस्थाके लिए केन्द्र और राज्य सरकारके लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। लोगोंमें भारी आक्रोश है और अब वे मुख्य मंत्री युमनाम खेमचन्द सिंहकी सरकारके खिलाफ सड़कोंपर उतर आये हैं जिससे स्थिति बदसे बदतर हो चुकी है। सोमवारको उग्रवादियोंकी गोलीबारीमें मैतेई समुदायके तीन लोगोंकी हत्याके विरोधमें मंगलवारको २४ घण्टेके बन्दके चलते घाटीके पांच जिलोंमें जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। इंफाल पूर्व और पश्चिम, विष्णुपुर, थौबल और काकचिंगमें बाजार, शिक्षण संस्थान, व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। यहांतक कि सार्वजनिक परिवहन भी ठप रहा, जिससे लोगोंको आने-जानेमें भारी दिक्कतोंका सामना करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि सोमवारको सुबह इंफाल पूर्वी और कागपोकपी जिलोंकी सीमापर सुनरोक क्षेत्रमें जलावनकी लकड़ी बीन रहे मैतेई समुदायके १६ लोगोंपर संदिग्ध उग्रवादियोंने घात लगाकर हमला कर दिया। इस गोलीबारीमें तीन लोगोंकी मौत हो गयी और तीन लोग घायल हो गये, जबकि तीन लोग लापता हैं। इस कायरतापूर्ण और बर्बर हत्याके विरोधमें नेटिव पीपुल्स कमेटी मणिपुरने मंगलवार और बुधवारको बन्दका आह्वान किया था। प्रदर्शनकारियोंने मंगलवारको मुख्य मंत्री युमनाम खेमचन्द सिंह, उपमुख्य मंत्री नेमचा किपजेन, गृहमंत्री गोविन्द कोंथौजमका इस्तीफा मांगा और उनके पुतले फूंके। इस दौरान पुलिस और सुरक्षाबलोंके संयुक्त तलाशी अभियानमें तीन संदिग्धोंको गिरफ्तार किया गया है, जिसमें दोने हमला करनेकी बात स्वीकार की है। इनकी निशानदेहीपर पहाड़ी इलाकोंसे हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। यह गम्भीर चिन्ताका विषय है कि तीन मई २०२३ से जारी मैतेई और कुकी समुदायके बीच भड़की हिंसा अबतक जारी है। केन्द्र और राज्य सरकारको जातीय समूहोंके बीच पनप रहे विद्वेषको समझना होगा और एक सर्वमान्य हल निकालना होगा, तभी शान्तिका माहौल बनाया जा सकता है।

लोक संवाद

चाय और कॉफीसे हानि

महोदय,-कई लोगोंके लिए दिनकी शुरुआत बिना चाय या काफीके होती ही नहीं है। परन्तु वह इस बातसे अनजान होते हैं कि इसकी ज्यादा लत किडनीको नुकसान पहुंचा सकती है। स्वस्थ लोगोंके लिए इनका सीमित मात्रामें सेवन आम तौरपर सुरक्षित होता है, लेकिन इनकी मात्रा इन्हें बनानेके तरीके और पहलेसे मौजूद स्वास्थ्य संबंधी स्थितियां यह तय कर सकती हैं कि ये पेय पदार्थ किडनीकी सेहतपर कैसा असर डालते हैं। कैफीन, हाइड्रेशन और किडनीके काम करनेकी प्रक्रियाको समझते हैं विस्तारसे। गुर्दा रोग विशेषज्ञने बताया कि कैफीनका हल्का डाययुरेटिक असर होता है। इसका मतलब है कि यह कुछ समयके लिए पेशाब बननेकी मात्राको बढ़ा सकता हैए खासकर उन लोगोंमें जो इसके सेवनके आदी नहीं हैं। हालांकि चाय और काफीका सीमित मात्रामें सेवन करनेसे शरीरमें तरल पदार्थकी मात्रा बढ़ती है और इससे अपने आप डिहाइड्रेशन नहीं होता। ज्यादातर स्वस्थ वयस्कोंके लिए सीमित मात्रामें इन पेय पदार्थोंका सेवन करनेसे किडनीको नुकसान पहुंचनेकी संभावना नहीं होती है। चिन्ताका विषय अक्सर कैफीनका अत्यधिक सेवन और व्यक्तिकी अपनी शारीरिक संवेदनशीलता होती है। कैफीनकी अधिक मात्रा अस्थायी रूपसे ब्लड प्रेशर बढ़ा सकती है, जबकि लम्बे समयतक अनियंत्रित हाई ब्लड प्रेशर क्रोनिक किडनी डिसीज (गुर्दे की दीर्घकालिक बीमारी) के लिए एक बड़ा जोखिम कारक है। डाक्टरने सलाह दी, 'जिन लोगोंको पहलेसे ही हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) या किडनीसे जुड़ी समस्याएं हैं, उन्हें अपने कैफीन सेवनके बारेमें अपने डाक्टरसे बात करनी चाहिए।' एक और चिन्ताका विषय किडनी स्टोन (पथरी) का बनना है। दरसअल चायमें ऑक्सालेट होते हैं। ये प्राकृतिक रूपसे पाये जाने वाले यौगिक हैं। यदि कोई व्यक्ति इनका अधिक मात्रामें सेवन करता है तो उनमें कैल्शियम ऑक्सालेट स्टोन बननेका खतरा हो सकता है। यह जोखिम व्यक्तिके खान-पान, तरल पदार्थोंके सेवन और पहले कभी पथरी होनेके इतिहासपर निर्भर करता है। चाय और कॉफीमें बहुत अधिक चीनी, फ्लेवर्ड सिरप या मीठी क्रीम मिलानेसे वजन बढ़ सकता है और टाइप २ डायबिटीजका खतरा भी बढ़ सकता है। डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर, दोनों ही क्रॉनिक किडनी डिसीज (लम्बे समयतक चलने वाली किडनीकी बीमारी) के प्रमुख कारण हैं। किडनीकी बीमारीसे जूझ रहे लोगोंको, उनकी पोषण संबंधी जरूरतों और लैब टेस्टके नतीजोंके आधारपर, दूध और अन्य चीजोंके सेवनको लेकर अलग-अलग डाइट सलाह की जरूरत पड़ सकती है। एस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशनके अनुसार ज्यादातर वयस्कोंके लिए रोजाना ४०० मिलीग्राम कैफीनका सेवन करनेसे आम तौरपर कोई बुरा असर नहीं पड़ता, हालांकि हर व्यक्तिकी सहनशक्ति अलग-अलग हो सकती है। इसके साथ ही शरीरमें पानीकी पर्याप्त मात्रा बनाये रखना, चीनीका सेवन कम रखना और ब्लड प्रेशर तथा ब्लड ग्लूकोजको नियंत्रित रखना भी उतना ही जरूरी है। **-वसुधा त्रिवेदी, वाया ईमेल।**

वैश्विक अर्थव्यवस्थाके समक्ष चुनौतियां

विश्व अर्थव्यवस्था ऐसे दौरसे गुजर रही है, जहां विकासकी संभावनाओंके साथ अनिश्चितताओंका दायरा भी लगातार बढ़ रहा है। एक ओर तकनीकी प्रगति और व्यापारिक गतिविधियां आर्थिक वृद्धिको गति दे रही हैं तो वहीं, युद्ध, ऊर्जा संकट और वित्तीय बाजारोंमें अस्थिरता वैश्विक आर्थिक व्यवस्थाकी परीक्षा ले रहे हैं।

❐ महेन्द्र तिवारी

बैंकाकमें १३ से १७ अक्तूबर २०२६ के दौरान आयोजित अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंककी वार्षिक बैठकोंमें वैश्विक चुनौतियोंपर गम्भीर विचार-विमर्श हुआ। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषकी अक्तूबर २०२६ की विश्व आर्थिक परिदृश्य रिपोर्टके अनुसार, वैश्विक अर्थव्यवस्थाकी वृद्धि दर २०२६ में ३.१ प्रतिशत रहनेका अनुमान है, जबकि २०२७ में इसके बढ़कर ३.४ प्रतिशत होनेकी सम्भावना व्यक्त की गयी है। इसके बावजूद संस्थाने चेतावनी दी है कि मौजूदा आर्थिक मजबूतीको स्थायी मान लेना उचित नहीं होगा। युद्ध, महंगी, ऋण और तकनीकी निवेशसे जुड़े जोखिम इस वृद्धिको प्रभावित कर सकते हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्थाकी पहली बड़ी चुनौती युद्ध और उससे उत्पन्न ऊर्जा संकट है। पश्चिम एशियामें जारी संघर्षने कच्चे तेलकी आपूर्ति, समुद्री परिवहन और अंतरराष्ट्रीय व्यापारके सामने नयी कठिनाइयां पैदा की हैं। विशेष रूपसे होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गमें किसी भी प्रकारका व्यवधान दुनियाके अनेक देशोंकी अर्थव्यवस्थाको प्रभावित कर सकता है। इस मार्गसे होने वाला ऊर्जा व्यापार बाधित होनेपर तेल और गैसकी कीमतें बढ़ सकती हैं। इसका प्रभाव केवल पेट्रोल और डीजलतक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवहन, बिजली उत्पादन, कृषि, उर्वरक निर्माण और औद्योगिक उत्पादनकी लागतपर भी पड़ता है। ऊर्जाकी कीमतोंमें वृद्धिका सबसे अधिक बोझ उन देशोंपर पड़ता है, जो अपनी आवश्यकताओंके लिए दूसरे देशोंसे तेल और गैस आयात करते हैं। भारत भी इस श्रेणीमें आता है। यदि अंतरराष्ट्रीय बाजारमें कच्चा तेल महंगा होता है तो देशका आयात व्यय बढ़ सकता है। इससे व्यापार संतुलन, रुपयेकी विनिमय दर और घरेलू महंगीपर दबाव पड़नेकी आशंका रहती है। वस्तुओंके परिवहनकी लागत बढ़नेसे खाद्य पदार्थों और दैनिक उपयोगकी वस्तुओंके दाम भी प्रभावित हो सकते हैं। इस प्रकार युद्धका प्रभाव युद्धक्षेत्रसे हजारों किलोमीटर दूर रहने वाले सामान्य नागरिकोंकी रसोईतक पहुंच जाता है।



वैश्विक अर्थव्यवस्थाकी वर्तमान स्थिति कहती है कि आर्थिक वृद्धि अपने आपमें पर्याप्त नहीं है। विकास तभी टिकाऊ माना जा सकता है, जब वह महंगीको नियंत्रित करने, रोजगार बढ़ाने, सार्वजनिक ऋणको सम्भालने और सामाजिक असमानता घटानेमें भी सहायक हो। युद्ध और व्यापारिक तनावोंको कम करनेके लिए कूटनीतिक प्रयास, सार्वजनिक वित्तमें अनुशासन तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ताके जिम्मेदार उपयोगके लिए प्रभावी नियम समयकी आवश्यकता हैं। विश्वके देशोंको यह समझना होगा कि आजकी परस्पर जुड़ी अर्थव्यवस्थामें किसी एक क्षेत्रका संकट शीघ्र ही दूसरे क्षेत्रोंतक पहुंच सकता है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषने अक्तूबरकी अपनी रिपोर्टमें २०२६ के लिए वैश्विक महगी दर ४.७ प्रतिशत रहनेका अनुमान लगाया है। इसके बाद २०२७ में इसके घटकर ४.१ प्रतिशत होनेकी संभावना व्यक्त की गयी है। हालांकि ये अनुमान उपलब्ध आंकड़ों और मौजूदा परिस्थितियोंपर आधारित हैं। यदि संघर्ष बढ़ता है, ऊर्जा आपूर्तिमें लम्बे समयतक बाधा आती है या व्यापारिक तनाव गहराता है तो महंगीपर दबाव अनुमानसे अधिक हो सकता है। इसलिए सरकारोंके सामने चुनौती केवल आर्थिक वृद्धि बनाये रखनेकी नहीं, बल्कि आम लोगोंकी क्रयशक्तिकी रक्षा करनेकी भी है। दूसरी बड़ी चुनौती बढ़ता सार्वजनिक ऋण है। अनेक देशोंने महामारी, आर्थिक मंदी, युद्ध और सामाजिक कल्याण योजनाओंके प्रभावोंसे निबटनेके लिए भारी उधारी ली है। अब बढ़ती ब्याज दरों और महंगी होती उधारीके कारण उनके लिए ऋण चुकाना कठिन होता जा रहा है। जब सरकारी आयका बड़ा हिस्सा ब्याज और पुराने कर्जकी अदायगीमें खर्च होता है, तब शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आधारभूत संरचना और गरीबी उन्मूलन जैसी योजनाओंके लिए संसाधन सीमित हो जाते हैं।

विकासशील देशोंकी स्थिति विशेष रूपसे चिन्ताजनक है। इन देशोंको एक ओर अपने नागरिकोंकी बुनियादी जरूरतें पूरी करनी हैं, वहीं दूसरी ओर आर्थिक विकासके लिए निवेश भी करना है। यदि विदेशी मुद्रामें लिया गया ऋण महंगा हो जाय या उनकी मुद्राका मूल्य गिर जाय तो ऋण चुकानेका बोझ और बढ़ जाता है। ऐसेमें अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंककी भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। जरूरतमंद देशोंको वित्तीय सहायता उपलब्ध करानेके साथ उन्हें ऐसी नीतियां अपनानेमें सहयोग देना आवश्यक है, जिनसे आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़े और भविष्यमें अत्यधिक उधारीकी आवश्यकता कम हो। १७ अक्तूबरको बैंकाकमें हुई अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषकी अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक एवं वित्तीय समितिकी बैठकके बाद जारी वक्तव्यमें युद्धसे उत्पन्न आर्थिक कठिनाइयों और ऊंची ऊर्जा कीमतोंका सामना कर रहे देशोंको अधिक सहायता देनेकी आवश्यकतापर जोर दिया गया। समितिने यह भी स्वीकार किया कि बढ़ते व्यापारिक तनाव और भू-राजनीतिक विभाजनसे वैश्विक आपूर्ति शृंखलाएं प्रभावित हो सकती हैं। इससे स्पष्ट है कि आर्थिक संकटका समाधान केवल अलग-अलग देशोंकी नीतियोंसे सम्भव नहीं है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और साझा जिम्मेदारी आवश्यक है।

तीसरी बड़ी चुनौती कृत्रिम बुद्धिमत्ताके क्षेत्रमें तेजीसे बढ़ता निवेश है। इस तकनीकने उद्योग, चिकित्सा, शिक्षा, कृषि, बैंकिंग और संचारके क्षेत्रमें नयी संभावनाएं पैदा की हैं। बड़ी कम्पनियां आंकड़ा केन्द्रों, उन्नत संगणक उपकरणों और नयी तकनीकोंपर भारी धन खर्च कर रही हैं। इससे निवेश, उत्पादन और व्यापारको प्रोत्साहन मिल रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषने भी माना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्तासे संबंधित निवेशने वैश्विक आर्थिक वृद्धिको सहारा दिया है। लेकिन इस विकासके साथ वित्तीय जोखिम भी जुड़े हैं। यदि निवेशकोंकी उम्मीदें वास्तविक उपलब्धियोंसे बहुत आगे निकल जाती हैं तो कम्पनियोंके मूल्यांकनमें असंतुलन पैदा हो सकता है। मान लीजिए कि किसी कम्पनीमें इस उम्मीदसे भारी निवेश किया जाता है कि उसकी नयी तकनीक भविष्यमें बहुत अधिक लाभ देगी। यदि अपेक्षित लाभ नहीं मिलता तो निवेशकोंका विश्वास कमजोर पड़ सकता है। इसके परिणामस्वरूप कम्पनियोंके शेयरोंकी कीमतें गिर सकती हैं, निवेश घट सकता है और वित्तीय बाजारोंमें व्यापक अस्थिरता पैदा हो सकती है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषकी अक्तूबर रिपोर्टमें कृत्रिम बुद्धिमत्तासे संबंधित निवेशकी संभावित गिरावटको वैश्विक अर्थव्यवस्थाके लिए एक महत्वपूर्ण जोखिम बताया गया है। संस्थाने यह भी संकेत दिया है कि यदि इस तकनीकसे अपेक्षित उत्पादकता लाभ मिलता है तो आर्थिक वृद्धिको अतिरिक्त गति मिल सकती है। अर्थात् इसके परिणाम दोनों दिशाओंमें जा सकते हैं। समस्या तकनीकी विकासमें नहीं, बल्कि वास्तविक क्षमतासे अधिक उम्मीदें लगाने और जोखिमोंकी उपेक्षा करनेमें है। कृत्रिम बुद्धिमत्ताका एक दूसरा पक्ष रोजगार और आर्थिक असमानतासे संबंधित है। नयी तकनीक अनेक कामोंको सरल और तेज बना सकती है, लेकिन कुछ पारम्परिक कार्योंकी आवश्यकता भी घट सकती है। यदि श्रमिकोंको समयपर प्रशिक्षण और नये कौशल प्राप्त करनेके अवसर नहीं मिलते तो रोजगार संबंधी कठिनाइयां बढ़ सकती हैं। तकनीकी निवेशका लाभ उन देशों और कम्पनियोंको अधिक मिल सकता है, जिनके पास पर्याप्त पूंजी, बिजली, डिजिटल आधारभूत संरचना और प्रशिक्षित कर्मचारी हैं। दूसरी ओर कमजोर अर्थव्यवस्थाएं इस परिवर्तनके साथ कदम मिलानेमें पीछे रह सकती हैं। इसलिए तकनीकी प्रगतिके साथ शिक्षा, प्रशिक्षण और सामाजिक सुरक्षापर भी निवेश करना आवश्यक है।

भारतके लिए इन चुनौतियोंमें जोखिमके साथ अवसर भी छिपे हुए हैं। देशको ऊर्जाके विभिन्न स्रोतोंका विकास करना चाहिए, ताकि किसी एक क्षेत्र या आपूर्तिकर्तापर अत्यधिक निर्भरता न रहे। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और अन्य स्वच्छ ऊर्जा विकल्पोंको बढ़ावा देनेसे दीर्घकालमें आयात संबंधी जोखिम कम किये जा सकते हैं। साथ ही सार्वजनिक व्ययमें अनुशासन बनाये रखते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, अनुसंधान और रोजगार सृजनके लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराना जरूरी है। कृत्रिम बुद्धिमत्ताके क्षेत्रमें भारत अपनी युवा आबादी, तकनीकी प्रतिभा और व्यापक घरेलू बाजारका लाभ उठा सकता है। इसके लिए केवल नयी तकनीक खरीदना पर्याप्त नहीं होगा। देशमें अनुसंधान, कौशल विकास, सुरक्षित आंकड़ा व्यवस्था और स्थानीय आवश्यकताओंके अनुरूप तकनीकी समाधान विकसित करनेपर भी ध्यान देना होगा। छोटे उद्योगों और सामान्य नागरिकोंतक तकनीकी लाभ पहुंचाना जरूरी है, ताकि इसका लाभ कुछ बड़ी कम्पनियोंतक सीमित न रहे।

अंततः वैश्विक अर्थव्यवस्थाकी वर्तमान स्थिति यह संदेश देती है कि आर्थिक वृद्धि अपने आपमें पर्याप्त नहीं है। विकास तभी टिकाऊ माना जा सकता है, जब वह महंगीको नियंत्रित करने, रोजगार बढ़ाने, सार्वजनिक ऋणको सम्भालने और सामाजिक असमानता घटानेमें भी सहायक हो। युद्ध और व्यापारिक तनावोंको कम करनेके लिए कूटनीतिक प्रयास, सार्वजनिक वित्तमें अनुशासन तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ताके जिम्मेदार उपयोगके लिए प्रभावी नियम समयकी आवश्यकता हैं। विश्वके देशोंको यह समझना होगा कि आजकी परस्पर जुड़ी अर्थव्यवस्थामें किसी एक क्षेत्रका संकट शीघ्र ही दूसरे क्षेत्रोंतक पहुंच सकता है। सहयोग, दूरदर्शिता और संतुलित नीतियोंके माध्यमसे ही आर्थिक विकासकी सम्भावनाओंको सुरक्षित रखा जा सकता है।

अंधाधुंध विकाससे भीषण संकट

हम प्रकृतिका संदेश नहीं सुन रहे हैं। प्रकृतिका संदेश व्यापक और स्पष्ट रूपसे है कि स्वयंको बदलो या बर्बाद हो जाओ। सवाल यह है कि क्या हम अपने ध्यान भटकाने वाली चीजोंके शोर-शराबेके बीच इसे सुन सकते हैं।

❐ सुनीता नारायण

नेपालमें बाढ़से १४१० से अधिक व्यक्तियोंकी मौतकी पुष्टि हो चुकी है और अभी भी हजारों लोग लापता हैं। यह एक बेहद बड़ी एव दर्दनाक मानवीय त्रासदी है लेकिन एक तरहसे मनुष्यके जान-बूझकर किये गये कार्यों और हाथ-पर-हाथ धरे रहनेके कारण भी है। असलियतमें यह त्रासदी हमारी सोचका परिणाम है। मनुष्य का यह विश्वास है कि वह कुछ भी फिरसे बना या बदल सकता है। हम ब्रह्मांड और इसमें मौजूद सभी वस्तुओंको नियंत्रित कर सकते हैं। हम ही सबसे ताकतवर जीव हैं जो जलवायु परिवर्तनका सामना कर सकते हैंए, आखिर यह तो मौसमसे जुड़ी एक छोटी और मामूली-सी बात है। दरअसल यह सब हमारी वजहसे हो रहा है। मुझे इसे सिलसिलेवार ढंगसे समझाने दें। पहला सवाल यह है कि नेपालमें २६ अगस्तको क्या हुआ। हम सभीने जो तस्वीरें देखी होंगी, वे पहाड़के गिरनेकी हैं-बस ढहनेकी-जब अचानक बाढ़ और ढेरों मलबेने अपने रास्तेमें आने वाली सभी वस्तुओंको दफन कर दिया। इसमें चीनके आव्रजन कार्यालयकी विशाल इमारत भी शामिल थी। यह डरावना दृश्य-सा है, जैसे किसी वैज्ञानिक कल्पनापर आधारित फिल्मसे निकला हो।

अब हम जानते हैं कि यह अचानक आयी बाढ़ अत्यधिक बादल फटनेसे नहीं हुई थी। यह लांगटांग लिरुंग चोटीके पास ऊंचे हिमखंडके ढहनेसे शुरू हुई थी। इसमें अनुमानित १४.२ करोड़ घन मीटर बर्फ और चट्टानें खिसकीं और इससे ५.२ तीव्रताकी भूकम्पीय घटना हुई। इससे प्राकृतिक बांधोंका निर्माण हुआ, जिनमें पानी एवं हिमनदसे बहाकर लायी गाद जमा हो गयी। फिर जब यह बांध टूटा तो इससे निचले इलाकेमें और भी विनाशकारी बाढ़ आयी। इसका कोई मुख्य कारण नहीं है लेकिन दो घटनाओंने इस क्षेत्रमें इस और इसी तरहकी अन्य त्रासदियोंमें बहुत योगदान दिया है। एक है जलवायु परिवर्तनके कारण होने वाली गर्मी। तापमान बढ़नेसे हिमनद पिघलते हैं। यह पिघलकर जब पहाड़से नीचेकी ओर आते हैं तो इससे हिमोढ़ ढलानें कटने लगती हैं। यह बम है जो फटनेके लिए तैयार है। ऐसा नेपालमें भी हुआ है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तनके कारण बेहद मुश्किल मौसम वाली घटनाओंकी आवृत्ति और तीव्रता बढ़ रही है और इससे बाढ़ और भूस्खलन जैसी भीषण आपदाएं आती हैं। ऐसी घटनाएं २०२५ में हिमाचल प्रदेश, २०२४ में सिक्किम और २०२१ में चमोलीमें देखी गयीं। लिहाजा हम जिम्मेदार हैं, हम सभी। इसमें विशेष रूपसे वे देश भी हैं, जिन्होंने वायुमंडलमें ग्रीनहाउस उत्सर्जनके बढ़नेमें सबसे अधिक योगदान दिया है। ग्रीनहाउसके कारण तापमान बढ़ा रहा है और इससे बेकाबू विनाश हो रहा है। लोगोंकी मौतकी ऐतिहासिक जिम्मेदारीसे सर्वाधिक अमीर और सबसे विकसित देश भी पल्ला नहीं झाड़ सकते हैं।

नेपालमें मरने वालोंकी संख्या बढ़ रही थी लेकिन विश्व १८७० के औद्योगिक कालकी तुलनामें १.५ डिग्री सेल्सियस तापमान वृद्धिकी सीमासे नीचे रहनेके परिकल्पित रास्तेपर आगे बढ़नेको तैयार नहीं था। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रमका अनुमान है कि दुनिया कुछ ही वर्षोंमें इस दायरेको लांघ जायगी। वैज्ञानिकोंको पता है कि १.५ डिग्री सेल्सियससे परे तापमान बढ़नेके प्रभाव बढ़ते जायंगे। इसके प्रभाव कहीं अधिक विनाशकारी होंगे- बर्फकी चादरोंके ढहनेसे लेकर अटलांटिक मेरिडियल ओवरटेकिंग सर्कुलेशन जैसी समुद्री धाराओंमें व्यवधान और बहुत कुछ। इस गर्मीमें हमने जो बेहद गर्मी, आग और अन्य मौसमकी असामान्यताएं देखीं, वे केवल उसकी झांकियां थी। काफी घटनाएं होनेका इंतजार कर रही हैं। फिर भी हम अपने पृथ्वीके तंत्रमें टूटनको लेकर शांत दिखते हैं। आज हम इंसानके अनुचित कृत्यों, जैसे बेवजह युद्धोंके कारण आर्थिक और आजीविकाकी चिन्ताओंसे बेहद विचलित हैं और यह मौजूदा संकट महत्वहीन लगता है। हम उत्सर्जनपर महज पैबंद लगा रहे हैं और प्रकृत्तिके दायरेमें रहनेके लिए बदलाव नहीं कर रहे हैं।

हिमालयके मुद्देपर वापस आते हैं। हम जानते हैं कि पारिस्थितिकीतंत्रके इन ज्वलंत स्थानोंपर कभी भी फटने वाले बमोंको विकासकी प्रकृतिने और बदहाल कर दिया है। हम प्रकृतिका ध्यान रखनेके बारेमें बढ़ चढ़कर बातें करते हैं लेकिन उसपर ध्यान ही नहीं दिया जाता है। हमें बदलती जलवायुपर अनिवार्य रूपसे जितना ध्यान रखना चाहिए, उतना रखते नहीं हैं। हम असलियतमें यह विश्वास करते हैं कि हम जो कर सकते हैं, उसे करते रहेंगे और उसका कोई प्रभाव भी उजागर नहीं होगा। जैसे संकीर्ण नदियोंपर बांध बनाकर तैयार होने वाली जलविद्युत परियोजनाओंको लें। मैंने पहले भी कहा है और इसे दोहराऊंगी, यह बांध विकासके नहीं है, बल्कि लापरवाहीके साथ किया विकास है। भारतके हिमालय क्षेत्रमें एकके बाद एक परियोजनाएं आ रही हैं, ताकि गंगाका स्वरूप ही बदल दिया जाय। गंगा स्वाभाविक रूपसे प्रवाहित होना बंद कर देंगी। इसका कारण यह है कि ये परियोजनाएं गंगाके पानीको नियंत्रित करेंगी, इसे बिजली उत्पन्न करनेके लिए ले जायंगी और फिर इसे वापस छोड़ देंगी। इसके साथ ही, हम पहाड़ोंमें सुरंगें बना रहे हैं और सड़कें बना रहे हैं, अक्सर ढलान प्रबंधनके प्रावधानके बिना। मैं और भी बहुत कुछ बता सकती हूं। सचाई यह है कि हम प्रकृतिका संदेश नहीं सुन रहे हैं। प्रकृतिका यह संदेश व्यापक और स्पष्ट रूपसे है-अपनी मानसिकता बदलोय यह सोच कि तुम मुझे वशमें कर सकते हो और मुझे घुटनोंपर ला सकते हो, काम नहीं करेगी। संदेश है 'बदलो या बर्बाद हो जाओ'। सवाल यह है कि क्या हम अपने ध्यान भटकाने वाली चीजोंके शोर-शराबेके बीच इसे सुन सकते हैं।



भरत मिलाप

❐ सदानन्द शास्त्री

भरतको जब पता चला कि माता कैकेयीने उन्हें राजसिंहासनपर बैठानेके लिए रामको १४ वर्ष का वनवास दिलाया है तो वह मातासे भला-बुरा कहने लगे और रामको वापस लानेके लिए वनकी ओर चल दिये। उधर वनमें प्राकृतिक शोभासे युक्त दर्शनीय स्थल चित्रकूट पर्वतपर निवास करते हुए राम-सीता प्राकृतिक छटाका आनन्द ले रहे थे, सहसा उन्हें चतुरंगिणी सेनाका कोलाहल सुनाई दिया और वन्य पशु इधर-उधर भागते हुए दिखाई दिये। यह देखकर राम लक्ष्मणसे बोले, ऐसा प्रतीत होता है कि इस वन-प्रदेशमें वन्य पशुओंके आखेट हेतु किसी राजा या राजकुमारका आगमन हुआ है। तुम जाकर इसका पता लगाओ। लक्ष्मण तुरन्त एक ऊंचे वृक्षपर चढ़ गये। उन्होंने देखा, उत्तर दिशासे एक विशाल सेना हाथी, घोड़ों और अस्त्र-शस्त्रोंसे सुसज्जित सैनिकोंके साथ चली आ रही है जिसके आगे अयोध्याकी पताका लहरा रही थी। लक्ष्मण समझ गये कि वह अयोध्याकी सेना है। रामके पास आकर क्रोधसे लक्ष्मणने कहा, भैया! कैकेयीका पुत्र भरत सेना लेकर इधर चला आ रहा है। वह वनमें अकेला पाकर हमारा वध कर देना चाहता है जिससे निष्कंटक होकर अयोध्यापर राज्य कर सके। मैं इस भरतको उसके पापोंका फल चखाऊंगा। रामने कहा, लक्ष्मण! तुम ये कैसी बातें कर रहे हो। भरत तो मुझे प्राणोंसे भी प्रिय है। अवश्य ही वह मुझे अयोध्या वापस ले जानेके लिए आया होगा। बादमें लक्ष्मण अपने कठोर शब्दोंके लिए क्षमा मांगते हैं और भरत राम जीकी चरण पादुकाएं अयोध्या ले जाते हैं एवं राजकाज संभालते हैं। लखन राम सियं सुनि सुर बानी। अति सुखु लहेउ न जाइ बखानी॥ इहां भरतु सब सहित सहाय। मंदाकिनीं पुनीत नहाय॥ सरित समीप राखि सब लोगा। मागि मातु गुर सचिव नियोगा॥ चले भरतु जहं सिय रघुराई। साथ निषादनाथु लघु भाई॥ लक्ष्मणजी, श्री रामचंद्रजी और सीताजीने देवताओंकी वाणी सुनकर अत्यंत सुख पाया, जो वर्णन नहीं किया जा सकता। यहां भरतजीने सारे समाजके साथ पवित्र मंदाकिनीमें स्नान किया। फिर सबको नदीके समीप ठहराकर तथा माता, गुरु और मंत्रीकी आज्ञा मांग कर निषादराज और शत्रुघ्नको साथ लेकर भरतजी वहां चले जहां श्री सीताजी और श्री रघुनाथजी थे।

हड्डियोंके बदलावको गम्भीरतासे लें

❐ ऋतुपर्ण दवे

हड्डी गतिशील ऊतक है जो अस्थि निर्माण, मॉडलिंग और रीमॉडलिंग जैसी कई प्रक्रियाओंके माध्यमसे लगातार बदलती और अनुकूलित होती रहती है। इसमें आम तौरपर अस्थि क्लास्ट और अस्थि ब्लास्टकी समन्वित गतिविधियां शामिल होती हैं। अस्थि ब्लास्ट वह प्रक्रिया है, जिसमें विशेष कोशिकाएं नयी हड्डीके निर्माण और हड्डीके विकासमें मदद करती हैं। यह हड्डीमें कैल्शियम और अन्य खनिजोंको जमा करके नया अस्थि ऊतक तैयार करती हैं। ब्लास्ट कोशिकाएं अपरिपक्व या शुरुआती स्तरकी कच्ची कोशिकाएं होती हैं जो अस्थि मज्जामें बनती हैं और बादमें परिपक्व होकर लाल रक्त कोशिकाएं, श्वेत रक्त कोशिकाएं या प्लेटलेट्समें बदल जाती हैं। सामान्य अस्थि मज्जामें इनकी संख्या बहुत कम (पांच प्रतिशतसे कम) होती है। यदि अस्थि मज्जा या रक्तमें ब्लास्ट कोशिकाओंकी संख्या बीस प्रतिशत या उससे अधिक हो जाय तो यह ल्यूकेमिया यानी रक्त कैंसर या अन्य अस्थि मज्जा विकारोंका संकेत हो सकता है। जबकि अस्थि क्लास्ट विशेष प्रकारकी अस्थि कोशिकाएं होती हैं, जिनका मुख्य काम पुरानी, क्षतिग्रस्त या अनावश्यक हड्डीके ऊतकोंको तोड़ना और अवशोषित करना होता है। इस चक्रमें गड़बड़ीसे हड्डियोंके स्वास्थ्यमें जटिलताएं उत्पन्न हो सकती हैं। इनमेंसे एक जटिलता ऑस्टियोपोरोसिस है, जिससे विश्व स्तरपर लाखों लोग प्रभावित हैं। यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही हैं। इससे अमूमन प्रतिवर्ष लगभग नौ लाख लोगोंकी हड्डियां टूटती हैं। ऑस्टियोपोरोसिस एक जटिल विकार है जो जीवनशैली, शारीरिक गतिविधियां, आनुवंशिकी, हार्मोनल और अंतःस्रावी तंत्र, सह-रुग्णता यानी पूर्वसे मौजूदा रोग और कुछ दवाओंके उपयोग सहित कई कारकोंसे प्रभावित होता है। इसीसे बचाव, निदान और उपचारके लिए जागरूक करनेके हेतु हर वर्ष २० अक्तूबरको विश्व ऑस्टियोपोरोसिस-डे अलग-अलग थीमके साथ मनाया जाता है। इस वर्षकी थीम है 'बिल्ड, प्रोटेक्ट, स्ट्रेनदन योर बोन्स फॉर लाइफ' यानी जीवनभरके लिए अपनी हड्डियोंका निर्माण करें, रक्षा करें और उन्हें मजबूत बनायें। ऑस्टियोपोरोसिसको साइलेंट यानी 'खामोश बीमारी' कहा जाता है, क्योंकि शुरुआती दौरमें इसके कोई स्पष्ट लक्षण नहीं दिखते हैं। प्रायः इसका पता तब चलता है जब मामूली झटके, छींकने या गिरनेसे हड्डी टूट जाती है। इसके कारण कूल्हे, रीढ़ और कलाईकी हड्डियां टूटनेका खतरा सबसे ज्यादा रहता है।

विश्व आस्टियोपोरोसिस दिवसका मुख्य उद्देश्य लोगोंमें हड्डियोंकी कमजोरी और नाजुक होनेकी बीमारीके कारणों, इसकी रोकथाम और शुरुआती निदान एवं इलाजके प्रति वैश्विक जागरूकता बढ़ाना है। इस अभियानका नेतृत्व वैश्विक स्तरपर इंटरनेशनल ऑस्टियोपोरोसिस फाउंडेशन यानी आईओएफ द्वारा किया जाता है। सच तो यह है कि उम्र बढ़नेके साथ नयी हड्डियोंके बननेकी तुलनामें पुरानी हड्डियोंके नष्ट होनेकी गति तेज हो जाती है। हार्मोनल बदलावके चलते महिलाओंमें मेनोपॉज यानी महावारी बंद होनेके बाद एस्ट्रोजन हार्मोनकी कमीसे यह समस्या तेजीसे बढ़ती है। वहीं पुरुषोंमें ५०-६० वर्षकी आयुके बाद जोखिम बढ़ जाता है। पोषणकी कमी होनेसे भी शरीरमें कैल्शियम और विटामिन-डी की भारी कमी हो जाती है जिससे भी हड्डी कमजोर हो जाती है और इसके टूटनेका खतरा बढ़ जाता है। अन्य कारणोंसे भी हमारी हड्डियां कमजोर और क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। शारीरिक गतिविधियोंमें सक्रिय न रहना, धूम्रपान, अत्यधिक शराब पीना और कुछ खास दवाओं (जैसे स्टेरॉयड) का लम्बे समयतक इस्तेमालका भी प्रभाव पड़ता है। इसका पता लगानेके लिए आम तौरपर प्रचलित साधारण एक्स-रे की जगह डेक्सा स्कैन कराया जाता है जिसे चिकित्सकीय भाषामें बोन मिनरल डेंसिटी टेस्ट कहते हैं। ऑस्टियोपोरोसिस इसलिए भी बहुत खतरनाक हो जाता है, क्योंकि इसके कोई शुरुआती लक्षण नहीं दिखते हैं। इस बीमारीमें कोई संकेत भी नहीं मिलता है जिससे महसूस हो सके कि आस्टियोपोरोसिससे व्यक्ति घिरता जा रहा है। इस बीमारीमें सिरदर्द, बुखार या पेट दर्द भी नहीं होता जिससे पता चल सके कि शरीरमें कुछ गड़बड़ी है। हां बहुत ही मामूली तौरपर शरीरमें कुछ बदलाव नजर आ सकते हैं जो यह संकेत दे सकते हैं कि हड्डियां कमजोर या घनी हो रही हैं। ऑस्टियोपोरोसिसके संकेतोंके लिए कुछ चेतावनियां भी हैं जैसे कि लम्बाईमें इंच-सवाइंच या उससे अधिककी कमी होना। स्वाभाविक शारीरिक मुद्रामें परिवर्तन, जैसे झुकना या आगेकी ओर अधिक मुड़ना, सांस लेनेमें तकलीफ होती है जिसकी वजह रीढ़की हड्डीमें डिस्कके संकुचित होनेसे फेफड़ोंकी क्षमता कम हो जाती है।

किसी व्यक्ति द्वारा अपने शारीरिक रूपमें होने वाले बदलावोंको पहचानना मुश्किल हो सकता है। इसको स्वजन या अन्य लोग जिनसे आप कुछ अन्तरालसे मिल रहे हैं वही बता सकते हैं कि शरीरमें क्या बदलाव दिख रहे हैं। इसके लिए एक सुझाव यह भी दिया जाता है कि स्वास्थ्य सेवा प्रदातासे मिलकर अस्थि घनत्व परीक्षण करवाना चाहिए। ५० वर्षसे अधिक आयुके लगभग एक-तिहाई वयस्कोंमें, जिन्हें ऑस्टियोपोरोसिस नहीं है, ऑस्टियोपेनिया पाया जाता है। इसका अर्थ यह है कि उनकी हड्डियोंका घनत्व उनकी उम्रके हिसाबसे कम है। यह भी ऑस्टियोपोरोसिसके प्रारंभिक लक्षण हैं। यदि ऑस्टियोपेनियाका इलाज समयपर न किया गया तो यह ऑस्टियोपोरोसिसमें परिवर्तित हो सकता है। इसलिए बढ़ती उम्रमें ऐसी बीमारियोंसे बचनेके लिए सचेत रहते हुए समय-समयपर जरूरी चिकित्सकीय परामर्श लेते रहना आवश्यक होता है।

नशीली दवाओं के साथ युवक गिरफ्तार

बांसी (सिद्धार्थनगर)। पुलिसक्षेत्राधिकारी शुबेन्दु सिंह के पर्यवेक्षण व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र प्रताप चतुर्वेदी के नेतृत्व में 20 अक्टूबर मंगलवार को पुलिस ने एक व्यक्ति को प्रतिबंधित कोडीन सिरप तथा अन्य नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक राम प्रताप सिंह मय पुलिस बल के साथ दुर्गा प्रतिमा विसर्जन ड्यूटी से होकर तेलौरा बाजार में मौजूद थे कि मुखबीर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि तेलौरा के पास एक मकान में एक युवक नशीली दवाओं के साथ तेलौरा से रोहुआ मार्ग पर स्थित ट्रैवल एजेन्सी से कहीं जाने की फिराक में है। सूचना पर मिलते ही पुलिस रोहुआ मार्ग पर स्थित ट्रैवल एजेन्सी के पास पहुंची तो ट्रैवल एजेन्सी के निकट बने मकान में एक युवक एक बैग व बोरा लिए खड़ा दिखाई दिया। किसी तरह पुलिस ने प्रयास करके उसे पकड़ लिया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम सूर्य प्रकाश यादव पुत्र परशुराम यादव पता पिपरा नानकार थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर बताया। पुलिस ने बोरा खोला तो 238 शीशी प्रतिबंधित कोडीन सिरप व 2 डिब्बे में 10 टैबलेट के 50 पत्ते कुल 500



टैबलेट रैपर सहित निट्राजेपम व एक अदद मोबाइल बरामद हुई। पूछताछ करने पर उसने बताया कि मेरी दोस्ती जुनैद नाम के लड़के से करीब एक माह पहले हुई थी जिसके पिता का नाम व पता मुझे नहीं मालूम है। 19 अक्टूबर को दोपहर में जुनैद मिला और मुझसे कहा कि बैग व बोरे में जो माल पैक है, उसको तेलौरा ले जाकर बस में रखवा देना और बस का भाड़ा दे देना। आज माल लेकर मुम्बई भेजने के लिए ट्रैवल एजेंसी तेलौरा बाजार आया था। गिरफ्तारी व बरादगी के आधार पर कोतवाली पुलिस ने मुअसं 197/2026 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर न्यायालय भेज दिया गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक के अलावा उपनिरीक्षक राम प्रताप सिंह, शम्स जावेद खान, मुख्य आरक्षी यशवंत कुमार, राम प्रकाश, अमरनाथ, देवानन्द यादव, वीरेन्द्र कुमार, सन्तोष पाण्डेय ऑर आरक्षी हमेन्त कुमार शामिल रहे।

डीजे की तेज आवाज के बीच नवजात की मौत, परिजनों ने लगाये गम्भीर आरोप

सिद्धार्थनगर। जनपद सिद्धार्थनगर अन्तर्गत थानाक्षेत्र ढेबरुआ के नगर पंचायत बढ़नी कस्बे में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान डीजे की तेज आवाज के बीच दो दिन के एक नवजात की मौत का मामला सामने आया है। घटना बढ़नी कस्बे के वार्ड नं0-09 स्थित रामलीला मैदान की बताई जा रही है। नवजात के परिजनों ने आरोप लगाया है कि विसर्जन के दौरान रामलीला मैदान में डीजे की तेज आवाज और कम्पन के बीच बच्चे की तबीयत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। वहीं मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई को लेकर सवाल उठने लगे हैं। आपको बता दें कि नपं बढ़नी कस्बे के वार्ड नं0-09 स्थित रामलीला मैदान निवासी जावेद की पत्नी सबरून्निशा ने 18 अक्टूबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बढ़नी में एक पुत्र को जन्म दिया था। परिजनों के मुताबिक मंगलवार की देर रात रामलीला मैदान में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान डीजे की तेज आवाज गूंज रही थी। इसी दौरान नवजात की तबीयत बिगड़ गई। नवजात बच्चे की मां सबरून्निशा ने बताया कि रात करीब 11ः30 बजे बच्चा एक बार रोया, जिसके बाद उसकी सांसें थम गई। बच्चे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिजनों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलने के बाद रात करीब 2ः15 बजे शोहरतगढ़ के क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी भारी पुलिस बल के साथ पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने परिजनों से घटना के सम्बन्ध में जानकारी ली और मामले में कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। परिजनों ने डीजे की तेज आवाज और कम्पन को मौत की वजह बताया है। ऐसे में यह देखना अहम होगा कि जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है। नवजात शिशु की मौत की घटना ने धार्मिक आयोजनों और प्रतिमा विसर्जन के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाने तथा ध्वनि प्रदूषण के नियमों के पालन पर गम्भीर सवाल खड़े कर दिये हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज आवाज के कारण आम जनजीवन प्रभावित होता है, लेकिन निर्धारित ध्वनि मानकों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाये जा रहे हैं।

परिजनों के आरोपों के बाद यह सवाल भी उठ रहा है कि सार्वजनिक आयोजनों में ध्वनि की तीव्रता पर निगरानी रखने और नियमों का उल्लंघन रोकने के लिए प्रशासन ने क्या व्यवस्था की थी। नगर पंचायत बढ़नी कस्बे में डीजे की तेज आवाज से परेशान स्थानीय लोगों ने पहले ही ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने की मांग उठाई थी। लोगों के मुताबिक उन्होंने बीते 5 अक्टूबर सोमवार को डीएम शिवशरणप्पा जीएन और एसएसपी डॉ0 अभिषेक महाजन से मुलाकात कर तेज आवाज में डीजे बजाने पर प्रभावी नियंत्रण लगाने की गुहार लगाई थी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इसके बावजूद डीजे की तेज आवाज पर प्रभावी अंकुश नहीं लग सका।

स्थानीय लोगों का कहना है कि धार्मिक आयोजनों के दौरान आस्था और परम्पराओं के साथ आम नागरिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और शान्ति का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। इसके लिए ध्वनि प्रदूषण सम्बन्धी नियमों का सख्ती से पालन कराना जरूरी है। वहीं बता दें कि जब स्थानीय लोग पहले ही डीएम और एसएसपी से तेज आवाज में डीजे बजाने पर रोक लगाने की मांग कर चुके थे, तो ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियन्त्रण क्यों नहीं हो सका? क्या सम्बन्धित अधिकारियों ने शिकायतों के बाद मौके पर जांच की थी? क्या डीजे की तेज आवाज के दौरान निर्धारित ध्वनि मानकों का पालन कराया गया? ये ऐसे सवाल हैं, जिनका जवाब जांच और प्रशासनिक कार्रवाई के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल नवजात बच्चे की मौत से जुड़ा मामला संवेदनशील बना हुआ है।

नौजवानों ने शस्त्रों के साथ निकाली शोभायात्रा, मनाया विजयादशमी उत्सव

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की ओर से मंगलवार को शोहरतगढ़ कस्बे के श्रीराम जानकी मंदिर में संघ स्थापना दिवस व विजयादशमी उत्सव कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान शस्त्रों की पूजा कर उत्सव के महत्व से परिचित कराया गया। इसके बाद नौजवानों ने विशाल शोभायात्रा निकाली। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों को बौद्धिक देते हुए विभाग प्रचारक राजीव नयन ने कहा कि संघ आज 100 वर्ष की यात्रा पूरी कर लिया है। संघ संस्थापक डॉ0 केशव बलिराम हेडगेवार ने संघ की स्थापना दुनिया के अन्दर भारत माता की जय जयकार के लिए की थी, जो आज साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि संघ ने अपनी साधना के बलबूते 100 वर्ष की यात्रा पूरी की है। इसके पीछे स्वयंसेवकों का त्याग व बलिदान शामिल है। स्वयंसेवक प्रतिदिन एक घंटे साधना करता है। इसे देख दुनिया भी संघ को आशा भरी निगाहों के देखता है। देश बार-बार गुलामी की बेड़ियों में जकड़ता रहा। शक, हुड़, अंग्रेज व मुगलों ने देश को गुलाम बनाया। डॉ0 हेडगेवार ने गुलामी की बेड़ियों से भारत माता को आजाद कराने के लिए संघ स्थापना का संकल्प लिया, जो कि आज विशाल वट वृक्ष के रूप में खड़ा है। डॉ0 हेडगेवार का सपना था कि संत रविदास, संत कबीर, स्वामी विवेकानन्द के सपनों का देश बनायेंगे, ताकि दुनिया के अन्दर भारत माता की जय जयकार हो। आज दुनिया में भारत भी अपना लोहा मनवा रहा है। विभाग प्रचारक के बौद्धिक से पहले भारत माता, प्रभु श्रीराम, डॉ0 हेडगेवार व गुरु जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शस्त्रों की पूजा की गई। इस दौरान जिला कार्यवाह शिवेन्द्र सिंह, नगर संघ चालक राजेश आर्या, खण्ड कार्यवाह पंकज श्रीवास्तव, नगर प्रचारक शिवाकान्त, ऋषि वर्मा, रमेश गुप्ता, धर्मेन्द्र अग्रहरि, नन्दू गौड़, शिवशक्ति शर्मा, हर्षित शर्मा, सूरज निगम, संजय अग्रहरि, नरेन्द्र पाण्डेय, काशी नाथ रौनियार, रविकान्त रौनियार,



विधायक विनय वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष साधना चौधरी आदि मौजूद रहीं। संघ का कार्यक्रम श्रीराम जानकी मन्दिर में समाप्त होने के बाद श्रीदुर्गा पूजा संचालन समिति के नेतृत्व में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बच्चों से लेकर नौजवान हाथों में शस्त्र लेकर जयकार लगाते रहे। यह शोभायात्रा जुलूस मंदिर परिसर से निकलकर सरकारी अस्पताल, गड़ाकुल तिरंगा तिराहा, वापस सरकारी अस्पताल, नगर पंचायत कार्यकाल, गोलघर, भारत माता चौक, सोनारी मोहल्ला, प्रेम मेडिकल स्टोर गली, शान्ति मार्केट, मोती नेता तिराहा, नीबी दोहनी होते हुए वापस पुलिस पीकेट होकर मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। इस विशाल शोभायात्रा में सभी के हाथों में मौजूद शस्त्र आकर्षण का केन्द्र रहा। मां के भक्तों ने उत्साह में जगह-जगह हथगोला फोड़ा, जिसका सभी ने स्वागत भी किया। शोभा यात्रा में सासंद जगदम्बिका पाल, विधायक विनय वर्मा, साधना चौधरी, सिद्धार्थ चौधरी, किशोरी लाल, रामसेवक गुप्ता, चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, बब्लू गौड़, राजकुमार मोदनवाल, अभय प्रताप सिंह, सौरभ गुप्ता, गुड्डू पाण्डेय आदि मौजूद रहें। वहीं विशाल शोभायात्रा को लेकर पुलिस चौकन्ना रही। पूरे कस्बे में जगह-जगह पुलिस की ड्यूटी लगाकर निगरानी की जाती रही। इसके अलावा पूरे जुलूस में भी पुलिस मौजूदगी बनाये रखी। शोभायात्रा 10 बजे से प्रारम्भ होकर लगभग एक बजे दोपहर सम्पन्न हुआ। इसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

दशहरा पर्व के अवसर पर जमोहना कुटी पर भंडारे का आयोजन

बांसी (सिद्धार्थनगर) ।विजय दशमी पर्व के पावन अवसर पर तहसील क्षेत्र अन्तर्गत स्थित ऐतिहासिक जमोहना कुटी पर भव्य देवी जागरण और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व समाज सेवी इंजीनियर अशोक त्रिपाठी द्वारा विगत कई वर्षों से लगातार कराया जाता रहा है, जो क्षेत्र में धार्मिक आस्था और सामाजिक सौहार्द की एक अनुकरणीय मिसाल बन चुका है। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सांसद डॉक्टर चंद्रशेखर त्रिपाठी ने मां दुर्गा की आरती व दीप प्रज्वलन के साथ किया। तत्पश्चात आयोजित देवी जागरण में स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक और भक्तिपूर्ण भजनों की प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कलाकारों के भजनों पर उपस्थित जनसमूह भक्ति-भाव में सराबोर होकर झूमता नजर आया और पूरा प्रांगण %जय माता दी% के जयकारों से गुंजायमान रहा। देवी जागरण के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूर्ण श्रद्धा के साथ प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक मंडल द्वारा आगंतुकों की सुविधा और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। कार्यक्रम के दौरान आयोजक एवं भाजपा नेता अशोक त्रिपाठी ने क्षेत्रवासियों व श्रद्धालुओं को विजयादशमी पर्व की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दिया। उन्होंने कहा ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा मजबूत होता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भोला पाठक, अमय पाण्डेय, मनोज कुमार पाण्डेय, धनंजय मिश्र, सन्तोष त्रिपाठी, कैलाश बाजपेई, विकास मिश्र, देवी शंकर मिश्रा, के.के. पाण्डेय, विजय मिश्रा, राकेश मिश्रा, रुपेश महाजन, शंभू कश्यप, संजय शर्मा, अशोक कुमार मिश्रा, ऋषि श्रीवास्तव, देवेंद्र पाण्डेय, जगदंबा मिश्रा, मनोज यादव, जीवन अग्रहरि, पप्लू पाण्डेय, हनुमान दास नागा, ओपी राय, गिरिजेश द्विवेदी और राकेश त्रिपाठी आदि सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

मूर्ति विसर्जन के साथ शारदीय नवरात्र संपन्न

सोहास बाजार, सिद्धार्थनगर ।बुधवार को मां दुर्गा,काली एवं अन्य देवी और देवताओं के मूर्तियों के कूड़ा नदी तथा जमुवार नाले में विसर्जन के साथ इस वर्ष का शारदीय नवरात्र संपन्न हो गया।प्राप्त जानकारी के मुताबिक सोहास के कुछ गांवों में मंगलवार को ही मूर्तियों का विसर्जन कर दिया गया था।उसका बाजार से सटे इलाकों मे यह कार्यक्रम बुधवार को पूरे गाजे बाजे के साथ नाचते गाते हुए मूर्तियों को नदियों के तट पर लाकर आरती और पूजा करके विसर्जन कर दिया गया।विसर्जन का कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा।

बौद्ध धम्म सम्मेलन में बुद्ध और बाबा साहेब के मार्ग पर चलने का संकल्प

इटवा(सिद्धार्थनगर)। भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में मंगलवार को सम्राट अशोक विजयादशमी धम्म दशमी के अवसर पर विश्व पंचशील शांति जुलूस एवं भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ग्राम पिपरा मुर्गिहवा



से प्रांतीय उपाध्यक्ष केदारनाथ आजाद ने पंचशील ध्वज दिखाकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। इसमें बड़ी संख्या में बौद्ध अनुयायियों ने भाग लिया।शोभायात्रा इटवा नगर पंचायत के चारों प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान भगवान बुद्ध, बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर और सम्राट अशोक के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

महिला, पुरुष, युवा और बच्चे हाथों में पंचशील ध्वज लेकर शांति, सद्भाव, समानता और भाईचारे का संदेश देते हुए आगे बढ़े।

इसके बाद माता प्रसाद जायसवाल इंटर कॉलेज परिसर में बुद्ध, सम्राट अशोक और बाबा साहेब के चित्रों पर दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किए गए। बौद्ध धम्म दीक्षा एवं धम्म देशना कार्यक्रम में अनुयायियों ने त्रिशरण और पंचशील ग्रहण किया।

मुख्य अतिथि भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष राम मिलन गौतम ने कहा कि सम्राट अशोक ने विजयादशमी के दिन हिंसा का मार्ग छोड़कर अहिंसा का संदेश दिया था, जो आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने भगवान बुद्ध की करुणा, मैत्री और शांति तथा बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।कार्यक्रम का संचालन जय किशोर गौतम ने किया।

इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष अनिल गौतम, डॉ. जेपी बौद्ध, राधेश्याम गौतम, भाजपा नेता जयवर्धन तिवारी, भीम आर्मी नेता कालीचरण यादव, बेचई यादव, अशोक कुमार, प्रेम सागर, राम प्रकट, अजय गौतम, ओमप्रकाश, जयप्रकाश, राम अचल, ध्रुव कुमार, परशुराम, कल्लू गौतम, बहरैची प्रसाद प्रेमी, राम यज्ञ गौतम, चन्द्र भूषण सहित बड़ी संख्या में बौद्ध अनुयायी मौजूद रहे।

कड़ी सुरक्षा के बीच धूमधाम से संपन्न हुआ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

बांसी (सिद्धार्थनगर)। माता रानी की मनमोहक प्रतिमाएं गाजे-बाजे और जयकारों के साथ राप्ती नदी के तट की ओर रवाना हुईं, जहां श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माँ को विदाई दी।पर्यावरण संरक्षण और नदी की निर्मलता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, प्रशासन और नगरपालिका के सहयोग से मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन राप्ती नदी के किनारे विशेष रूप से तैयार किए गए अस्थाई पोखरे में क्रेन की सहायता से सकुशल संपन्न कराया गया। इस पहल ने श्रद्धालुओं की आस्था के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी को भी सुंदर संदेश दिया। विसर्जन प्रक्रिया को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए नगरपालिका बांसी द्वारा राप्ती नदी व पोखरे के आसपास कड़े इंतजाम किए गए थे। तट पर मजबूत बैरिकेडिंग की गई थी। प्रभारी निरीक्षक महेंद्र प्रताप चतुर्वेदी के नेतृत्व में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल मुस्तैद रहा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त लाइटिंग के इंतजाम किए गए थे। प्रशासनिक निगरानी और त्वरित सहायता के लिए तट पर एक विशेष कैंप कार्यालय स्थापित किया गया था, जहां से सभी व्यवस्थाओं का संचालन सुचारू रूप से हुआ।विसर्जन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था और प्रबंधों का जायजा लेने के लिए प्रमुख जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी



लगातार मुस्तैद रहे। नगरपालिका अध्यक्ष चमन आरा रायनी तथा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मोहम्मद इदरीश पटवारी ने मौके पर पहुंचकर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं और शांतिपूर्ण तरीके से विसर्जन संपन्न कराने में सहयोग की सराहना की। इस दौरान पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मोनू दुबे भी मौजूद रहे।

उपजिलाधिकारी विश्वमित्र सिंह, तहसीलदार बृजेश कुमार, नायब तहसीलदार चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, नगरपालिका अधिशासी अधिकारी जय प्रकाश सिंह यादव भी लगातार जायजा लेते रहे। इस दौरान राजस्व निरीक्षक सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, सदर लेखपाल ग्रीशचंद्र श्रीवास्तव, विनोद गौतम, सोमेंद्र कौशिक, राम मोहन पाण्डेय और मोती यादव सहित राजस्व विभाग एवं नगरपालिका की पूरी टीम ने विसर्जन स्थल पर मौजूद रही।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दशहरा पर्व

इटवा (सिद्धार्थनगर)। स्थानीय कस्बे सहित पूरे तहसील क्षेत्र में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान करहिया पुल, भिलोरी पुल, रतनपुर, होरिलापुर और मधवापुर सहित विभिन्न घाटों पर मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विजयादशमी के अवसर पर इटवा कस्बे में मां शेरावाली की प्रतिमा के साथ शोभायात्रा निकाली गई। कस्बे के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करने के बाद मंगलवार शाम को करहिया पुल के पास प्रतिमा का शांतिपूर्ण ढंग से विसर्जन किया गया। दुर्गा पूजा के अंतिम दिन सोमवार को हवन-पूजन हुआ, जबकि मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। श्री सिद्धि विनायक ग्रुप की ओर से श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। इसमें अनिल कसौधन, इंद्रसेन सोनी और गोविंद सोनी आदि का सहयोग रहा।

दुर्गा पूजा समिति इटवा के कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं के सहयोग से प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें सुनील जायसवाल, अखिलेश जायसवाल, राधेश्याम जायसवाल, दुर्गा जायसवाल, व्यवसायी ओम प्रकाश छापड़िया, व्यापार मंडल के महामंत्री अनिल जायसवाल, माधव कसौधन, आनंद छापड़िया, नरेंद्र छापड़िया तथा व्यापार मंडल इटवा के अध्यक्ष शिव कुमार वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोगों का सहयोग रहा। विसर्जन के दौरान पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। प्रभारी निरीक्षक इटवा अनिल कुमार दूबे पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मृत्यु

बांसी (सिद्धार्थनगर)। थाना शिवनगर डीडई क्षेत्र के ग्राम असनहरी निवासी वीरेंद्र कुमार चौधरी (42) पुत्र राम अछैबर, की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। मंगलवार की देर शाम असनहरा दक्षिण पुल के पास हुए हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बुधवार की सुबह करीब पांच बजे उन्होंने जीवन का अन्तिम साँस लिया। घटना के बाद गांव में शोक की लहर व्याप्त है। वीरेंद्र कुमार की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वह अपने पीछे पत्नी रेखा (40) और दो नाबालिग पुत्र रितेश (15) और पुत्री अंशिका (14) को छोड़ गए हैं।परिवार के मुखिया की असमय मौत से पत्नी और बच्चों के सामने दुखों के साथ ही भविष्य को लेकर भी चिंता खड़ी हो गई है। दुर्घटना के बाद पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने के लिए तहसील प्रशासन की ओर से भी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। स्थानीय लेखपाल ने बताया कि दुर्घटना का स्थलीय अवलोकन किया गया है तथा पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।इस सन्दर्भ में थानाध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल वीरेंद्र कुमार की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

किसान दिवस का आयोजन

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री बलराम सिंह की उपस्थिति में



अम्बेडकर सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया।

बैठक में उप कृषि निदेशक द्वारा पिछली बैठक की कार्यवृत्त को पढ़ा गया, जिसमें अधिकांश शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया है। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने किसान दिवस में उपस्थित किसानों की समस्याओं को सुना गया। जिलाधिकारी ने किसानो से कहा कि आप लोगो की जो भी शिकायते है उसे लिखित में दे जिससे समस्याओ का निस्तारण कराया जा सके। जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जीएन ने किसान दिवस में सभी सम्बंधित अधिकारियों को स्वयं उपस्थित होने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने किसानो को किसान सम्मान निधि, फार्मर रजिस्ट्री, बिजली बिल, दवा व बीज तथा सिंचाई से सम्बंधित समस्याओं का निस्तारण कराने का निर्देश दिया। सभी अधिकारीगण किसानों की समस्याओं का शत प्रतिशत निस्तारण करायें। जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जीएन ने सम्बन्धित को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों को संबधित अधिकारियों को प्रेषित करके उनकी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण कराये। भारत सरकार/उ0प्र0 सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ सभी पात्र लाभार्थियों को मिलना चाहिए। जिला कृषि अधिकारी द्वारा बैठक में आए हुए समस्त अधिकारीगण व सम्मानित कृषको को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस बैठक में उप कृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी रवि शंकर पाण्डेय, सहा0 निदेशक मत्स्य नन्द किशोर, ए0आर0कोआपरेटिव प्रकाश बहादुर गौतम, तथा किसान यूनियन के समस्त पदाधिकारी एवं किसान व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

मतदान पार्टियां आज प्रात: नौ बजे से होंगी रवाना

संत कबीर नगर। उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सत्य प्रकाश द्वारा सूचनार्थ अवगत कराया गया है कि मा0 निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र (विधान परिषद) के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 का मतदान दिनांक 23.10.2026 को प्रात: 08ः00 बजे से सायं 04ः00 बजे तक नियत है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने हेतु मतदान पार्टियां दिनांक 22.10.2026 को प्रात: 09ः00 बजे से जिला पंचायत रिर्सोस सेन्टर, (डीपीआरसी) विकास भवन से रवाना होंगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 हेतु जनपद संत कबीर नगर में कुल 07 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं और मतदाताओं की कुल संख्या 1540 है। बनाए गए मतदान केंद्र 194, क्षेत्र पंचायत कार्यालय भवन सांथा, 195, क्षेत्र पंचायत कार्यालय भवन मेहदावल, 196, क्षेत्र पंचायत कार्यालय भवन सेमरियावां,197, क्षेत्र पंचायत कार्यालय भवन बघौली, 198, क्षेत्र पंचायत कार्यालय भवन खलीलाबाद, 199, क्षेत्र पंचायत कार्यालय भवन नाथनगर व 200, क्षेत्र पंचायत कार्यालय भवन हैंसर बाजार को मतदान केंद्र बनाया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, मतदान अधिकारियों एवं माइक्रो ऑब्जर्वर्स को निर्देशित किया गया है कि संपूर्ण मतदान प्रक्रिया को सकुशल एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने हेतु निर्धारित तिथि एवं अपनी ड्यूटी के अनुसार पूरी संवेदनशीलता के साथ संपन्न कराना सुनिश्चित करेंगे।

डीजे की आवाज को लेकर विवाद, मारपीट तक पहुंचा

सिद्धार्थनगर(इटवा के कुनगाई गांव में डीजे की तेज आवाज पर दो पक्षों में विवाद हुआ, जो दो दिन में मारपीट तक पहुंचा। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर कुल 13 लोगों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए हैं। रंगीलाल यादव ने बताया कि 18 अक्टूबर रात करीब 10 बजे दिलीप चौरसिया तेज आवाज में डीजे बजाते हुए निकले। बेटों सुजल और विशाल ने तेज आवाज से परेशानी बताई, जिस पर कहासुनी हुई। गांव वालों ने शांत कराया।रंगीलाल ने शिकायत की, 19 अक्टूबर रात उनके बेटे सुजल और विशाल दुर्गा पूजा से लौट रहे थे। रास्ते में दिलीप चौरसिया, ओमकार, संगीता, दौलत चौरसिया, सुभाष गुप्ता, द्वारिका प्रसाद, रमेश ने उन्हें रोककर लाठी-डंडों से पीटा। मारपीट में चोटें आई और जान से मारने की धमकी मिली। रंगीलाल की तहरीर पर 20 अक्टूबर को दिलीप चौरसिया समेत सात लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ। दूसरे पक्ष की शिकायत पर भी छह लोगों पर मामला दर्ज हुआ।

शक्ति ट्रस्ट फाउंडेशन ने फल प्रसाद वितरित कर दिया सेवा, सद्भाव और भक्ति का संदेश

संतकबीरनगर। शारदीय नवरात्र और विजयादशमी (दशहरा) के पावन पर्व पर शक्ति ट्रस्ट फाउंडेशन की ओर से फल प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। फाउंडेशन की अध्यक्ष मीरा गुप्ता ने प्रसाद वितरित कर लोगों को त्योहार की खुशियों में सहभागी बनाया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों सहित समस्त प्रदेश और देश के लोगों को नवरात्र एवं दशहरा की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मां दुर्गा से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली बनाए रखने की प्रार्थना की।

मीरा गुप्ता ने कहा कि नवरात्र का पर्व शक्ति, श्रद्धा, भक्ति और नारी सम्मान का प्रतीक है। मां दुर्गा की आराधना हमें साहस, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा देती है। वहीं, विजयादशमी बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय का संदेश देती है। ये पावन पर्व हमें अपने भीतर की बुराइयों को त्यागकर सदाचार, सेवा और मानवता के मार्ग पर चलने की सीख देते हैं।

उन्होंने कहा कि त्योहारों की वास्तविक खुशी जरूरतमंदों के साथ खुशियां बांटने और समाज में प्रेम एवं भाईचारे को मजबूत करने में है। शक्ति ट्रस्ट फाउंडेशन समाजसेवा और जनकल्याण की भावना के साथ लोगों के बीच सकारात्मक संदेश पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी से आपसी सद्भाव बनाए रखने और एक-दूसरे की सहायता के लिए आगे आने की अपील की।

इस दौरान फाउंडेशन के कार्यकर्ता और पदाधिकारी सहित आदि लोगों उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक ने की पूजा अर्चना

संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा खलीलाबाद शहर स्थित प्रसिद्ध श्री समय माता मंदिर में दर्शन-पूजन किया गया तथा विधि-विधान से आरती की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय ने माता रानी के दर्शन कर जनपद में सुख-शांति, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धा एवं भक्तिभाव का वातावरण रहा। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पर्व के अवसर पर जनपद में शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारा बनाए रखने के महत्व पर बल दिया गया। साथ ही, त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन की प्रतिबद्धता बनी हुई है।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद प्रियम राजशेखर पाण्डेय, तहसीलदार खलीलाबाद, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद जय प्रकाश दूबे, प्रभारी यातायात परमहंस, पीआरओ पुलिस अधीक्षक पी0के0 गुप्ता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा ने लगाया लंगर, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

संतकबीरनगर। शारदीय नवरात्रि पर्व के समापन पर मूर्ति विसर्जन के दौरान खलीलाबाद में श्रद्धा, सेवा और आपसी सौहार्द की अनूठी मिसाल देखने को मिली। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा सोसाइटी खलीलाबाद की ओर से वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए सरदार कॉलोनी गोला बाजार में चाय के लंगर का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर भ्रमण करते हुए मूर्ति विसर्जन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं को चाय वितरित की गई।*लंगर सेवा की शुरुआत शाम को गुरु घर के सेवक द्वारा अरदास करने के बाद की गई इसके पश्चात श्रद्धालुओं को चाय का प्रसाद वितरित किया जाने लगा। यह सेवा देर रात तक अनवरत चलती रही । लंगर के दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने चाय का प्रसाद ग्रहण किया। सेवा में शामिल लोगों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाई।गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से आयोजित इस सेवा में सिख संगत ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। संगत के सदस्यों ने पूरे समर्पण भाव से श्रद्धालुओं को चाय वितरित की। मूर्ति विसर्जन के दौरान नगर में उमड़ी भीड़ के बीच लंगर सेवा ने श्रद्धालुओं को राहत पहुंचाने के साथ ही सेवा और सहयोग का संदेश दिया।

गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा सोसाइटीकी ओर से प्रतिवर्ष निभाई जाने वाली यह परंपरा धार्मिक आयोजनों के बीच सामाजिक सद्भाव, भाईचारे और मानव सेवा की भावना को मजबूत करती है। आयोजन के माध्यम से सिख संगत ने यह संदेश दिया कि सेवा और समर्पण ही समाज को जोड़ने का सबसे सशक्त माध्यम है।

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के बाद स्नान कर रहे युवक की मनोरमा नदी में डूबने से मौत

दुबौलिया,हर्रैया(बस्ती)। स्थानीय थाना क्षेत्र के बरुआ बाबा अजगरा के पास मनोरमा नदी के घाट पर मंगलवार देर शाम दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के बाद स्नान करते समय एक युवक की डूबने से मौत हो गई।

स्थानीय गोताखोरों और पुलिस की मदद से उसे नदी से बाहर निकाला गया। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कलवारी ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार, सरवनपुर पांडेय गांव से मंगलवार को लोग मनोरमा नदी बरुआ बाबा अजगरा घाट पर मूर्ति विसर्जन करने गए थे। रात करीब आठ बजे विसर्जन के बाद लोग नदी में स्नान करने लगे। इसी दौरान 22 वर्षीय सुद्धू चौधरी पुत्र राम लौट तेज



बहाव में बहने लगा और देखते ही देखते लापता हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश कराई। युवक को बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घाट पर विसर्जन के दौरान मारपीट होने की बात भी स्थानीय लोगों ने बताई है हालांकि इस संबंध

◆मां ने सदमे में फांसी लगाने का किया प्रयास, महिलाओं ने बचाई जान

में आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

इकलौते बेटे की मौत से परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

सुद्धू चौधरी अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां अनीता देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। वह बार-बार लोगों से पूछ रही हैं कि उनका बेटा कब घर लौटेगा। परिवार को सांत्वना देने पहुंचे लोग भी इस हृदयविदारक घटना से गमगीन हैं।

सदमे में मां ने किया आत्महत्या का प्रयास

बेटे की मौत की खबर से अनीता देवी इस कदर सदमे में आ गईं कि उन्होंने कमरे में बंद होकर फांसी लगाने का प्रयास किया। खिड़की से देख रहीं महिलाओं ने तत्काल हस्तक्षेप कर रस्सी काटी और उनकी जान बचा ली। घटना की जानकारी मिलने पर बुधवार सुबह गांव के लोग उनके घर पहुंचे और परिवार को ढांढ़स बंधाया। इकलौते बेटे को खोने के गम में डूबे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

मां दुर्गा प्रतिमा का श्रद्धापूर्वक विसर्जन

बस्ती। जनपद में दुर्गा पूजा का पर्व आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस महोत्सव में श्रद्धालुओं के साथ ही देश-विदेश में रह रहे प्रवासी भी पूजन अर्चन करने सपरिवार पहुंचे हैं। कसानगंज विकास खण्ड क्षेत्र के मानपुर उर्फ मितवापुर गांव में 12 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद इस वर्ष शारदीय नवरात्र के अवसर पर दुर्गा पूजा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना और पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धा, उल्लास और उत्साह के बीच मनोरमा नदी के तट पर प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान पूरा गांव भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। ढोल-नगाड़ों, जयकारों और आतिशबाजी के बीच निकली विसर्जन यात्रा आकर्षण का केंद्र रही।गांव में नवगठित मानपुर (मितवापुर) धार्मिक एवं सांस्कृतिक संगठन के तत्वावधान में



आयोजित इस महोत्सव में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। संगठन का उद्देश्य धार्मिक जागरूकता के माध्यम से सामाजिक समृद्धि और ग्रामीण एकता को मजबूत करना है। इस महोत्सव की खास बात यह रही कि मुंबई, दिल्ली सहित देश के अन्य बड़े शहरों और विदेशों में रह रहे गांव के मूल निवासियों ने भी इसमें सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रवासियों के सहयोग और ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से आयोजन को भव्य स्वरूप मिला।

लंबे समय बाद गांव में धार्मिक आयोजन होने से स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहर रहने वाले ग्रामीणों में भी खासा उत्साह देखने को मिला।महोत्सव के दौरान कसानगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री कविन्द्र चैधरी उर्फ अतुल चैधरी भी पूजा पंडाल पहुंचे। उन्होंने मां दुर्गा के दर्शन कर आरती उतारी तथा ग्रामीणों और प्रवासियों के सामूहिक प्रयास की सराहना की। विधायक के आगमन से आयोजन में शामिल लोगों का उत्साह बढ़ा।

दुर्गा प्रतिमाओं का शांतिपूर्ण विसर्जन सम्पन्न

हर्रैया(बस्ती)। विजय दशमी के पावन पर्व पर मंगलवार को तहसील क्षेत्र के विभिन्न थाना क्षेत्रों के गांवों एवं शहरों में स्थापित दुर्गा मूर्तियों का विसर्जन शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। विसर्जन के दौरान श्रद्धालु डीजे की धुन पर भक्तिगीतों पर थिरकते नजर आए। इस दौरान उपजिलाधिकारी सहित पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित सभी थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

जानकारी के अनुसार स्थानीय थानान्तर्गत कस्बे के मनोरमा घाट, बैरवा घाट, मुर्दहवा घाट, पेंदा घाट, भैसहवा घाट सहित विभिन्न स्थानों पर दुर्गा मूर्तियों का विसर्जन शान्ति पूर्ण सम्पन्न हुआ। कोतवाल संजय कुमार अपने हमराहियों के साथ मूर्ति विसर्जन होने तक सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष कुवंर कौशेलेन्द्र प्रताप सिंह कर्मचारियों के साथ व्यवस्था में जुटे रहे।

नगर पंचायत द्वारा साफ-सफाई, प्रकाश, नाव, सेफ्टी गार्ड आदि की समुचित व्यवस्था की गयी थी। गौर थाना क्षेत्र के शिवा घाट, वेलवरिया घाट, महादेवा सहित अन्य स्थानों पर मूर्तियों को विसर्जित किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि कुछ विसर्जन पूर्णिमा के दिन होगा। पुलिस की सतर्कता के चलते मूर्तियों को शांति पूर्ण तरीके से विसर्जित करवा दिया गया। पैकोलिया थाना क्षेत्र में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन घोघरिया घाट, पचपेडवा व रवईपुर के पास शांतिपूर्ण ढंग से हुआ। थानाध्यक्ष मय फोर्स सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहे। छावनी प्रतिनिधि के अनुसार श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्थापित मूर्तियों का विसर्जन पूर्व गाजे-बाजे के साथ



किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि ठोकर नंबर 10, काशीपुर घाट, विक्रमजोत पड़ाव व रामरेखा मंदिर के पास रामरेखा नदी पर अधिकांश मूर्तियां विसर्जित की गई। विक्रमजोत प्रतिनिधि के अनुसार गुरुवार को क्षेत्र के विभिन्न गांवों में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन सरयू नदी के पावन तट पर भौसिया पम्प हाउस तथा कल्याणपुर के पडाव घाट पर किया गया। इस दौरान श्रद्धालु देवीगीतो पर थिरकते नजर आए।

दुबौलिया प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन सरयू नदी के चांदपुर, कटरिया, अशोकपुर, गौरा, मोजपुर, बरदिया लोहार तथा मनोरमा नदी के नैकापार एवं पंडूल सहित विभिन्न घाटों पर किया गया।

परशुरामपुर प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन मनोरमा नदी के मखौडा धाम, कोहरायें, टेढाघाट, कुशमौर घाट तथा नरिया नदी के श्रृंगीनारी में किया गया।

महिला के पेट से निकाला 6 किलो का ट्यूमर

बस्ती। ओपेक चिकित्सालय कैली जखनी रोड स्थित क्योर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में सर्जन डा. राजेश पटेल के नेतृत्व में महिला के पेट से लगभग 6 किलोग्राम का ट्यूमर सफलतापूर्वक निकाला गया। पटेलचैक खोराखार निवासी गौरीशंकर की पत्नी किरन को गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया, अब वह पूरी तरह सुरक्षित है।ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों की टीम ने अपनी विशेषज्ञता और सूझबूझ का परिचय दिया। इस जटिल सर्जरी में सर्जन डा. राजेश पटेल के साथ एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. संदीप सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, पल्मोनरी एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. चैधरी संजय का भी सहयोग रहा। ऑपरेशन को सफल बनाने में सहयोगी स्टाफ नंदलाल चैधरी, ओम प्रकाश यादव, पंकज चैधरी और मीना ने भी योगदान दिया।



अस्पताल प्रबंधन की ओर से मरीज के उपचार में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।

शोभायात्रा निकाल कर मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन

महादेवा, बस्ती। महादेवा चैराहे पर मां वैष्णो देवी पूजा समिति की ओर से स्थापित मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा शारदीय नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रही। नौ दिनों तक पूजा-अर्चना और दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही लगी रही।



नवरात्र के समापन पर समिति की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। इसके बाद बुधवार को मां दुर्गा की प्रतिमा की शोभायात्रा निकालकर देर रात प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

मंगलवार को नवरात्र के दसवें दिन आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। समिति के सदस्यों ने आयोजन में सहयोग किया। पूरे दिन चैराहे पर धार्मिक उत्साह और भक्तिभाव का माहौल बना रहा। बुधवार को मां दुर्गा की प्रतिमा की शोभायात्रा निकाली गई। इसमें श्रद्धालु भक्तिभाव के साथ शामिल हुए।

शोभायात्रा के दौरान मां दुर्गा के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां को विदाई दी। इसके बाद बुधवार देर रात मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विधि-विधान से विसर्जन किया गया।मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना से लेकर विसर्जन तक महादेवा चैराहे पर उत्सव जैसा माहौल रहा। नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। प्रतिमा विसर्जन के साथ ही नवरात्र का धार्मिक आयोजन संपन्न हो गया।

पांच बच्चों के साथ बेबस मां ने एसपी से लगायी न्याय की गुहार

बस्ती। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के पड़िया खास तकियवा निवासिनी मुस्कान पत्नी मो. नसीर पांच बच्चों के साथ न्याय के लिए दर-दर भटक रही है। उसने एसपी को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाया है। मुस्कान, पत्नी नसीर, ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसके पति मुंबई में रहकर मजदूरी करते हैं और उसी से परिवार का खर्च चलता है। पति के बाहर रहने के कारण वह अपने पांच बच्चों के साथ घर पर रहती है।पीड़िता के मुताबिक गत 15 अक्टूबर 2026 को दोपहर करीब ढाई बजे वह अपने खेत को देखने गई थी। खेत से घर लौटते समय रास्ते में सायना खातून और सलमा पत्नी बगेदू उर्फ जलाल ने उसे रोक लिया और मारपीट करने लगीं। जब उसने मारने का कारण पूछा तो आरोपियों ने उसके खेत में जाने की बात कही। पीड़िता का कहना है कि उसने बताया कि वह अपने ही खेत में गई थी, लेकिन आरोपियों ने उसकी बात नहीं मानी और बांस के डंडे से पिटाई करने



लगीं। किसी तरह जान बचाकर वह घर भाग गई।महिला ने आरोप लगाया कि उसी दिन शाम करीब साढ़े छह बजे आरोपी पक्ष के सलमा खातूलन और सलमा लाठी-डंडे, ईंट और पत्थर लेकर उसके घर में घुस आए। इस दौरान उसके साथ मारपीट की गई और घर की खिड़की व दरवाजे के शीशे तोड़ दिए गए। पीड़िता के अनुसार, घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद 16 अक्टूबर को दोनों पक्षों के बीच सुलह हो गई थी।पीड़िता ने प्रार्थना पत्र में कहा है कि 20 अक्टूबर 2026 को दोपहर करीब डेढ़ बजे उसके बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। इसी दौरान गेंद सलमा के घर के सामने चली गई। आरोप है कि इस बात को लेकर सलमा खातून और सायना खातून ने उसके छोटे बेटे अफजल को पकड़कर पीटना शुरू कर दिया। बच्चों को बचाने पहुंची मुस्कान के साथ भी मारपीट की गई। महिला ने आरोप लगाया कि सरजात पुत्र मुस्तफा, सलमा पत्नी बगेदू उर्फ जलाल, सायना खातून, अफजल पुत्र नवाब अली, फारुख पुत्र इस्लाम, तबारक पुत्र मुबारक और मुबारक की पत्नी समेत अन्य लोग एकजुट होकर उस पर टूट पड़े। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों से पिटाई करने के साथ गाली-गलौज की। मारपीट में उसे गंभीर चोटें आईं और वह बेहोश हो गई। पीड़िता के मुताबिक, उसे जिला अस्पताल बस्ती में भर्ती कराया गया था।महिला का यह भी आरोप है कि हमलावरों ने उसके कान में पहने आभूषण और नाक की कील निकाल ली तथा उसके कपड़े भी फाड़ दिए। पीड़िता का कहना है कि करीब पांच महीने पहले उसका बड़ा ऑपरेशन हुआ था। इसके बावजूद उसके पेट पर लात-घूंसों से हमला किया गया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई।पीड़िता का कहना है कि उसने घटना की सूचना संबंधित थाने पर दी, लेकिन उसकी शिकायत पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। आर्थिक रूप से कमजोर महिला अपने पांच बच्चों के साथ न्याय के लिए भटकने को मजबूर है। पति के मुंबई में मजदूरी करने के कारण परिवार की जिम्मेदारी भी उसी पर है। अब पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

वोट चोरी के विरोध में कांग्रेसियों ने किया पुतला दहन

बस्ती। बुधवार को महादेवा विधानसभा क्षेत्र के कुदरहा, बहादुरपुर और बनकटी ब्लॉक में कथित वोट चोरी के आरोपों को लेकर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष विश्वनाथ चैधरी एवं महादेवा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बृजेश कुमार आर्य के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मतदान के अधिकार की रक्षा और कथित वोट चोरी के मुद्दे को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के दौरान पूर्व महादेवा विधानसभा प्रत्याशी बृजेश कुमार आर्य ने कहा कि मतदान का अधिकार लोकतंत्र की बुनियाद है और इस अधिकार को किसी से छीनने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व के आह्वान पर लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए उनका संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कथित वोट चोरी के आरोपों को लेकर नाराजगी जताई और लोकतांत्रिक व्यवस्था में निष्पक्ष मतदान के महत्व पर जोर दिया। इस विरोध प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस



नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग को लेकर अपना पक्ष रखा। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से वाहिद सिद्दीकी, संदीप श्रीवास्तव, राहुल चैधरी, अलीम अख्तर, अनिल कुमार भारती, सर्वेश शुक्ला, आनंद निषाद, अमर बहादुर शुक्ला (तप्पे बाबा), पप्पू चैधरी, रमेश चैधरी, अंशक बल्लभ चतुर्वेदी, मुकेश कुमार संजय, संजय चैधरी, रामप्रीत दुसाध, राहुल मद्धेशिया, दिलीप गौतम, त्रिभुवन चैधरी, माजिद सिद्दीकी, मनीष दुबे, अल्ताफ सिद्दीकी, मुस्तफा शेख, चंद्र देव पांडे, राम अजोर चैधरी, आमिर सिद्दीकी, संतलाल प्रजापति, मोनू, हारून शेख और अजीत निगम सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल भी जरूरी-रवीश कुमार मिश्र

हर्रैया(बस्ती)। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए एआरपी रवीश कुमार मिश्र की अगुवाई में बुधवार



को स्थानीय विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय रजौली में पौधरोपण किया गया। विद्यालय परिवार और बच्चों ने पौध लगाकर परिसर को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया।

इस दौरान पौधों की नियमित देखभाल और सुरक्षा पर विशेष जोर दिया गया। एआरपी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें संरक्षित कर वृक्ष बनने तक उनकी देखभाल करना भी जरूरी है।

विद्यालयों में इस तरह की गतिविधियों से बच्चों में प्रकृति के प्रति लगाव बढ़ता है और वे पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। उन्होंने बच्चों को पेड़-पौधों के महत्व, पर्यावरण संतुलन और स्वच्छ वायु में वृक्षों की भूमिका के बारे में जानकारी दी। साथ ही पौधों की नियमित सिंचाई, सुरक्षा और देखभाल के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक जयशंकर प्रसाद मिश्र और सहायक अध्यापक धनीश कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

अधिवक्ता नीरज पटेल पर जानलेवा हमले का विरोध, सौंपा ज्ञापन

हर्रैया(बस्ती)। बार एसोसिएशन ने जनपद अधिवक्ता नीरज वर्मा पर हुए प्राणघातक हमले के मामले में वांछित आरोपित की गिरफ्तारी न होने और एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू न होने को लेकर कड़ा विरोध जताया है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष माधव प्रसाद त्रिपाठी की अगुवाई में बुधवार को अधिवक्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार नीरज कुमार त्रिपाठी को सौंपा है।

ज्ञापन में बताया कि कि जनपद-



बस्ती तहसील मुख्यालय पर कार्यरत अधिवक्ता नीरज वर्मा एडवोकेट के ऊपर हुए प्राणघातक हमले में जनपद पुलिस उदासीन बनी हुई है। हमले के वांछित मुख्य आरोपी तक पुलिस नहीं पहुंच सकी है, जो पुलिस की कार्यशैली को संदिग्ध दर्शाता है। अध्यक्ष ने कहा कि कहा कि अधिवक्ता नीरज वर्मा के प्रकरण से सम्बन्धित आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की जाए। अति शीघ्र शासन से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए। बार ने चेतावनी दी है कि शासन के अत्यधिक उदासीनता किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रदेश का अधिवक्ता आंदोलन के लिए मजबूर होगा। इस दौरान महामंत्री बलदेव प्रसाद पाठक, कृपाशंकर यादव, महिनाथ त्रिपाठी, उमाकांत तिवारी, धमेंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह, राजेंद्र प्रसाद सिंह तमाम अधिवक्ता मौजूद हैं।

कन्या जन्मोत्सव मनाया गया , नवजात बच्चियों को मिला उपहार

बस्ती। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर महर्षि वशिष्ठ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बस्ती सम्बद्ध ओपेक चिकित्सालय कैली में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से नवजात कन्याओं का स्वागत कर बेटी के जन्म को उत्सव के रूप में मनाने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने नवजात बच्चियों को तिलक लगाकर सम्मानित किया।



इस अवसर पर उन्होंने बच्चियों को जन्म प्रमाणपत्र एवं उपहार वितरित किए। नवरात्रि के दौरान आयोजित इस कार्यक्रम ने कन्या जन्म के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने और समाज में बेटियों के सम्मान एवं महत्व को बढ़ावा देने का संदेश दिया।कार्यक्रम में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष डॉ. अल्का शुक्ला सहित विभाग की फैकल्टी सदस्य डॉ. कल्पना मिश्रा, डॉ. वंदना, डॉ. ऋचा तथा अन्य चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। सभी ने कन्या जन्मोत्सव के आयोजन को बेटियों के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया।

नवरात्रि में मां दुर्गा की आराधना के साथ नवजात कन्याओं का सम्मान करना कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान करता है। इस पहल के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया गया कि बेटियां परिवार और समाज की अनमोल धरोहर हैं तथा उनके जन्म का स्वागत पूरे सम्मान और खुशियों के साथ किया जाना चाहिए।

जिला उपयुक्त उद्योग ने किया निरीक्षण

बस्ती। उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री द्वारा चलाए जा रहे विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत बेरोजगार महिलाओं,पुरुषों को रोजगार देने के लिए कटिबध्य है।जिसके तहत उद्यम प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र द्वारा 10 बैच दर्जी कारीगरी,दो बैच हलवाई ट्रेड में महिलाओं एवं पुरुषों का 26अक्टूबर तक 10 दिवसीय प्रशिक्षण, शहर के नेक्टर मैरिज हाल बेलवा डाड़ी गांधीनगर में पांचवा दिन जारी रहा। जिसका निरीक्षण जिला उपयुक्त उद्योग अभय कुमार सुमन ने सभी बैचों में जाकर बारीकी से निरीक्षण किया। निरक्षण के दौरान उपयुक्त ने प्रशिक्षार्थियों से पूछ -ताछ कर प्रशिक्षार्थियों को नियमित रूप से 10 दिन तक आने हेतु हिदायत दिया कहा कि यदि दसवें दिन प्रशिक्षण के उपरांत, ली जा रही परीक्षा में कोई प्रशिक्षार्थी असफल होता है तो उसे प्रमाण पत्र से वंचित कर दिया जाएगा।

हवन एवं भंडारे के साथ श्रीमद्भागवत कथा का समापन

हर्रैया(बस्ती)। ग्राम सभा परिवारपुर में चल रहे श्री दुर्गा पूजा महोत्सव पर आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का समापन हवन पूजन एवं विशाल भंडारे के साथ किया गया। कथा व्यास आचार्य प्रमोद पांडेय ने अपनी सुमधुर वाणी से उपस्थित जनसमुदाय को भागवत कथा का अमृतपान कराया।



आचार्य ने माता सती अनुसूया द्वारा माता सीता को दिए गए पातिव्रत्य धर्म के उपदेश का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया। इसके साथ ही उन्होंने प्रभु श्री राम द्वारा कबंध राक्षस के वध और अंततः धर्म की अधर्म पर जीत के प्रतीक %लंका विजय% के प्रसंगों की सजीव व्याख्या की। आचार्य जी ने कहा कि प्रभु राम का जीवन हमें मर्यादा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस आध्यात्मिक अवसर पर मुख्य यजमान पूनम सिंह एवं सुनील सिंह सपरिवार भक्तिभाव के साथ पूजन-अर्चन संपन्न किया।

कथा आयोजक एवं श्रीदुर्गा पूजा समिति के संरक्षक रविंद्र सिंह ने सभी श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरण कराया।इस पावन प्रसंग को सुनने के लिए क्षेत्र की असंख्य महिलाएं और श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिन्होंने कथा श्रवण कर पुण्य लाभ कमाया। आरती के पश्चात सभी भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर डा.रत्नेश सिंह, आलोक सिंह, विपुल सिंह,राम जन्म यादव,,शुभम सिंह,विष्णु प्रताप ने सराहनीय योगदान दिया।

पृष्ठ एक का शेष

यूपी में...

असलहे लहराते हुए खुलेआम घूमते थे। पुलिस अपराधियों पर हाथ डालने से पहले सोचती थी। कार्रवाई करने पर अपराधी के बजाय अधिकारी पर ही गाज गिर जाती थी। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में अपराधियों को पता है कि उनका आखिरी ठिकाना कहां है। योगी ने कहा कि पहले पुलिस नेताओं के पालतू जानवरों को जंगल में तलाशने में लगी रहती थी। एसपी और थानेदार किसी अपराधी के खिलाफ कार्रवाई करने से पहले कई बार सोचते थे। कुछ ही घंटों में अपराधी के बजाय अधिकारी पर कार्रवाई हो जाती थी। उस दौर में अपराधी खुलेआम असलहे लहराते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग पुलिस की एनकाउंटर नीति पर सवाल उठाते हैं और माफिया की कब्र पर जाकर छाती पीटते हैं, वे शहीद पुलिसकर्मियों के परिवारों के आंसू पोंछने नहीं जाते।

महिला आरक्षण...

विपक्ष की सहमति नहीं लेने का आरोप खड़गे ने कहा कि सरकार ने अप्रैल 2026 में परिसीमन से जुड़ा संविधान संशोधन विधेयक कम समय में और विपक्ष की सहमति के बिना लाने की कोशिश की। उन्होंने बड़े संवैधानिक बदलावों से पहले सभी दलों से चर्चा करने और सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की।3. चुनाव आयुक्तों को कानूनी संरक्षण देने वाला कानून हटाने की मांग खड़गे ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 की धारा 16 हटाने की मांग की। इस धारा के तहत चुनाव आयुक्तों को उनके आधिकारिक काम से जुड़े कुछ मामलों में कानूनी संरक्षण मिलता है।खड़गे ने आरोप लगाया कि इससे उनकी जवाबदेही कम होती है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने, पुरानी व्यवस्था बहाल करने और मतदाता सूची में बदलाव की निगरानी बढ़ाने की मांग की।लोकसभा सीटें बढ़ाने से जुड़े 3 विधेयक को 17 अप्रैल को जरूरी दो-तिहाई बहुमत नहीं मिलने के कारण पारित नहीं किया जा सका। इस मुद्दे पर खड़गे ने प्रधानमंत्री को 11 अप्रैल, 16 जुलाई, 27 अगस्त और 16 अक्टूबर 2026 को पत्र लिखे थे।

पुलिस स्मृति...

जाता है। यह दिवस 1959 में लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में चीनी सैनिकों के घात लगाकर किए गए हमले में शहीद हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 10 जवानों की स्मृति में मनाया जाता है।

इंटरनेट...

निजता की सुरक्षा, बहलाकर शोषण के जाल में फंसाने और यौन शोषण के लिए ब्लैकमेल करने जैसी गतिविधियों के प्रति जागरूक करने के कदम उठाने को कहा। अदालत ने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा और उनकी स्वतंत्रता एक-दूसरे के विरोध में नहीं हैं।

जंतर-मंतर...

प्रसाद ने दोनों नेताओं से पूछा कि जब प्रदर्शन पर प्रतिबंध था, तो वे जंतर-मंतर क्यों गए? उन्होंने कहा आपने बॉन्ड का उल्लंघन किया है। आप दोनों जेन-जी नहीं हैं। अदालत ने उनके संगठन के उद्देश्य पर भी सवाल उठाए। सुनवाई के दौरान अदालत ने अन्य देशों में छात्र आंदोलनों के हिंसक होने की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने वालों की जिम्मेदारी अधिक होती है। यदि वे बैरिकेड तोड़ेंगे, तो दूसरे लोग भी उनका अनुसरण कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में संभव है कि कुछ लोग उनके नियंत्रण से बाहर हो जाएं। न्यायमूर्ति प्रसाद ने कहा कि देश के बाहर ऐसे मामले सामने आ चुके हैं, जहां छात्रों के विरोध प्रदर्शन से शुरू हुआ आंदोलन आगजनी और इमारतों को जलाने तक पहुंच गया।

बिना...

कि विभिन्न स्थानों पर मंत्रियों के वॉयस मैसेज भेजे जा रहे हैं। अखिलेश ने चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग से हस्तक्षेप करने की मांग की। शिक्षामित्रों के मुद्दे पर अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने शिक्षामित्रों से जुड़ी योजना को अधूरा छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर शिक्षामित्रों को पूर्ण शिक्षक बनाकर सरकारी नौकरी देने का काम किया जाएगा। सपा अध्यक्ष ने पूर्व मंत्री आजम खान के साथ अन्याय होने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी पार्टी उन्हें न्याय दिलाने के लिए लगातार प्रयास करती रहेगी। अखिलेश यादव ने दावा किया कि मुख्यमंत्री की कुर्सी सुरक्षित नहीं है और जनता इस बार भाजपा से सत्ता छीनने जा रही है।

भारतके बाहर...

और भारत की मजबूती से परेशानी है, वही लोग आज भारत के बारे में दुष्प्रचार कर रहे हैं। दुष्प्रचार वाली ये ताकतें भारत के अंदर भी हैं और भारत के बाहर से भी स्पॉन्सर्ड (प्रायोजित) हैं।उन्होंने कहा कि रामभक्तों पर अत्याचार करने वाले भी अब कालनेमि की भांति राम-राम चिल्लाह रहे हैं। सीएम योगी मंगलवार शाम मानसरोवर रामलीला मैदान में श्री श्री रामलीला समिति, आर्यनगर की तरफ से आयोजित प्रभु श्रीराम के राजतिलक समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी लोगों को विजयादशमी की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज को बांटने वाली ताकतों की साजिश से जब भारत कमजोर होता है तब उसकी सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत पर आघात होता है। भारत जब कमजोर होता है तब कोई राम जन्मभूमि अपमानित होती है। भारत जब कमजोर होता है तब कोई कृष्ण जन्मभूमि अपमानित होती है। भारत जब कमजोर होता है तब कोई काशी विश्वनाथ का मंदिर अपमानित होता है। जब भारत कमजोर होता है तब कोई सोमनाथ का मंदिर तोड़ा जाता है, लूटा जाता है। जब भारत कमजोर होता है तब नारी गरिमा तार-तार होती है। उनके बाजार लगते हैं, उनकी बोलियां लगती हैं, उन्हें नीलाम किया जाता है। मुख्यमंत्री ने समझाया कि इसके इतर जब भारत मजबूत होता है, एक भारत-श्रेष्ठ भारत के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा यशस्वी नेतृत्व प्राप्त होता है, तब भारत 500 वर्ष पहले तोड़ी गई गरिमा को वापस पाने में समर्थ होता है और अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण होता है। सीएम योगी ने कहा कि जो लोग भारत को कमजोर करना चाहते हैं, उन लोगों को अयोध्याधाम में त्रेतायुग का स्मरण, वहां भव्य दीपोत्सव, प्रभु श्रीराम के मंदिर का निर्माण कैसे बर्दाश्त होगा? यही कारण है कि ऐसे लोग लगातार दुष्प्रचार और भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं कि अयोध्या को कैसे अपमानित किया जाए। उन्होंने कहा कि अयोध्या के बारे में वे लोग दुष्प्रचार कर रहे हैं, जिन लोगों ने अभी तक अयोध्या में रामलला के दर्शन भी नहीं किए। जिन्होंने राम मंदिर के खिलाफ रामभक्तों पर गोलियां चलाई थीं। जिन्होंने राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान रामभक्तों पर अत्याचार की पराकाष्ठा की थी, आज वे भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम सबको याद करना होगा कि देश है तो धर्म भी है। धर्म है तो हम सब भी हैं। ?कोई व्यक्ति, कोई समाज, कोई जाति, तब तक सुरक्षित नहीं है जब तक कि भारत सुरक्षित नहीं है। जब तक सनातन सुरक्षित नहीं है तब तक कोई सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि इस तथ्य में अगर किसी को गलतफहमी हो तो वह दुनिया के अंदर देख ले। सीएम योगी ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा, संकल्प और मन, वचन व कर्म की एकरूपता का संदेश देता है। रामलीलाएं भी श्रीराम के जीवन का संदेश गांव-गांव तक पहुंचाने के साथ सामाजिक समरसता का आदर्श प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने कहा कि रामलीलाएं समाज को जोड़ने और समरसता का संदेश देने का काम करती हैं।

सीजेपीके...

थाने में नवनियुक्त विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। पुलिस ने उनकी हिरासत बढ़ाने की मांग की, जिस पर मजिस्ट्रेट ने दोनों को दो दिन और जेल में रखने का आदेश दिया।दोनों नेता जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने के मामले में हिरासत में हैं। आरोप है कि प्रतिबंध लागू होने के बावजूद वे बंद गेट पार कर जंतर-मंतर परिसर में दाखिल हुए थे। वहां सीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने तिरंगा लहराया और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया था। 13 अक्टूबर को उन्हें पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था।जानकारी के अनुसार, सीजेपी नेता सौरव दास और आशुतोष रांका को दिल्ली की स्पेशल एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट (एसईएम) अदालत ने पांच दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजते हुए तिहाड़ जेल भेजने के आदेश दिए हैं। इन दोनों नेताओं पर पहले से तय बेल बॉन्ड की शर्तों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। वहीं दूसरी ओर, इसी मामले में शामिल तीसरे नेता अजिंक्य शिंदे को राहत देते हुए अदालत ने उनसे नया बेल बॉन्ड भरवाकर प्रक्रिया पूरी की है। जंतर-मंतर को प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थलों की सूची से हटाए जाने के बाद भी सीजेपी के नेताओं ने वहां विरोध प्रदर्शन किया। रांका, दास और पार्टी के अन्य कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पार कर अंदर पहुंचे और तिरंगा लहराते हुए नारेबाजी की। इसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। पुलिस की कार्रवाई ऐसे समय हुई, जब सीजेपी और विपक्षी दल मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग का विरोध कर रहे हैं।सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने अपने नेताओं के खिलाफ कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि क्या अब राष्ट्रीय ध्वज फहराना भी गैरकानूनी हो गया है? उन्होंने कहा कि आशु और सौरव को पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उनकी गलती? जंतर-मंतर पर तिरंगा फहराना। थोड़ी हिम्मत दिखाइए, नरेंद्र मोदी। अगर आप विरोध की आवाज को दबाने के लिए इतने ही पक्के इरादे वाले हैं, तो इन कायरतापूर्ण तरीकों की आड़ लेने के बजाय आधिकारिक तौर पर आपातकाल घोषित करने की हिम्मत दिखाइए।सीजेपी नेता अजिंक्य शिंदे ने आरोप लगाया कि जंतर-मंतर पर तिरंगा लहराने और %भारत माता की जय% के नारे लगाने के कारण अशुतोष रांका और सौरव दास को पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि आज अशुतोष का जन्मदिन है और इसी दिन उन्हें जेल भेजा गया।

बाइक ने ठेले में मारी टक्कर, एक युवक की मौत



तुर्कपट्टी। बाइक ने ठेले में मारी टक्कर जिसमें बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस में घायलों को एंबुलेंस जिला अस्पताल भेजवाया जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत्यु घोषित कर दिया था दूसरे के इलाज चल रहा है। बुधवार की देर शाम कुबेरस्थान क्षेत्र के धरनी छापर निवासी सलामत (19)पुत्र साहबजादा व सैफ अंसारी (20) पुत्र गफूर अंसारी किसी कार्य से तुर्कपट्टी आ रहे थे अभी छहूँ के सीपीएम स्कूल के सामने पहुँचे थे कि कसया की तरफ से आ रहे ठेले में ठोकर मार दिए जिसमें बाइक चला रहे सैफ को हल्की चोट आई तथा पीछे बैठा सलामत सड़क पर गिर गया।सूचना पर पहुचीं पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया जहाँ डॉक्टरों ने सलामत को मृत घोषित कर दिया तथा सैफ के इलाज चल रहा है।थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाई की जा रही है।

इंटरनेटका इस्तेमाल मौलिक अधिकार-सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली (आससे)। सुप्रीम कोर्ट ने इंटरनेट तक पहुंच और उसके इस्तेमाल को बच्चों समेत प्रत्येक व्यक्ति का मौलिक अधिकार बताते हुए केंद्र सरकार को बाल यौन शोषण एवं दुर्व्यवहार सामग्री (सी-सीम) की पहचान और उसे हटाने के लिए राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने का निर्देश दिया है।

नम आंखों से भक्तों ने मां दुर्गा को दी विदाई, श्रद्धालुओं की रही भारी भीड़



मेंहदावल (सन्तकबीर नगर)। शारदीय नवरात्र के समापन के बाद बुधवार को मेंहदावल क्षेत्र में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ किया गया। इस दौरान भक्तों ने नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी, और अगले वर्ष पुनः आगमन की कामना की। विसर्जन के दौरान क्षेत्र के घलनिया व मुहिया पुल नदी के विसर्जन स्थलों पर अपराहन से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। देर तक प्रतिमाओं के पहुचने और विसर्जन का सिलसिला जारी रहा। मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं में गहरी आस्था और भावुकता देखने को मिली। भक्तों ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन के बाद मां को विदाई दी। विसर्जन स्थलों पर श्रद्धालुओं और वाहनों की लगातार आवाजाही बनी रही। इस दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजस्व विभाग और पुलिस विभाग की टीमें तैनात रहीं। अधिकारियों और कर्मचारियों ने मौके पर मौजूद रहकर व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रखी। प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं से सावधानी बरतने तथा प्रतिमाओं का विसर्जन नदी में निर्धारित स्थान पर ही करने की अपील की गई। श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण ढग से विसर्जन कार्यक्रम संपन्न किया। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, तहसीलदार अल्पिका वर्मा, सीओ मेंहदावल सर्वदमन सिंह सहित नगर अध्यक्ष प्रति. निधि रमेश निषाद, भोजपुरी युवा गायक दुर्गेश कुमार प्रजा. पति, लक्ष्मन निषाद, भाजपा नेता दारा सिंह, रजनीश प्रताप सिंह, शिव प्रताप उर्फ चुनमुन सिंह,विनोंद प्रताप सिंह, सोनू सिंह, सुनील कुमार अग्रहरी आदि सैकड़ों महिला, पुरुष, युवा युवतियां श्रद्धालुभक्तगण मौजूद रहे।

कार्यालयः-नगर पंचायत सेवरही-कुशीनगर

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि नगर पंचायत सेवरही, जनपद कुशीनगर कार्यालय के गृहकर पंजिका वित्तीय वर्ष 2015-16 से 2020-21 के अन्तर्गत गृहकर पंजिका में अपना नाम दर्ज कराने हेतु निम्न व्यक्ति द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। यदि किसी भी मकान से सम्बन्धित नामान्तरण हेतु प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर किसी प्रकार की आपत्ति हो तो निम्नलिखित दिनांक के अन्दर अपने आपत्ति के समर्थन में साक्ष्य/सबूत के साथ नगर पंचायत सेवरही, जनपद कुशीनगर कार्यालय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें, अन्यथा नामान्तरण की कार्यवाही सम्पन्न कर दी जायेगी।

क्र.सं.	स्वामी का नाम	आवेदक का नाम	नामान्तरण का प्रकार	वार्ड का नाम	मकान सं.	आपत्ति का दिनांक
01.	03	04	05	02	06	07
01.	श्रीमती हेमलता पत्नी शम्भू	श्रीमती प्रियंका श्रीवास्तव पत्नी अनील कुमार श्रीवास्तव	पंजीकृत दान विलेख	04 किदवई नगर	281	26-11-2026

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सेवरही-कुशीनगर

संख्या-मेमो/नामा./न.पं.से./2026-27/दिनांक 21-10-2026

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी दुदही-कुशीनगर

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

क्षेत्र पंचायत दुदही कुशीनगर द्वारा विकसित भारत जी राम जी योजना के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 में निमार्ण कार्यो पर सामग्री की आपूर्ति हेतु दिनांक 06-11-2026 तक निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्रों के साथ बन्द लिफाफे में खण्ड विकास अधिकारी दुदही कुशीनगर के कार्यालय में रखें निविदा बाक्स में दिनांक 06-11-2026 को अपराह्न 2.00 बजे तक डाल सकते है तथा निविदा उसी दिन अपराह्न 3.00 बजे विकास खण्ड स्तर पर गठित कमेटी द्वारा निविदाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा फार्म दिनांक 21-10-2026 से किसी भी कार्य दिवस में मु.-500.00 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। सामग्री का विवरण निम्नवत् हैः-

क्र.सं.	सामग्री का नाम	प्राक्कलित दर
1	2	3
1.	प्रथम श्रेणी ईट	7245.00 रु. प्रति हजार
2.	सीमेन्ट	336.30 प्रति बोरी
3.	मोरंग बालू	4227.00 रु. प्रति घन मी.
4.	फाईन सैण्ड	997.50 प्रति घन मी.
5.	लोकल बालू	682.50 प्रति घन मीटर
6.	सरिया	6077.00 रु. प्रति कु.
7.	ईट की गिट्टी 40 एम.एम.	1365.00 रु. प्रति घन मी.
8.	पत्थर की गिट्टी 10 mm	4298.50 रु. प्रति घन मी.
9.	पत्थर की गिट्टी 20 mm	4561.00 रु. प्रति घन मी.
10.	पत्थर की गिट्टी 40 mm	4246.00 रु. प्रति घन मी.
11.	इण्टरलाकिंग ईट (रबर मोल्डेड)	826.00 रु./वर्ग मीटर
12.	ह्यूम पाईप 300 mm	1423.00 प्रति मी.
13.	ह्यूम पाईप 300 mm डाया कालर	383.40.00 रु. प्रति नग
14.	ह्यूम पाईप 250 mm	1197.00 प्रति मी.
15.	ह्यूम पाईप 250 mm डाया कालर	301.91 रु. प्रति नग
16.	ह्यूम पाईप 450 mm	2267.65 रु. प्रति मीटर
17.	कालर 450 mm	571.90 रु. प्रति नग

नियम व शर्ते निम्न प्रकार हैः-

1. आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. पंजीकरण एवं पैन संख्या अनिवार्य है, प्रमाणित प्रति संलग्न करें है।
2. निविदा के साथ धरोहर राशि मु. 50,000.00 राष्ट्रीयकृत बैंक के एफ.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में खण्ड विकास अधिकारी दुदही कुशीनगर के पद नाम से बन्धक होगी, संलग्नक करना अनिवार्य है।
3. विकास खण्ड एवं कार्यस्थल पर भण्डारण की सुविधा न होने के कारण निमार्ण सामग्री रोजाना खपत/मांग के अनुसार कार्यस्थल पर पहुंचाने की जिम्मेदारी सम्बन्धित फर्म की होगी। कार्यस्थल पर आपूर्ति की जाने वाली सामग्री की मात्रा घट.बढ़ सकती है।
4. आपूर्ति आदेश जारी होने के की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य होगा अन्यथा धरोहर की धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
5. जो दरें प्रस्तुत किया जायेगा उसमे सभी प्रकार के कर एवं भाड़ा जोडकर प्रस्तुत किया जायेगा, अलग से कोई भाड़ा या कर देय नहीं होगा।
6. किसी भी दशा में पी.डब्लू.डी. द्वारा अनुमन्य दरों से अधिक दर न तो स्वीकृत किया जायेगा और न ही भुगतान की जायेगी।
7. स्वीकृत फार्म की सामग्री का भुगतान अवर अभियन्ता ग्रा.अ.वि./तकनीकी सहायक द्वारा समाग्री की गुणवत्ता का परीक्षण एवं मापन के उपरान्त ही किया जायेगा।
8. निविदादाता फर्म का जी.एस.टी. पंजीयन एक मुस्त सामाधान योजना के अर्न्तगत नही होना चाहिए।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.00 प्रतिशत आयकर एवं 2.00 प्रतिशत जी.एस.टी. देना होगा।
10. खण्ड विकास अधिकारी/प्रमुख क्षेत्र पंचायत/विकास खण्ड के कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी रिश्तेदारों द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी उक्त आशय की नोटरी शपथ पत्र 10.00 रुपये के स्टैम्प पेपर पर प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी के पास होगा।
12. किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र कुशीनगर का होगा।

(रमावती देवी)
प्रमुख/प्रशासक
क्षेत्र पंचायत दुदही-कुशीनगर

(रामप्रवेश)
खण्ड विकास अधिकारी
दुदही-कुशीनगर

पत्रांक-1387/लेखा/निविदा/2026-27/ दिनॉक 17-10/2026

सीनियर महिला हैंडबाल टीम के लिए चयन प्रक्रिया 23 अक्टूबर से

पडरौना (कुशीनगर)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में वर्ष 2026-27 में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला हैंडबाल प्रतियोगिता के लिए जिला और मंडल स्तर पर खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इसके लिए जिला स्तरीय ट्रायल 23 अक्टूबर और मंडलीय ट्रायल 24 अक्टूबर को निर्धारित किया गया है। उप क्रीड़ा अधिकारी के अनुसार, जिला स्तरीय चयन प्रक्रिया 23 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से स्पोर्ट्स स्टेडियम, कुशीनगर में होगी। इसके बाद 24 अक्टूबर को सुबह 10रू30 बजे से रीजनल स्पोर्ट्स स्टेडियम, गोरखपुर में मंडलीय चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। चयनित टीम 28 से 31 अक्टूबर तक झांसी में होने वाली प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। उप क्रीड़ा अधिकारी ने जनपद के सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अपील की है कि वे अपने संस्थान की सीनियर महिला हैंडबाल खिलाड़ियों को निर्धारित तिथि और समय पर ट्रायल में प्रतिभाग करने के लिए भेजें। जिला स्तरीय ट्रायल में केवल कुशीनगर जनपद की खिलाड़ी ही शामिल हो सकेंगी।ट्रायल में शामिल होने वाली प्रत्येक खिलाड़ी को आयु प्रमाण के लिए विद्यालय द्वारा जारी पात्रता प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड अथवा नगर निगम द्वारा जारी जन्म प्रमाण-पत्र में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। इसके साथ पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो भी अनिवार्य है। आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने वाली खिलाड़ियों को ही चयन प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा।

विधान परिषद चुनाव को लेकर 23 अक्टूबर को संतकबीरनगर में बंद रहेंगी शराब की दुकानें

संतकबीरनगर,। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के खण्ड स्नातक एवं खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 23 अक्टूबर को होने वाले मतदान को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और स्वतंत्र ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिलाधिकारी अनुज मलिक ने मतदान के दिन जनपद की सभी थोक एवं फुटकर शराब की दुक. ानों और बार को पूरी तरह बंद रखने का आदेश जारी किया है।जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, 23 अक्टूबर 2026 को जनपद में संचा. लित देशी शराब की दुकानों, कंपोजिट शॉप, मॉडल शॉप, ताड़ी की दुकानों और सभी बार को बंद रखा जाएगा। यह निर्णय मतदान के दौरान लोक शांति बनाए रखने और चुनाव प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से लिया गया है।

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि बंदी के दौरान संबंधित अनुज्ञापियों को किसी भी प्रकार का प्रतिफल देय नहीं होगा। यानी निर्धारित अवधि में दुकानें और बार बंद रहने के एवज में किसी तरह का मुआवजा नहीं दिया जाएगा।

जिला प्रशासन ने मतदान के मद्देनजर यह व्यवस्था लागू की है, ताकि चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनी रहे और मतदान प्रक्रिया बिना किसी व्यवधान के संपन्न हो सके।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता गोरखपुर वृत्त, लो.नि.वि., गोरखपुर

पत्रांक-8085/135 सी.-गोरखपुर वृत्त/2026 दिनांक 13-10-2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के "ए, बी" श्रेणी के पात्र मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0, गोरखपुर के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	निविदा की अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	गोरखपुर	जनपद गोरखपुर में विकास खण्ड-ब्रह्मपुर पर हेलीपैड का निर्माण कार्य।	122.00	8.10	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00	8 माह	ए, बी
2	गोरखपुर	जनपद गोरखपुर में तहसील मुख्यालय सहजनवां पर हेलीपैड का निर्माण कार्य।	96.00	6.80	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00	6 माह	ए, बी

बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दि0 23.10.2026 से 31.10.2026 तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 31.10.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 31.10.2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 31.10.2026 को 12:00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(अरविन्द सिंह)
अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि.
गोरखपुर

(अशोक कुमार वर्मा)
अधीक्षण अभियंता
गोरखपुर वृत्त, लो.नि.वि.
गोरखपुर

उ.प्र. 258821/दिनांक 18-10-2026 इमेल-upinformation@nic.in

कार्यालय अधीक्षण अभियंता गोरखपुर वृत्त, लो.नि.वि., गोरखपुर

पत्रांक-8084/135 सी.-गोरखपुर वृत्त/2026 दिनांक 13-10-2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के "ए एवं बी" श्रेणी के पात्र मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0, गोरखपुर के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	सिविल कार्य की लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	गोरखपुर	मुख्यमंत्री योजनान्तर्गत ग्राम शिवपुर शर्मा टोला, खुसुर टोला होते हुए बड़की हरिजन बस्ती सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। लम्बाई 2.90 कि.मी. (05 वर्ष अनुरक्षण सहित)	177.00	10.85	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00	07 माह	ए, बी

बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दि0 23.10.2026 से 31.10.2026 तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 31.10.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 31.10.2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 31.10.2026 को 12:00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(अरविन्द सिंह)
अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि.
गोरखपुर

(अशोक कुमार वर्मा)
अधीक्षण अभियंता
गोरखपुर वृत्त, लो.नि.वि.
गोरखपुर

उ.प्र. 258819/दिनांक 18-10-2026 इमेल-upinformation@nic.in

अथलेटिक्समें स्वर्णकी बौछार

एशियाई पैरा खेल : ट्रैक और फील्ड खिलाड़ियोंने पांच स्वर्ण समेत १८ पदक जीते, भारत पांचवें स्थानपर


सिमरन शर्मा


प्रवीण


सचिन खिलारी

नागोया (एजेन्सियां)। फर्राटा धाविका सिमरन, ऊंची कूद में प्रवीण कुमार और शाटपुट में सचिन खिलारी ने नये रेकार्ड के साथ स्वर्ण पदक जीते और ट्रैक और फील्ड खिलाड़ियों ने बुधवार को पांच स्वर्ण समेत १८ पदक भारत की झोली में डालकर पदक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचा दिया। सिमरन (महिलाओं की १०० मीटर टी१२), प्रवीण (पुरुषों की ऊंची कूद टी४४/६४) और सचिन (पुरुष शाटपुट एफ४६) के अलावा दिलीप गावित (पुरुषों की १०० मीटर टी४७) और आयुष वर्मा (पुरुषों की शाटपुट एफ५३) ने भी सुनहरी सफलता हासिल की। पुरुषों की शाटपुट एफ४६ स्पर्धा में भारत ने 'क्लीन स्वीप' करते हुए तीनों पदक जीते। पैरा तीरंदाजी, पैरा तैराकी और पावरलिफ्टिंग में भी भारत ने पदक जीते। भारत को अब तक मिले १४ में से १३ स्वर्ण पैरा अथलेटिक्स दल ने जीते हैं। भारत ने २१ रजत (१३ अथलेटिक्स में) और २७ कांस्य (१६ अथलेटिक्स में) समेत कुल ६२ पदक अपने नाम किये हैं। सिमरन ने १२.०२ सेकेंड के खेलों के रेकार्ड समय के साथ महिला १०० मीटर टी१२ स्पर्धा जीतकर एशियाई पैरा खेलों का अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने मंगलवार को खेलों के नये रेकार्ड के साथ २०० मीटर स्पर्धा में स्पर्धा पदक जीता था। प्रीति ने महिलाओं की १०० मीटर टी३५ स्पर्धा में रजत पदक जीता। वह मंगलवार को २०० मीटर टी३५ में दूसरे स्थान पर रही थी। भारत को दिन का पहला पदक आयुष वर्मा ने दिलाया जिन्होंने पुरुषों की शाट पुट एफ५३ स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपने खाते में दूसरा पदक जोड़ा। आयुष ने अपने पांचवें प्रयास में ८.१६ मीटर का थ्रो करके पहला स्थान हासिल किया। इसके बाद प्रवीण कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद टी४४/६४ स्पर्धा में खेलों के नये रेकार्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि बंटी ने इसी स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। प्रवीण ने २.०५ मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक जबकि बंटी ने १.९२ मीटर की कूद के साथ रजत पदक हासिल किया। पुरुषों की शॉटपुट एफ४६ स्पर्धा में सचिन खिलारी ने एशियाई पैरा खेलों के नये रेकार्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि भारत के ही मोहम्मद यासर ने तीसरे प्रयास में १५.०६ मीटर का थ्रो करके रजत पदक जीता जबकि परवीन १४.९४ मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। सुबह के सत्र में बंटी (पुरुषों की ऊंची कूद टी४४/६४), भाग्यश्री जाधव (महिलाओं के शाट पुट एफ३४), मोहम्मद यासर (पुरुषों के शाट पुट एफ४६) और मनजीत (पुरुषों के भाला फेंक एफ१२/१३) ने रजत पदक अपने नाम किये। अनुभव चौधरी (पुरुषों की १०० मीटर टी३५), परवीन (पुरुषों का शाट पुट एफ४६) और राकेशभाई भट्ट (पुरुषों की १०० मीटर टी३७) ने कांस्य पदक जीते। दिलीप गावित ने पुरुषों की १००मीटर टी४७ स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि भारत के ही मोहम्मद मोसिंगनाकथ को रजत पदक मिला। टी४६ खिलाड़ी गावित ने १०.६९ सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण हासिल किया। वहीं टी४७ खिलाड़ी मोसिंगनाकथ ने १०.७२ सेकंड का समय निकाला। सुखचैन ने पुरुष भाला फेंक एफ५५ स्पर्धा में २९.९४ मीटर के प्रयास से कांस्य पदक जीता। शरथ माकनहल्ली ने पुरुषों की १५०० मीटर टी१२ स्पर्धा में चार मिनट 11.01 सेकेंड के अपने सत्र के सर्वश्रेष्ठ समय के साथ कांस्य पदक जीता। पैरालंपियन करमज्योति दलाल ने महिला चक्का फेंक एफ५५ स्पर्धा में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ कांस्य पदक जीता। वहीं शैलेष कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद टी४२/टी६१/टी६३ स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। शैलेष ५.५७ मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे। भारत के ही महेंद्र गुर्जर ५.५६ मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे। जापान के हाजिमे कोंडो ने ६.५१ मीटर के खेलों के रेकार्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। थाईलैंड के फालाथिप खामता ने ६.४१ मीटर की कूद के साथ रजत पदक हासिल किया। शैलेष ने ५.४० मीटर के साथ शुरुआत की और दूसरे प्रयास में ५.४४ मीटर की कूद लगायी। उनका तीसरा प्रयास ५.५५ मीटर का रहा जबकि चौथा प्रयास फाउल था। पांचवें प्रयास में उन्होंने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ५.५७ मीटर की कूद लगायी।


आयुष वर्मा



पैरा बैडमिण्टन

कृष्णा-सिवाराजन को एसएच६ में रजत

नागोया (एजेन्सियां)। भारत के कृष्णा नागर और सिवाराजन सोलाइमलाइ ने एशियाई पैरा खेलों की पुरूष युगल एसएच६ बैडमिंटन स्पर्धा में रजत पदक जीता जबकि एसएल४ वर्ग में भारत के तीन पदक पक्के हो गए । कृष्णा और सिवाराजन तीन मैचों में एक जीत और दो हार के बाद दूसरे स्थान पर रहे । सिर्फ चार टीमें होने के कारण ग्रुप में स्थिति के आधार पर पदक तय किये गये। चीन के लिन नेइली और किंगताओ जेंग ने तीनों मैच जीतकर स्वर्ण पदक जीता । इंडोनेशिया के अजी दिमास त्रि और सुभांतुक ने दो मैच गंवाने के बाद कांस्य पदक हासिल किया। एसएच६ श्रेणी पैरा बैडमिंटन में कम कद के खिलाड़ियों के लिए है। इससे पहले मौजूदा चैम्पियन सुहास एलवाई और दो अन्य खिलाड़ियों के सेमीफाइनल में पहुंचने से भारत ने पुरुषों के एकल एसएल४ बैडमिंटन प्रतियोगिता में तीन पदक पक्के कर दिये। वर्तमान में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और आईएएस अधिकारी सुहास ने कोरिया के चो नादान को २१-१२, २१-१६ से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी जहां उनका सामना इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान से होगा। सेतियावान ने क्वार्टरफाइनल के एक अन्य मैच में भारत के सुकांत कदम को २१-१७, १८-२१, २१-१५ से हराया। दूसरा सेमीफाइनल दो अन्य भारतीय खिलाड़ियों नवीन शिवकुमार और अभिजीत सखूजा के बीच खेला जायेगा। नवीन ने क्वार्टरफाइनल में कोरिया के शिन क्युंग ह्वान को २१-१४, २१-४ से जबकि अभिजीत ने हमवतन सूर्यकांत यादव को २१-१६, २१-१२ से हराया। एसएल४ श्रेणी में ऐसे खिलाड़ी भाग लेते हैं जिनके निचले अंग दिव्यांग होते हैं लेकिन दौड़ने में उनका संतुलन एसएल३ श्रेणी के खिलाड़ियों से बेहतर होता है।

शीतल-पायल ले आयीं चांदी, स्वाति और आदिलको कांस्य

पैरा तीरंदाजी

नागोया (एजेन्सियां)। शीतल देवी और पायल नाग की भारतीय महिला युगल जोड़ी ने बुधवार को यहां एशियाई पैरा खेलों में फाइनल में हारने के कारण रजत पदक हासिल किया जबकि स्वाति चौधरी और आदिल मुहम्मद नजीर अंसारी ने मिश्रित टीम डब्ल्यू१ रिकर्व में कांस्य पदक जीता। जन्म से ही बिना हाथों वाली शीतल तथा हाथ और पांव से दिव्यांग पायल स्वर्ण पदक के मुकाबले में चीन की जू जुएकिंग और झाओ जिंग से १४१-१५० से हार गयीं। भारतीय खिलाड़ी शुरू से ही चीन की खिलाड़ियों के सामने संघर्ष करती हुई दिखी। शीतल ने बेहतर खेल दिखाया और उन्होंने चार १० अंक हासिल किये लेकिन पायल उनकी तरह प्रदर्शन नहीं कर पायी। उन्होंने अपने अंतिम तीर पर सात अंक बनाये। इससे पहले वह केवल नौ और आठ अंक ही हासिल कर पायी थी। शीतल ने इस स्पर्धा में लगातार दूसरा रजत पदक जीता है। पिछले एशियाई पैरा खेलों में उन्होंने सरिता देवी के साथ जोड़ी बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया था। व्यक्तिगत स्पर्धा में भी वह स्वर्ण पदक की दावेदार हैं। जम्मू और कश्मीर के किश्तवार जिले में बसे लाइधर गांव की रहने वाली शीतल फोकोमेलिया नामक एक दुर्लभ जन्मजात स्थिति के कारण भुजाहीन पैदा हुई थी। आठ साल की उम्र में पायल ११००० वोल्ट की हाई-टेंशन बिजली की लाइन के संपर्क में आ गयी जिससे उनके हाथ और पांवों को काटना पड़ा था। इस बीच तोमन कुमार और श्याम सुंदर स्वामी की पुरुष युगल जोड़ी कांस्य पदक से चूक गयी। उन्हें चीन के ऐ शिनलियांग और झांग यिचेंग से १५३-१५४ से हार का सामना करना पड़ा। वहीं स्वाति और आदिल की जोड़ी ने मिश्रित टीम डब्ल्यू१ रिकर्व में कांस्य पदक जीता। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी कोरिया की किम ओक गियुम और पार्क होंग जो से २-६ से हार गयी। ड्रा में तीन ही टीमें होने के कारण कांस्य पदक का मुकाबला नहीं खेला गया। कोरिया ने चीन को शूटआफ में ५-४ से हराकर स्वर्ण पदक जीता।



कस्तूरी राजमणिने उठाया चांदी का भार

एशियाई पैरा खेल

नागोया (एजेन्सियां)। भारतीय पावरलिफ्टर कस्तूरी राजामणि ने बुधवार को यहां एशियाई पैरा खेलों में महिलाओं के ६७ किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता। तमिलनाडु की रहने वाली कस्तूरी ने अपने तीसरे और अंतिम प्रयास में १०८ किलोग्राम वजन उठाकर दूसरा स्थान हासिल किया जबकि उनकी करीबी प्रतिद्वंदी किम ह्योंगहुई अपने अंतिम प्रयास में लड़खड़ा गयीं और उन्हें १०७ किलोग्राम के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। उज्बेकिस्तान की रुखशोना उक्तामोवा ने १२७ किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। कस्तूरी ४२ वर्ष की है और उनके दोनों पैरों में पोलियो है। उन्होंने बचपन में ही अपनी मां को खो दिया था और उनका पालन पोषण उनकी दादी ने किया था। भारत का मौजूदा खेलों में पावरलिफ्टिंग में यह दूसरा पदक है। मंगलवार को अशोक कुमार मलिक ने पुरुषों के ६५ किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता था।

तैराक हिमांशुने दूसरा कांस्य जीता

नागोया (एजेन्सियां)। भारतीय तैराक हिमांशु नंदल ने बुधवार को यहां पुरुष १०० मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक एस११ स्पर्धा में तीसरे स्थान पर रहते हुए एशियाई पैरा खेलों में अपना दूसरा कांस्य पदक जीता। हरियाणा के रोहतक के इस २२ वर्षीय खिलाड़ी ने एक मिनट २०.७२ सेकेंड का समय निकाला। आप्टिक नर्व में खराबी के कारण वह जन्म से ही पूरी तरह दृष्टिबाधित हैं। चीन के यांग बोझुन ने एक मिनट १२.६९ सेकेंड के खेलों के रेकार्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि जापान के केइची किमुरा ने एक मिनट १२.७२ सेकेंड के समय के साथ रजत पदक हासिल किया। हिमांशु ने मंगलवार को पुरुषों की ४०० मीटर फ्रीस्टाइल एस११ स्पर्धा में चार तैराकों के बीच पांच मिनट १०.९१ सेकेंड का समय निकालकर तीसरा स्थान हासिल किया और अपना पहला पदक जीता। खेल पृष्ठभूमि वाले परिवार से आने वाले हिमांशु को उनके पिता से प्रेरणा मिली जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर हाकी खेली थी। वह चार साल की उम्र में दिल्ली आ गये थे और यहां 'नेशनल असोसियेशन फार द ब्लाइंड' से जुड़े जहां उन्होंने ब्रेल लिपि सीखी। वर्ष २०२४ में वह पेरिस पैरालम्पिक के लिए न्यूनतम क्वालीफाइंग मानक हासिल करने वाले भारत के पहले पूर्ण दृष्टिबाधित तैराक बने। पैरा तैराकी में एस११ वर्ग उन खिलाड़ियों के लिए है जिन्हें गंभीर दृष्टिबाधिता होती है। इसमें बेहद कम दृष्टि वाले या प्रकाश का बिल्कुल भी आभास नहीं कर पाने वाले खिलाड़ी शामिल हैं।

पहली राष्ट्रमंडल कबड्डी अहमदाबाद में २३ से

अहमदाबाद (एजेन्सियां)। अहमदाबाद २३ से ३१ अक्तूबर तक पहली राष्ट्रमंडल कबड्डी चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा। नौ दिन चलने वाली इस प्रतियोगिता में १३ देश हिस्सा लेंगे। अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) की स्वीकृति से भारतीय एमेच्योर कबड्डी महासंघ (एकेएफआई) द्वारा आयोजित इस चैम्पियनशिपमें २३ टीम और ४०० से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता के दौरान ६२ मुकाबले होंगे। इसकी औपचारिक घोषणा बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम में की गयी। भारतीय पुरुष टीम की कप्तानी सुरजीत सिंह करेंगे जबकि महिला टीम की कमान निधि शर्मा संभालेंगी। इस प्रतियोगिता में भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, नाइजीरिया, कीनिया, तंजानिया, कनाडा, सिंगापुर, मलेशिया, युगांडा, इंगलैण्ड, स्काटलैण्ड और आस्ट्रेलिया की टीमें हिस्सा लेंगी।

जीतके साथ आगाज करना चाहेगी टीम इण्डिया

भुवनेश्वर करेंगे वापसी, न्यूजीलैण्डके खिलाफ पहला टी-२० आज

क्राइस्टचर्च (एजेन्सियां)। पिछली दो टी-२० शृंखलाओं में अपराजेय रही भारतीय टीम को न्यूजीलैण्ड आकर आराम करने, अनुकूलन और अभ्यास के लिए दो ही दिन का समय मिला लेकिन अपने बल्लेबाजों के दम पर श्रेयस अय्यर की टीम जीत के साथ दौरे का आगाज करना चाहेगी। न्यूजीलैण्ड में पिछली बार भारत ने २०२२ में नेपियर में टी-२० मैच खेला था और वर्षाबाधित वह मैच डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर ड्रा रहा था। भारत ने वह शृंखला जीती थी चूंकि खराब मौसम के कारण एक ही मैच हो सका था। भारत के सिर्फ चार बल्लेबाज पहले न्यूजीलैण्ड में टी-२० खेल चुके हैं जिनमें कप्तान अय्यर, ईशान किशन, संजू सैमसन और शिवम दुबे शामिल हैं। अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा और वैभव सूर्यवंशी भले ही आक्रामक पारियां खेलने में माहिर हों लेकिन यहां की तेज और उछालभरी पिचों पर उन्हें ढलने में समय लग सकता है। अय्यर की कप्तानी की शुरुआत आयरलैण्ड और इंगलैण्ड के खिलाफ पराजय के साथ हुई और अब उनके सामने खुद को कठिन परिस्थितियों में साबित करने की चुनौती होगी। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू शृंखला २-२ से ड्रा खेली। अगर न्यूजीलैण्ड के खिलाफ शृंखला भी उसी तरह रहती है जैसे इंगलैण्ड के खिलाफ थी तो अय्यर पर दबाव बढ़ जायेगा। ऐसा माना जा रहा है कि दो साल बाद आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैण्ड में होने वाले टी-२० विश्वकप में वह भारत के कप्तान होंगे। वेस्टइण्डीज के खिलाफ घरेलू शृंखला खत्म होने के बाद भारत से लंबी उड़ान लेकर यहां पहुंचने पर अय्यर ने कहा कि उनकी टीम को अलग-अलग हालात में खेलने की आदत है। भारतीय टीम में चोटिल हरफनमौला हार्दिक पंड्या और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी नहीं हैं। बुमराह इस दौरे पर सिर्फ वनडे या टेस्ट खेलेंगे। सूर्यवंशी के खेलने की उम्मीद कम ही है लेकिन अभिषेक और सैमसन ने वेस्टइण्डीज के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है। गेंदबाजी में अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की चार साल बाद वापसी हुई है और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती फिट होकर टीम में लौटे हैं। हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी और शिवम दुबे को अपनी उपयोगिता साबित करनी होगी। न्यूजीलैण्ड के कप्तान मिचेल सेंटनेर ने कहा कि शानदार बल्लेबाजों से भरी भारतीय टीम के लिए सपाट पिच बनाना सही रणनीति नहीं होती। उन्होंने उम्मीद जतायी कि ग्लेन फिलिप्स और फिन एलेन जैसे उनके आक्रामक बल्लेबाज भारतीयों पर भारी पड़ेंगे। न्यूजीलैण्ड के पास जैकब डफी, मैट हेनरी, एडम मिल्ने, लाकी फर्ग्युसन, काइल जैमीसन और ब्लेयर टिकनेर जैसे अच्छे गेंदबाज हैं।

भारत : श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, वैभव सूर्यवंशी, ईशान किशन, तिलक वर्मा, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, नीतिश कुमार रेड्डी, नमन धीर, प्रिंस यादव, मयंक यादव, अर्शदीप सिंह, भुवनेश्वर कुमार, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव।

न्यूजीलैण्ड : मिचेल सेंटनेर (कप्तान), फिन एलेन, मिचेल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कान्वे, जैकब डफी, लाकी फर्ग्युसन, जाक फोकेस, मैट हेनरी, बेवोन जैकब्स, काइल जैमीसन, एडम मिल्ने, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, टिम सीफर्ट, नाथन स्मिथ।

प्रसारण-दोपहर १२.३० बजेसे।

दिल्ली कैपिटल्सके अमित मिश्रा गेंदबाजी कोच बने

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल २०२७ के लिए भारत के पूर्व लेग स्पिनर अमित मिश्रा को स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के साथ मिश्रा उसी फ्रेंचाइजी में एक नयी भूमिका के साथ वापस लौटे हैं जहां से उन्होंने अपने आईपीएल सफर की शुरुआत की थी। ४३ वर्षीय मिश्रा ने सितम्बर २०२५ में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था और अब वह पहली बार इस लीग में कोचिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। फ्रेंचाइजी के सोशल मीडिया हैंडल पर बुधवार को पोस्ट किये गये वीडियो में मिश्रा ने कहा मैं खुद को दिग्गज तो नहीं कहूंगा लेकिन आईपीएल में मेरा प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। दिल्ली दिलवालों की है। जब आईपीएल का पहला सीजन हुआ था, तब मैं दिल्ली का हिस्सा था। आज, जब मैं अपने कोचिंग करियर की शुरुआत कर रहा हूं, तो वह भी दिल्ली टीम के साथ ही है, इसलिए मैं बहुत खुश हूं।

मुम्बईकी लगातार दूसरी जीत

रणजी ट्राफी हिमाचल प्रदेशको पारीसे हराया

बिलासपुर (एजेन्सियां)। मुम्बई ने बुधवार को यहां रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप डी मैच में हिमाचल प्रदेश को पारी और ९७ रन से हराकर बोनस अंक के साथ लगातार दूसरी जीत दर्ज की। पहली पारी आठ विकेट पर ५२८ रन पर घोषित करने के बाद मुंबई ने पहली पारी में हिमाचल को १४० रन पर ढेर करके फालोआन के लिए मजबूर किया और फिर दूसरी पारी में भी टीम को २९१ रन पर ढेर करके आसान जीत दर्ज की। दूसरी पारी में मुंबई की ओर से तेज गेंदबाज मोहित अवस्थी ने ४४ रन देकर पांच विकेट चटकाये जबकि तुषार देशपांडे और शम्स मुलानी को दो-दो विकेट मिले। तेज गेंदबाज सिलवेस्टर डिसूजा ने एक विकेट हासिल किया। हिमाचल की ओर से कप्तान पुखराज मान ने ५० जबकि वैभव काल्ता ने ६३ रन का योगदान दिया। हिमाचल की टीम अंतिम दिन तीन विकेट पर १४४ रन से आगे खेलने उतरी जिसके बाद मान और काल्ता ने अर्द्धशतक पूरे किये। पहले मैच में चंडीगढ़ को पारी और १५५ रन से हराने वाली मुम्बई की टीम दो मैच में १४ अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है। जयपुर में मेजबान राजस्थान को रेलवे ने ड्रा पर रोका। राजस्थान ने हालांकि पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल किये। राजस्थान ने पहली पारी में ४९७ रन बनाये थे और फिर रेलवे को ३३८ रन पर समेटकर १५९ रन की बढ़त के आधार पर मेहमान टीम को फालोआन दिया। रेलवे ने जब दूसरी पारी में दो विकेट पर १७४ रन बनाये थे जब मैच ड्रा घोषित किया गया। दूसरी पारी में रेलवे के लिए मोहम्मद सैफ ने नाबाद १०३ जबकि ईशान गोयल ने नाबाद ५७ रन बनाऐ। इससे पहले ग्रुप के अन्य मुकाबलों में तमिलनाडु ने उत्तराखंड को पारी और ६६ रन जबकि हरियाणा ने चंडीगढ़ को पारी और २४ रन से हराया।



ओलम्पियन चिक्कन पहलवान की पत्नी मिथिला पाण्डेय का निधन

हरहुआ। ओलम्पियन लक्ष्मीकांत पांडेय उर्फ चिक्कन पहलवानकी धर्मपत्नी मिथिला पाण्डेय (९६ वर्ष) का बुधवार को उनके आवास कोइरीपुर खुर्द में निधन हो गया। मिथिला पाण्डेय ने सामाजिक कार्यकर्ताके रूपमें महिलाओं, बालिकाओंके सशक्तीकरण, स्वरोजगार, पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण, गरीबों, असहायों, दिव्यांगोंकी सेवा क्षेत्रमें सराहनीय कार्य किया। यही नहीं वह कुश्ती व खेल आयोजन को बढ़ावा देने का आजीवन लड़ाई लड़ती रहीं। वह अपने पीछे नाती-पोतों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गयीं। उनके निधन की खबर पर सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता, भाजपा ने नेताओं कारमाइकल लाइब्रेरी से जुड़े वरिष्ठ कार्यकर्ता सहित क्षेत्रीयग्रामप्रधान, जिलापंचायत सदस्य, पहलवान, शिक्षक, वकील और महिला संगठनों ने पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शव यात्रा में हर क्षेत्र से सैकड़ों लोगों ने शामिल होकर अंतिम विदाई दी। मिथिला पांडेय का अंतिम संस्कार मणिकर्णिका घाट पर सम्पन्न हुआ। मुखाग्नि छोटे पुत्र कपिल नारायण पांडेय ने दी।

भुवी पूरा करेंगे गेंदबाजीमें अनुभव की कमी-श्रेयस



क्राइस्टचर्च (एजेन्सियां)। भारतीय टी-२० कप्तान श्रेयस अय्यर ने बुधवार को कहा कि हाल के दिनों में टीम के गेंदबाजी आक्रमण में अनुभव की कमी रही है और अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की वापसी से इसे दूर करने में मदद मिलेगी। भुवनेश्वर ने चार साल बाद भारतीय टी-२० टीम में वापसी की है। इस ३६ वर्षीय तेज गेंदबाज को न्यूजीलैण्ड के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी-२० शृंखलाके लिए टीम में शामिल किया गया है। अय्यर ने पहले मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि भुवी की वापसी से भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण को काफी अनुभव मिला है। आईपीएल के बाद हमें इसकी कमी खल रही थी क्योंकि टीम में काफी नये तेज गेंदबाजों को शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि भुवनेश्वर ने पिछले दो वर्ष में आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए वह जानते हैं कि इस प्रारूप में दबदबा बनाने के लिए क्या करना होता है।

सूर्यवंशी को रोकना मुश्किल होगा-सैंटनर

क्राइस्टचर्च (एजेन्सियां)। न्यूजीलैण्ड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने स्वीकार किया कि अगर वैभव सूर्यवंशी गुरुवारसे यहां शुरू होने वाली पांच मैचोंकी टी-२० शृंखला में भारतकी अंतिम एकादशमें जगह बनाते हैं तो उन्हें रोकना मुश्किल होगा लेकिन हमने इस युवा बल्लेबाज के लिए कुछ रणनीति तैयार की है। सूर्यवंशी को इस साल की शुरुआत में ब्रिटेन दौरे के लिए चुने जाने के बाद से बहुत कम मौके मिले हैं, क्योंकि नियमित सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई है। सैंटनर ने कहा कि वह (सूर्यवंशी) वेस्टइण्डीज के खिलाफ पिछली शृंखला में नहीं खेले थे लेकिन हमने आईपीएल में देखा है कि वह कितने अच्छे खिलाड़ी हैं। लेकिन सूर्यवंशी की भूमिका भी काफी बड़ी है। अगर उन्हें इस शृंखला में खेलने का मौका मिलता है तो हम जानते हैं कि वह क्या कर सकते हैं।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल गुरुवार, 22 अक्टूबर 2026

मेष-	सुसमाचार की प्राप्ति, धनसम्पत्ति विषयक मसला हल, यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त।
वृषभ-	आर्थिक उन्नति, कुछेक समस्याएं हल, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, विरोधी परास्त।
मिथुन-	व्यक्तित्व का विकास, परिजन अनुकूल, सुसंदेश, विरोधी पराभूत, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।
कर्क-	उत्साह में कमी, शत्रु प्रभावी, सम्बन्धों में कठोरता, प्रतिष्ठा पर आघात, यात्रा कष्टकर।
सिंह-	कार्य में विस्तार, संयम से सिद्धि, कार्यों में वृद्धि, सम्बन्धों में सुधार, मान-प्रतिष्ठा भी।
कन्या-	संकल्प सिद्धि, पदोन्नति, जिम्मेदारियों में व्यय, व्यक्तित्व का विकाय, यश-वृद्धि।
तुला-	योजना साकार, सामाजिक रुचि, दायित्व पूर्ति, मन में शांति, नवस्थलों की यात्रा।
वृश्चिक-	लाभ में कमी, अशांति का वातावरण, विवाद की आशंका, मित्रों से तनाव, यात्रा कष्टकर।
धनु-	आर्थिक सुधार, नवीन योजना की शुरुआत, स्थान परिवर्तन का कार्यक्रम, यात्रा सार्थक।
मकर-	निराशा समाप्त, लाभ, आयोजन में सम्मिलित, बुद्धि का विकास, सामाजिक कृत्य संपन्न।
कुम्भ-	जनसंपर्क का लाभ, आर्थिक सुधार, सुसंदेश की प्राप्ति, यात्रा का प्रसंग, दाम्पत्य सुख।
मीन-	आंशिक सफलता, लाभ में कमी, सुख में बाधा, व्यर्थ भ्रमण, धनहानि की आशंका।

आज है जिनका जन्मदिन 22 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 22 का मूलांक 4 का स्वामी ग्रह राहु एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। आधुनिक विचारों वाले व्यक्ति होंगे। किसी भी विषय पर विचार करें लेकिन अपना विचार कब बदल देंगे कोई निश्चित नहीं रहेगा। जीवन संघर्षों से भरा रहेगा। कोई भी कार्य दूसरों से सलाह लेकर ही करेंगे। लेकिन स्वयं निर्णय नहीं ले पायेंगे। आपके जीवन में अप्रत्याशित घटनाएँ घटित होंगी। प्रेम प्रसंगों में विफलता हाथ लगेगी। लेकिन दाम्पत्य जीवन संतोषजनक रहेगा। कार्य में किसी प्रकार का व्यवधान या विलम्ब पसन्द नहीं करेंगे। बाहरी आडम्बर एवं तड़क-भड़क की ओर झुकाव अधिक रहेगा। रचनात्मक गतिविधियों में भी आपकी रुचि रहेगी। इष्ट देवी-देवता की आराधना नियमित रूप से करें। जीवन में चित्र-विचित्र चमकीले रंगों से सम्बन्धित वस्तुओं का प्रयोग करें। शनिवार के दिन काले रंग की वस्तुओं का दान करें। हित के लिए असत्य बात का सहारा न लेवें। अहिंसा का पालन करें। सुख-समृद्धि व सफलता के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ
मन्त्र : ॐ रां राहुवें नमः
व्रत : शनिवार
दिन : सोमवार, मंगलवार एवं शुक्रवार
दिनांक : 4, 13, 22, 31
अंक : 1, 2, 7
मास : फरवरी, अक्टूबर एवं अक्टूबर
वर्ष : 4, 13, 22, 31, 40, 49, 58, 67
रंग : काला, भूरा एवं स्लेटी
जन्मरत्न : गोमेद उपरत्न : काला अकीक
जड़ी : सफेद चन्दन की जड़ दिशा : आग्नेय
वर्ष का महत्वपूर्ण समय—21 मार्च से 28 अक्टूबर, 10 अक्टूबर से 20 अक्टूबर

यन्त्र

13	8	15
14	12	10
9	16	11

सुडोकू ४०९१

सुडोकू खेलने का : दिये गये खेल और नम्बरों को खेलने के तर्क से इसे हल कर सकते हैं। अब तो ये तर्क भी बता दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हर बक्से में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3×3 के हर बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। खेल को हल करने के लिए आपको तर्क का इस्तेमाल करना होगा।

4								9
8			6					
					5	1		
							6	8
	2				3			
								4
		5				2		
			4	3				
	7			8				

8	7	6	4	5	9	2	3	1
5	3	1	6	7	2	4	8	9
4	2	9	3	1	8	5	7	6
1	6	4	7	2	5	8	9	3
9	5	3	1	8	4	7	6	2
2	8	7	9	3	6	1	4	5
3	4	2	8	6	1	9	5	7
6	1	8	5	9	7	3	2	4
7	9	5	2	4	3	6	1	8

हल : ४०९०

विद्युत के शार्ट सर्किट से झोपड़ी में लगी आग

तीन जिन्दा जले, जख्मी उपचार के लिये मेडिकल कालेज में भर्ती



भटनी(देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के नोनापार रेलवे स्टेशन के दक्षिण तरफ झोपड़ी डालकर रह रहे बाँसफोर की झोपड़ी में मंगलवार की रात्रि दो बजे शार्ट सर्किट से अचानक आग लगने के कारण तीन लोग जिन्दा जल गये, जिसमें एक मासूम की आग की चपेट में आने से मृत्यु हो गयी । जबकि एक महिला बुरी तरह से झुलस जाने के कारण गोरखपुर मेडिकल कालेज में भर्ती है जहां जिन्दगी और मृत्यु से संघर्ष कर रही है ।

बताया गया है कि बालकिशुन बासफोर का परिवार नोनापार रेलवे स्टेशन के दक्षिण तरफ झोपड़ी बनाकर रह रहा था । तीन झोपड़ी बनाकर पूरा परिवार अलग-अलग झोपड़ी में मंगलवार की रात्रि खाना खाकर सो गया। लगभग दो बजे रात्रि को अचानक झोपड़ी में आग लग गयी ।आग की लपट पर कुछ लोग जो दूसरी झोपडी में सोये थे :बाहर आकर शोर मचाया जिससे ग्रामीण मौके से आ गये ।आग बुझाने लगे। उसी समय पुलिस व अग्निशमन पुलिस को सूचना भी दे दिया । अग्निशमन दल के पहुंचने पर अभी आग पुरी तरह से बुझ नही पायी थी ।अग्निशमन दल द्वारा आग बुझाने के बाद जब तीन लोग को मृत पाया । लेकिन उपचार के लिए 62 वर्षीय बालकिशुन बासफोर जितेन्द्र उनके दामाद व पोता 3 वर्षीय शनि एवं जितेन्द्र की पत्नी 30 वर्षीया लीला देवी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भटनी ले गये । बालकिशुन, जितेन्द्र एवं शनि को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया । लीला की हालत गम्भीर होने पर मेडिकल कालेज देवरिया व वहां से मेडिकल कालेज गोरखपुर उपचार के लिए भेज दिया । जहाँ स्थित गम्भीर बनी हुई है । इस हृदयविदारक घटना ने सबको झकझोर कर दिया है । बालकिशुन बासफोर अपनी पुत्री लीला की शादी खुखुंदू थाना क्षेत्र के ग्राम नूनखार में किया था । मेला देखने मंगलवार को अपने परिवार के साथ आ गया ।उसकों क्या पता था की अब फिर वापस नही आ पायुँगा । विधाता ने ऐसा कहर ढाया की रात को अपने पुत्र एवं ससुराल के साथ गाल की गाल में समा गया ।इस प्रकोप से पुरा परिवार ही उजड गया ।पत्नी मी अस्पताल में मौत से जूझ रही है ।

बालकिशुन का अपना कोई ठीकाना नही रहा खानाबदोशों का जीवन व्यतीत करते हुए 15वर्ष पहले अपना ठीकाना नोनापार रेलवे स्टेशन के दक्षिण झोपड़ी बनाकर रहने लगा ।चार झोपड़ी मौके पर है तीन पुरी तरह से जल कर राख में तब्दील हो गयी है ।वहां केवल राख के बीच दो टेबेल पंखा के अलावे वहां कुल भी दिखाई नही दे रहा है । झोपडी के बगल में बिजली के पोल व पोल झोपडी खम्भे से आवा केविल गिरा हुआ पाया गया ।बालकिशुन की एक लडकी एवं छः लडके है । एक पुत्र की मृत्यु पहले ही हो चुकी है ।एक पुत्र की चपेट मे आन से मृत्यु हो गयीं ।एक मुम्बई है और एक देवरिया एवं एक महेन्द्र साथ रहता है ।

मृत्यु की सूचना पर रिश्तेदार और सगे सम्बन्धी नोनापार पर स्टेशन के दक्षिण एक साथ बैठकर वहां गमगीन माहौल बना दिये है । घटना की सूचना रात को प्रशासनिक अधिकारियों व पुलिस अधिकारियों को मिल गयी । सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक पुलिस क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी सलेमपुर एवं दो सर्किलों के थाने की पुलिस का काफिला रात की सन्नाटा चिरती हुई नोनापार पहुंची । जहां बालकिशुन के पुत्र महेंद्र बासफोर से घटना की पुरी जानकारी लेकर व थानाध्यक्ष को आवशयक निर्देश देकर वापस चले गये । घटना के बाद घटना की सूचना मिलने पर सबसे पहले पूर्व कांग्रेस के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष सिंह ।विधायक सुरेन्द्र चौरसिया एवं पूर्व विधायक गजाला लारी पहुंच कर सम्बन्धियो व पुत्र से मिलकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ढांढस बढाया । और हर सम्भव सहायता देने का आश्वासन दिया ।

तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, चार की मौत



कुशीनगर । नगर क्षेत्र के कसया -देवरिया मार्ग पर सोमवार की देर रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिसमें कार में सवार सात युवकों में चार की मौत हो गई,तो वहीं अन्य तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। कार में सवार सभी युवक देवरिया जनपद के तरकुलवा थाना क्षेत्र के निवासी हैं । जानकारी के अनुसार सोमवार की देर रात लगभग 11:30 बजे कसया में दुर्गा पूजा का मेला देख कर कार सं. यूपी 57 ए डब्लू 9888 से अंकित कुमार पुत्र हर्षदेव प्रसाद (25) वर्ष,निवासी मठिया रत्ती थाना तरकुलवा, जनपद देवरिया,नितीश कुमार पुत्र शकुंतल प्रसाद (22) वर्ष, प्रदीप कुमार पुत्र छद्दू प्रसाद (23) वर्ष, निवासी रत्ती मठिया, थाना तरकुलवा, जनपद देवरिया, अंकुर कनौजिया पुत्र पप्पू कनौजिया (22)वर्ष,निवासी गडरामपुर, थाना तरकुलवा, जनपद देवरिया,संजी शर्मा उर्फ गोलू शर्मा पुत्र सुभाष शर्मा (22) वर्ष,निवासी कोन्हवलिया, गढ़रामपुर, थाना तरकुलवा, जनपद देवरिया,अंकित पुत्र विजयशंकर यादव (22) वर्ष, निवासी देऊरवा पिपरहिया, थाना तरकुलवा, जनपद देवरिया,अंकित यादव पुत्र धर्मेन्द्र यादव(21) वर्ष,निवासी उपरोक्त,सभी देवरिया की तरफ घर जा रहें थे। अभी वह कुशीनगर रामाभार पुल से कुछ आगे सिसवा महंथ बगहा चौराहे के समीप पहुंचे ही थे कि तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क की पूरब दिशा में एक पेड़ से टकराते हुए गड्ढे में चली गई। प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार टक्कर इतनी तेज थीं कि कार के पर खच्चे उड़ गए। वहीं कार में सवार सभी युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को देख मौके पर मौजूद स्थानीय लोगो एवं राहगीरों की कॉफी भीड़ जुट गई,और पुलिस को सूचना देकर बचाव में जुट गए।सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके पर मौजूद स्थानीय लोगो की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया पहुंचाया, और उनके परिजनों को घटना की सूचना दीं। सीएचसी के डॉक्टरों ने जांचोप्रान्त नीतीश कुमार और प्रदीप को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य गंभीर रूप से घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रविन्दनगर, कुशीनगर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान संजीव शर्मा उर्फ गोलू व अंकुर कनौजिया की भी मृत्यु हो गईं। एक साथ चार युवकों की मृत्यु की सूचना पर उनके घरो में कोहराम मच गया।

पुलिस ने शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज आवश्यक कार्यवाही में जुट गई हैं। मृतक नितीश कुमार ग्राम प्रधान का पुत्र हैं।गंभीर रूप से घायल अंकित पुत्र हर्षदेव जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

नम आंखों से मां दुर्गा को दी विदाई, जयकारों के बीच झूमे श्रद्धालु



नेबुआ नौरंगिया (कुशीनगर)। नेबुआ नौरंगिया विकासखंड के खजुरी बाजार में विजयादशमी के अवसर पर बुधवार को मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। मां की अंतिम विदाई देने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े।

जयकारों और भक्ति गीतों के बीच निकले विसर्जन जुलूस में महिलाएं, बच्चे, युवा और बुजुर्ग उत्साह के साथ शामिल हुए। मां दुर्गा के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। श्री श्री दुर्गा पूजा समिति, खजुरी बाजार के तत्वावधान में निकला विसर्जन जुलूस खजुरी बाजार से शुरू होकर छोटी खजुरी, सेखुई, खजुरी, मेहदिया, रामपुर और खैरवा होते हुए बेलवा घाट पहुंचा, जहां मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। जुलूस के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते हुए मां के जयकारे लगाते रहे। जगह-जगह लोगों की भीड़ मां के दर्शन और अंतिम विदाई के लिए जुटी रही। विसर्जन कार्यक्रम के दौरान श्री श्री दुर्गा पूजा समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए हलवा प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। नवरात्र के नौ दिनों तक मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करने वाले भक्तों के लिए विदाई का क्षण भावुक करने वाला रहा। मां की प्रतिमा के विसर्जन के समय श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। भक्तों ने अगले वर्ष मां के पुनः आगमन की कामना करते हुए जयकारे लगाए और परिवार की सुख-समृद्धि तथा क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अनिल गुप्ता, समाजसेवी अनिल मिश्रा, संदीप गोंड, गुड्डू भारती, लक्ष्मण गुप्ता, सतीश जायसवाल , रामा शंकर कुशवाहा, प्रेम गुप्ता, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, पुर्व ग्राम प्रधान हरिकेश गुप्ता, नागेन्द्र, सुसिल, सुधिर तिवारी, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु मौजूद रहे।

पराली जलाने के बजाय वैज्ञानिक विधि से करें प्रबंधन- डीएम



पडरौना, कुशीनगर। कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में किसानों की समस्याओं, खाद-बीज की उपलब्धता, फसल क्षतिपूर्ति और कृषि योजनाओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को किसानों की शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उप कृषि निदेशक ने पिछले किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान किया जाए। जिलाधिकारी ने किसानों से अपील की कि वे फसल अवशेष यानी पराली को खेतों में न जलाएं, बल्कि उसका वैज्ञानिक विधि से प्रबंधन करें। इससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनी रहेगी और पर्यावरण को होने वाले नुकसान से बचाया जा सकेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पराली के उचित प्रबंधन और बिक्री की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए, ताकि किसानों को आर्थिक नुकसान न उठाना पड़े। कूड़ा निस्तारण और खुले में कचरा डंप किए जाने की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जब कूड़ा निस्तारण के लिए मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) की व्यवस्था है, तो खुले में अवैध रूप से कचरा क्यों डंप किया जा रहा है। उन्होंने वैज्ञानिक और व्यवस्थित तरीके से कूड़ा निस्तारण की कार्ययोजना तैयार कर उसका प्रभावी क्रियान्वयन कराने को कहा। उप कृषि निदेशक ने बताया कि जनपद में जल्द ही जिप्सम खाद की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में किसानों को कम अवधि में पकने वाली पीली सरसों की फसल और उसकी प्रति हेक्टेयर संभावित उपज के संबंध में भी जानकारी दी गई।केले की फसल की बीमा राशि लंबित होने पर जताई नाराजगी किसानों ने केले की फसल को हुए नुकसान के बावजूद बीमा क्षतिपूर्ति की राशि नहीं मिलने का मुद्दा उठाया। फसल बीमा कंपनी के जिला समन्वयक ने बताया कि खरीफ 2023 में भारी वर्षा और प्रतिकूल मौसम के कारण केले की फसल को नुकसान पहुंचा था। खरीफ 2024 और खरीफ 2025 में भी फसल प्रभावित हुई, लेकिन बीमा योजना के तहत देय क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान अब तक नहीं हुआ है।

इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों में आवश्यक कार्रवाई कर किसानों को क्षतिपूर्ति राशि का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक, अधिशासी अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), फसल बीमा कंपनी के जिला समन्वयक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और जनपद के अलग-अलग क्षेत्रों से आए किसान उपस्थित रहे।

भेलया में श्रमिक सुविधा केंद्र की शाखा का शुभारंभ, 70 श्रमिकों ने लिया भाग

पडरौना (कुशीनगर)। असंगठित श्रमिकों को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए एक्शन एड एसोसिएशन की ओर से श्रमिक सुविधा केंद्र कुशीनगर की शाखा का शुभारंभ तमकुहीराज विकास खंड के भेलया चौराहे पर किया गया। डॉ. नागेंद्र मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में करीब 70 श्रमिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष एवं भेलया के प्रधान प्रतिनिधि धर्मेंद्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि यह केंद्र श्रमिकों को जागरूक करने और सरकारी योजनाओं तक उनकी पहुंच आसान बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। गांवों में इस तरह की पहल से मजदूरों को जानकारी के लिए दूर-दराज के कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, जिससे उनके समय और खर्च की बचत होगी।

गोपालपुर में कोटे की दुकान के चयन पर विवाद, सैकड़ों ग्रामीणों ने तहसील में किया प्रदर्शन



तमकुहीराज (कुशीनगर)। तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के तरयासुजान थाना अंतर्गत गोपालपुर गांव में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के चयन को लेकर विवाद गहरा गया है। चयन प्रक्रिया में कथित अनियमितता का आरोप लगाते हुए बुधवार को सैकड़ों ग्रामीणों और महिलाओं ने तहसील पहुंचकर प्रदर्शन किया। हाथों में तख्तियां लेकर पहुंचे ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए ग्राम सचिव के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने एसडीएम कुणाल गौरव से मिलकर शिकायती पत्र सौंपा। एसडीएम ने मामले की जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं, ग्रामीणों ने कार्रवाई के लिए दस दिन का समय दिया है। ग्रामीणों की ओर से सौंपे गए शिकायती पत्र के अनुसार, आठ अक्टूबर 2026 को गोपालपुर ग्राम पंचायत में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के चयन के लिए खुली बैठक आयोजित की गई थी। आरोप है कि बैठक में निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया नहीं अपनाई गई और कथित तौर पर मनमाने ढंग से एक व्यक्ति के नाम का प्रस्ताव पारित कर दिया गया। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि चयनित व्यक्ति प्राथमिक विद्यालय में मानदेय पर शिक्षक है, जबकि उसके पिता क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) हैं। ग्रामीणों ने ग्राम सचिव पर पद का दुरुपयोग करने का भी आरोप लगाया है। उनका कहना है कि तीन प्रत्याशियों और बैठक में मौजूद लोगों ने चयन प्रक्रिया पर आपत्ति जताते हुए दोबारा गिनती कराने तथा अधिक समर्थन वाले पक्ष का प्रस्ताव भेजने की मांग की थी। आरोप है कि इस दौरान उन्हें धमकाया गया। ग्रामीणों ने आठ अक्टूबर को हुई बैठक के प्रस्ताव को निरस्त करने, पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने और सचिव के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच कर विभागीय कार्रवाई करने की मांग की है। इसके साथ ही मजिस्ट्रेट की निगरानी में दोबारा खुली बैठक कराकर पारदर्शी तरीके से दुकान का चयन कराने की मांग भी उठाई है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना था कि सरकारी राशन की दुकान का चयन निष्पक्ष तरीके से होना चाहिए, ताकि पात्र लाभार्थियों के हितों की अनदेखी न हो। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि दस दिन के भीतर उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आगे की रणनीति तय करेंगे। इस संबंध में एसडीएम कुणाल गौरव ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि मामले की जांच कराकर नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

मूर्ति विसर्जन स्थलों पर पुलिस की सतर्क निगरानी



- खिरकिया और भुजौली घाट पहुंचकर सिद्धार्थ वर्मा ने पुलिसकर्मियों को दिए निर्देश
- शांतिपूर्ण विसर्जन के लिए क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारी लगातार कर रहे भ्रमण

पडरौना/ कुशीनगर। नवरात्रि और दशहरा के अवसर पर मूर्ति विसर्जन को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिले में विसर्जन स्थलों से लेकर मार्गों तक सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। अधिकारी लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा ने पुलिस बल के साथ पडरौना कोतवाली क्षेत्र के खिरकिया घाट और खड्डा थाना क्षेत्र के भुजौली घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों से सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिले के सभी क्षेत्राधिकारी अपने-अपने सर्किल और थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील हैं। मूर्ति विसर्जन मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और विसर्जन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके। पुलिस प्रशासन ने लोगों से विसर्जन के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने और सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस का सहयोग करने की अपील की है।

तमकुही रोड स्टेशन गोलीकांड 36 घंटे बाद भी पैर में फंसी है गोली, जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

बभनौली (कुशीनगर)। तमकुही रोड रेलवे स्टेशन पर युवक को गोली मारने के मामले में घायल राजन शर्मा के बयान ने उसके इलाज को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। युवक का कहना है कि घटना के करीब 36 घंटे बाद भी उसके पैर में लगी गोली नहीं निकाली जा सकी है। फिलहाल उसका इलाज जिला अस्पताल कुशीनगर में चल रहा है। उधर, मामले में घायल के पिता की तहरीर पर जीआरपी गोरखपुर में हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तरयासुजान थाना क्षेत्र के घाघवा जगदीश गांव निवासी राजन शर्मा 19 अक्टूबर की रात करीब 10:30 बजे अपनी मां के साथ इलाज कराने के लिए लखनऊ जाने के उद्देश्य से तमकुही रोड रेलवे स्टेशन पहुंचा था। परिवार गोमतीनगर एक्सप्रेस पकड़ने की तैयारी में था। इसी दौरान स्टेशन पर मौजूद कुछ लोगों से उसका सामना हुआ। घायल के पिता विनोद शर्मा की तहरीर के मुताबिक, आरोपितों ने पुरानी रंजिश को लेकर राजन को घेर लिया। जान बचाने के लिए जब वह ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करने लगा, तभी उसे गोली मार दी गई। गोली राजन के दाहिने पैर की जांघ के पिछले हिस्से में लगी। पिता की शिकायत के अनुसार, गोली लगने के बाद जान बचाने के लिए राजन ट्रेन के शौचालय में घुस गया। ट्रेन आगे बढ़ने के बाद वह घायल अवस्था में दुदही रेलवे स्टेशन पर उतरा। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई और उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। वर्तमान में उसका उपचार जिला अस्पताल कुशीनगर में चल रहा है। घायल राजन शर्मा का कहना है कि घटना के करीब 36 घंटे बाद भी उसके पैर में फंसी गोली नहीं निकाली जा सकी है। युवक के इस बयान के बाद उसके इलाज की स्थिति को लेकर सवाल उठने लगे हैं। परिजनों की चिंता भी स्वाभाविक है कि आखिर गोली निकालने में देरी क्यों हो रही है और आगे के उपचार की क्या योजना है। हालांकि, गोली नहीं निकाले जाने के पीछे चिकित्सकीय कारण क्या हैं, इस संबंध में जिला अस्पताल प्रशासन या संबंधित चिकित्सक का आधिकारिक पक्ष अभी सामने नहीं आया है। ऐसे में बिना चिकित्सकीय पुष्टि के इलाज में लापरवाही का निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा। जरूरत है कि अस्पताल प्रशासन घायल की वर्तमान स्थिति और उपचार की प्रक्रिया को स्पष्ट करे, ताकि परिजनों की चिंता दूर हो सके। घायल के पिता विनोद शर्मा ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उनके बेटे राजन शर्मा को पहले से ही मोबाइल फोन के माध्यम से जान से मारने की धमकियां दी जा रही थीं। पिता के मुताबिक, इस संबंध में राजन ने 10 अक्टूबर 2026 को तरयासुजान थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। शिकायत में पुरानी रंजिश को हमले की वजह बताया गया है। पिता की तहरीर के अनुसार, 19 अक्टूबर की रात तमकुही रोड रेलवे स्टेशन पर राजन को घेरकर गोली मारने की घटना इसी रंजिश से जुड़ी है। उन्होंने आरोपितों और उनके अज्ञात साथियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने तथा अपने बेटे और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

जीआरपी गोरखपुर में हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं में मुकदमा

पुलिस अभिलेखों के अनुसार, घटना के संबंध में जीआरपी गोरखपुर में 20 अक्टूबर 2026 को एफआईआर संख्या 167/2026 दर्ज की गई है। मुकदमे में भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1), 191(2), 191(3), 190, 115(2), 351(3), 352 और 61(2) का उल्लेख है। मामले की जांच उपनिरीक्षक दिग्विजय सिंह परमार को सौंपी गई है। घटना ने एक ओर रेलवे स्टेशन पर हुई गोलीबारी और पुरानी रंजिश से जुड़े आरोपों को सामने रखा है, वहीं दूसरी ओर घायल युवक के उपचार को लेकर भी सवाल उठाए हैं। अब लोगों की नजर पुलिस की जांच और अस्पताल प्रशासन की ओर से इलाज की स्थिति पर मिलने वाले स्पष्टीकरण पर है। जांच पूरी होने के बाद ही घटना की पूरी परिस्थितियां स्पष्ट हो सकेंगी।

सपहा काली मंदिर परिसर में गूंजे देवी गीत, विजयादशमी पर भव्य जागरण



कसया, कुशीनगर । विजयादशमी के पावन पर्व पर सपहा स्थित ऐतिहासिक काली मंदिर परिसर में मंगलवार रात्रि को एक भव्य देवी जागरण और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रख्यात लोक कलाकारों ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि श्रोता देर रात तक भक्ति रस में सराबोर रहे। पूरा मंदिर परिसर मां दुर्गे के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रसिद्ध गायिका पूजा शर्मा और लोकप्रिय गायक ओमप्रकाश पासवान %जहरीला% ने गणेश वंदना के साथ किया। इसके बाद दोनों कलाकारों ने एक से बढ़कर एक पारंपरिक और लोकप्रिय देवी गीत प्रस्तुत किए। गायकों द्वारा प्रस्तुत निम्नलिखित गीतों ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। सुनैना देहि घर-घर में जयकारे की आवाज...नीबिया के डाढी मईया... भोर भई दिन चढ़ गया मेरी अम्बे... छोटकी मुनकी खेलत बाड़ी खेलवा...शेरोंवाली का आ गया नवरात्र..मईया के चुनरिया लाल-लाल... इन शानदार प्रस्तुतियों पर दर्शक देर रात तक झूमते और तालियां बजाते रहे। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल और समाजवादी पार्टी के नेता राजेश प्रताप राव उर्फ बंटी राव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और मां के दरबार में मत्था टेककर किया। मुख्य अतिथि राकेश जायसवाल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन हमारी सनातन संस्कृति और आपसी भाईचारे की नींव को मजबूत करते हैं। मां काली की कृपा से हमारा यह क्षेत्र निरंतर प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़े, यही मेरी कामना है। सपा नेता राजेश प्रताप राव उर्फ बंटी राव ने कहा कि इस तरह के आयोजन नई पीढ़ी को हमारी लोक संस्कृति और धार्मिक संस्कारों से जोड़ने का काम करते हैं। धार्मिक अनुष्ठान के उपरांत मंदिर परिसर में एक विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने स्वयं अपने हाथों से श्रद्धालुओं एवं भक्तों को प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमरजीत यादव, सपा नेता एके बादल, सभासद विनय राव, तथा आयोजन समिति के राज खरवार, संतोष जायसवाल, सिकेंदर चौहान, बैजू चौहान, लक्ष्मण वर्मा, रमेश गिरी, मनोज शर्मा, पवन जायसवाल उपस्थित रहे। इसके अलावा क्षेत्र के तमाम संभ्रांत नागरिक, बड़ी संख्या में मातृशक्तियां और श्रद्धालु मौजूद रहे।

आग में जला आशियाना, दो दिनों से खुले असमान के नीचे कुनबा

कसया कुशीनगर । कसया तहसील क्षेत्र के ग्राम मधवापुर में लगी आग से गरीब महिला की गांव के सरेह में बनी रिहायशी झोपडी सहित सबकुछ जलकर राख हो गया। दो दिनों से पूरा कुनबा खुले असमान के नीचे गुजारा करने को मजबूर है। बुधवार को क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंचकर सहयोग का भरोशा दिया। बीते ग्राम निवासिनी इसरावती देवी पत्नी शत्रुघ्न पटेल की झोपडी जो गांव से एक किमी दूर पश्चिम खेत में बनी थी। अज्ञात कारणों से जलकर राख हो गई। जो रविवार की रात में जल गई। गांव के लोग जबतक पहुंचते सबकुछ जलकर स्वाहा हो गया। जिससे इसरावती का पूरा परिवार असमान के नीचे आ गया है। आग में झुलसी गाय का पशु चिकित्सक कामेश्वर सिंह इलाज निःशुल्क कर रहे हैं। पीड़िता का पति मजदूरी करते हैं और बुधवार को पूर्व छात्र नेता अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में नगरपालिका परिषद कुशीनगर सभासद संघ अध्यक्ष प्रभुनाथ सिंह, सभासद गिरजेश सिंह, सभासद अमेरिकन सिंह, सभासद अजेंद्र कुमार सिंह, सभासद विजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ भगत सिंह, सत्येंद्र मिश्रा, रोहित सिंह, पूर्व प्रधान प्रदीप चौधरी ने पहुंचकर आर्थिक सहयोग किया और परिवार के रहने के लिए एलवेस्टर और ईंट देने का भरोसा दिया। इससे पूर्व दशहरा मेला में आए विधायक कुशीनगर पीएन पाठक ने आर्थिक सहयोग किया। इस संबंध में एडीओ पंचायत नीरज चतुर्वेदी ने कहा कि प्रशासन के निर्देश पर पीड़ित को सहयोग के लिए नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

विश्व में सबसे कम समय का सबसे बड़ा मेला

गले मिले जब चारों कुमार, नयनों से बही अश्रुधार





काशी का सांसद होने के नाते मुझे इस परंपरा को लेकर विशेष गर्व की अनुभूति हो रही है। इस पोस्ट के साथ ही प्रधानमंत्री ने भरत मिलाप के लक्खा मेला की चार तस्वीरें भी संलग्न की हैं। विश्व में सबसे कम समय का सबसे बड़ा मेला है। परंपराओं की एक समृद्ध और गौरवशाली गाथा समेटे महज 15 मिनट के इस आयोजन में लाखों की भीड़ उमड़ती है और महज चार मिनट के नयनाभिराम दृश्य के लिए अपनी संपूर्ण संवेदना, आस्था उड़ेल कर रख देती है। आज से 480 वर्ष पूर्व जब गोस्वामी तुलसीदास यहां श्रीरामचरित मानस की रचना कर रहे थे, उसी समय 1543 ईस्वी में उनके शिष्य संत मेधा भगत ने इस मेले का शुभारंभ किया था। मेले के साथ जुड़ी परंपराएं भी आश्चर्य से कम नहीं। यहां प्रभु श्रीराम को लेकर आने वाले पुष्पक विमान का वजन 5000 किलोग्राम है, जिसे लगभग 100 यादव बंधु परंपरानुसार अपने कंधों पर उठाकर लगभग चार किमी की दूरी तय करते हैं। हालांकि प्रभु की पालकी उठाने के लिए 500 यादव बंधुओं का दल तैयार रहता है और अपना कंधा लगाता रहता है। यादव बंधु इस कार्य के लिए नई धोती, नई बनियान व नई पगड़ी धारण करते हैं, आंखों में काजल लगाते हैं और पूरे भक्ति भाव से प्रभु की पालकी उठाते हैं। अपने पूर्वजों की परंपरा का पालन करते हुए काशीराज परिवार के कुंवर अनंत नारायण सिंह हाथी पर सवार होकर लीला स्थल पहुंचते हैं, हाथी पर से ही प्रभु श्रीराम के साथ सबका अभिवादन करते हुए उनके विमान के पास पहुंच प्रसाद स्वरूप तुलसी दल और पुष्प पंखुड़ियां ग्रहण कर सोने की गिन्नी आयोजकों को प्रदान करते हैं। परिक्रमा करते हुए निकलते समय सशस्त्र पुलिस बल उन्हें गार्ड आफ आनर प्रदान करता है। विमान के जाते ही श्रीराम व भरत चबूतरे पर बिखरे तुलसी दल व पुष्प पंखुड़ियों को प्रसाद रूप में पा लेने तथा चबूतरों पर मत्था टेकने की होड़ मच जाती है। एक ओर अस्ताचल में डूब जाने को कुछ ही शेष बचा था सूर्य का अंश, तो दूसरी ओर भ्रातृ प्रेम का अनुपम आदर्श गढ़ रहा था सूर्यवंश। बुधवार की शाम संपूर्ण ब्रह्मांड मानो ब्रह्मांडनायक की अनोखी भावलीला और आदर्श का सर्वोत्कृष्ट स्वरूप देखने को ठहर सा गया था। श्रीराम-भरत मिलाप की विश्वप्रसिद्ध लीला नाटीइमली के मैदान में आयोजित हुई तो शिव की काशी में त्रेता का वह पावन क्षण सजीव हो उठा। इस लक्खा मेले में चारों भाइयों के भावपूर्ण मिलन को देख लाखों श्रद्धालुओं की पलकों से खुशियों के अनगिन मोती छलक उठे। गले मिल चारों भाइयों संग जनकनंदिनी सीता मैया ने भक्तों को दर्शन दिया। चारों भाइयों के मिलन की दुर्लभ छवि को हमेशा के लिए सहेज लेने को आतुर काशीवासियों की सजल आंखों ने गीले नयन के कोरों से समूचे दृश्य को अपने हृदय में बसाया तो सहज ही जुड़ उठे दोनों हाथ और लाखों कंठों से फूट पड़ा चारों भइयन की जय का उद्घोष वातावरण को अपनी सरस गरिमा में आच्छादित कर लिया। परंपरानुसार काशिराज परिवार के अनंत नारायण सिंह ने भी लीला स्थल पहुंच इस भावपूर्ण दृश्य को निहारा तो गिन्नियां भेंट कर तुलसीदल व पुष्प प्रसाद ग्रहण किया। दोपहर के एक बजे से ही हर पग नाटीइमली की ओर बढ़ चले थे। बांस-बल्लियों से घिरा मैदान जब लोगों से पट गया तो आसपास की सड़कें, छतें सभी लोगों से अट गईं। युवा, बुजुर्ग व बालमन सभी ने पलकों में प्रभु की मूरत बसाए, लीला मंच पर नजरें गड़ाए एक झलक पा लेने का हर प्रकार से जतन किया। घड़ी की सुइयों के 4.35 बजने का संकेत देते ही हृदय की धड़कनें बढ़ गईं। रामदूत हनुमान से हृदयप्रिय बड़े भैया के आगमन का समाचार पाकर अयोध्या (बड़ा गणेश) से नंगे पांव दौड़ते चले आए भरत-शत्रुघ्न प्रभु चरणों में साष्टांग दंडवत हुए। गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई परे भूमि नहि उठत उठाए, बल करि कृपा सिंधु उर लाए। श्यामल गात रोम भये ठाढ़े, नव राजीवनयन जल बाढ़े गूंज के बीच दौड़कर पहुंचे भक्तवत्सल प्रभु ने श्रीभरत को उठा कर गले से लगा लिया। चारों भाई बारी-बारी से गले मिले, हर ओर से पुष्पवर्षा होने लगी और 'हर-हर महादेव', 'जय श्री राम' तथा 'चारों भइयन की जय' के उद्घोष से मैदान गूंज उठा। हाथ की अंगुलियां उठ कर भावातिरेक से गीले हो चुके नयन के कोरों को पोंछतीं फिर हाथ परस्पर जुड़ जाते और भाव भरे हृदय से निकल जयकारों की ध्वनि वातावरण में आच्छादित हो जाती। चारों भाइयों ने प्रत्येक दिशाओं में घूमकर श्रद्धालुओं को दर्शन दिया और विभोर कर दिया तो दिव्य दृश्य से विह्वल अस्ताचलगामी सूर्य की किरणों ने भी प्रभु चरणों में लोटकर खुद को धन्य कर लिया। मिलन बाद विमान से चारों भाई, माता सीता व पवनसुत अयोध्या प्रस्थान किए। प्रभु के विमान पालकी के कहार बने यादव कुमार छलकती भक्तिरूपी सुधा का पान कर अघाए तो निहाल हो गए।

खूनी व बादी बवासीर में बेहद असरकारक
अर्शविदा कैप्सूल


सुविचार
समय और समझ दोनों एक साथ बहुत कम मिलते हैं, इसलिए समय रहते समझदारी दिखाएं।
• 100% आयुर्वेदिक • सुरक्षित • असरदार
Customer Care : 9628078000
www.rphealthgroup.com
Also available at TATA 1mg | amazon | Flipkart

रश्मिका मंदाना ने दिखायी कातिल अदाएं

बात की जाए साउथ सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्रियों के बारे में तो उनमें रश्मिका मंदाना का नाम भी शामिल होता है। हाल ही में सोशल मीडिया पर राणाबली एक्ट्रेस रश्मिका की लेटेस्ट तस्वीरें सामने आई हैं, जिनको लेकर फिलहाल एक्ट्रेस सिनेमाई गलियारे में छाई हुई हैं। एक दिन बाद रश्मिका मंदाना की अपकमिंग फिल्म राणाबली फिल्म को बड़े पर्दे पर रिलीज किया जाना है। इसकी रिलीज से पहले उन्होंने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट तस्वीरों को शेयर किया है, उनके लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की हैं, जो अब चर्चा का विषय बन गई हैं। इस लेख में रश्मिका मंदाना की जिन तस्वीरों के बारे में जिक्र किया जा रहा है, उनमें वह साड़ी में नजर आ रही हैं। अब रश्मिका का सादगी से भरा हुआ ये अंदाज हर किसी का ध्यान का खींच रहा है और एक्ट्रेस की फोटोज सभी को बेहद पसंद आ रही हैं। अपनी लेटेस्ट फिल्म राणाबली की रिलीज से पहले रश्मिका मंदाना ने इन तस्वीरों के इंस्टा कैप्शन में लिखा है- राणाबाली जयम्मा, एक और दिन... उम्मीद है कि सब कुछ अच्छा रहे... और आप लोगों को यह फिल्म पसंद आए, और जयम्मा भी पसंद आए। बता दें कि जयम्मा फिल्म में रश्मिका के किरदार का नाम है। आलम ये है अब कि रश्मिका मंदाना की ये लेटेस्ट फोटोज सोशल मीडिया पर आग की तरह वायरल हो रही हैं। फैंस को उनके लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें काफी पसंद आ रही हैं, वे इन पर जमकर लाइक और कमेंट करके अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त कर रहे हैं। मालूम हो कि शादी के बाद रश्मिका मंदाना की अपने पति और साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा संग राणाबली उनकी पहली फिल्म है। इससे पहले ये कपल डियर कॉमरेड और गीता गोविंदम नाम की सुपरहिट फिल्में भी बतौर कलाकार नजर आ चुके हैं। रश्मिका मंदाना की राणाबली थिएटर्स में रिलीज हो रही है। इस ड्रामा पीरियड मूवी के बाद बतौर अभिनेत्री रश्मिका अन्य कई मूवीज में भी दिखाई देंगी, जिनमें से सबसे अधिक चर्चा फिल्म मायसा को लेकर हो रही हैं। इससे मूवी से एक्ट्रेस का इंटेंस लुक हर तरफ छाया हुआ है।




९९ साल की दादी का अनोखा कारनामा

बढ़ती उम्र के साथ जिंदगी पहले जैसी आसान नहीं रहती। कई बुजुर्गों को घुटनों में दर्द, चलने-फिरने में परेशानी और दूसरी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कुछ लोगों के लिए रोजमर्रा के छोटे-छोटे काम करना भी चुनौती बन जाता है। उम्र बढ़ने के साथ अकेलेपन और दूसरों पर निर्भर रहने की परेशानी भी महसूस हो सकती है। ऐसे में ज्यादातर लोगों के लिए कोई नया और जोखिम भरा काम करने के बारे में सोचना भी मुश्किल होता है. लेकिन ब्रिटेन में रहने वाली 99 साल की हेल्गा डफी ने ऐसा कारनामा कर दिखाया है, जिसे देखकर हर कोई हैरान है। उन्होंने उड़ते हुए प्लेन के पंख पर खुद को बांधकर आसमान की सैर की और



दुनिया की सबसे उम्रदराज महिला विंग वॉकर बन गईं। उनके इस कारनामे ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में जगह बनाई है। हेल्गा डफी मूल रूप से जर्मनी की रहने वाली हैं. फिलहाल वह ब्रिटेन के विल्टशायर में डेविजेस स्थित एक केयर होम में रहती हैं। उन्होंने यह अनोखा कारनामा ग्लॉस्टरशायर के सिरेनसेस्टर स्थित आरएफसी रेंडकॉम्ब एयरफील्ड पर किया। इस चुनौती के लिए हेल्गा को एक छोटे विमान, जिसे बाइप्लेन कहा जाता है, के ऊपरी पंख पर खास सुरक्षा उपकरणों की मदद से मजबूती से बांधा गया. इसके बाद विमान ने उड़ान भरी और हेल्गा करीब आठ मिनट तक हवा में रहीं। रिकॉर्ड के लिए कम से कम पांच मिनट तक उड़ान में रहना जरूरी था. उन्होंने इस चुनौती को पूरा कर दिखाया. जिस उम्र में कई लोग लंबी दूरी तक चलने से पहले भी सोचते हैं, उस उम्र में हेल्गा का इस तरह आसमान में उड़ना अपने आप में खास उपलब्धि है.हेल्गा ने 16 अक्टूबर 2026 को यह रिकॉर्ड बनाया. उस दिन उनकी उम्र 99 साल और 21 दिन थी. गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने उन्हें दुनिया की सबसे उम्रदराज महिला विंग वॉकर के रूप में मान्यता दी। इस कारनामे के पीछे एक दूसरी बुजुर्ग महिला की कहानी भी है. हेल्गा ने 97 साल की बेट्टी ब्रोमेज को विंग वॉक करते देखा था. बेट्टी की इस उपलब्धि से प्रेरित होकर हेल्गा के मन में भी ऐसा ही कुछ करने की इच्छा जगी. उन्होंने तय किया कि वह भी यह चुनौती पूरी कर सकती हैं. हेल्गा की उड़ान पहले उनके 99वें जन्मदिन यानी 23 सितंबर को होनी थी, लेकिन किसी वजह से इसे आगे बढ़ा दिया गया। आखिरकार अक्टूबर में उन्होंने अपना सपना पूरा कर लिया। उड़ान के बाद गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अधिकारी विल मनफोर्ड ने उन्हें सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। अब यह सर्टिफिकेट उनके केयर होम में रखा गया है।

ई-सिगरेट बदल डालता है आवाज



वेपिंग का मतलब 'ई-सिगरेट पीना' यानी इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट से स्मॉकिंग करना है. ये सामान्य धूम्रपान से ऐसे ही अलग है कि इसमें ई-सिगरेट का इस्तेमाल किया जाता है। वेपिंग एक बैटरी से चलने वाले उपकरण जैसे ई-सिगरेट, वेप पेन, या ई-हुक्का के जरिए किसी तरल पदार्थ को गर्म करके उसकी भाप या एरोसोल को सांस के जरिए अंदर लेने की प्रक्रिया है। कई लोगों को लगता है कि वेपिंग सामान्य स्मोकिंग से ज्यादा सुरक्षित है पर ऐसा बिलकुल नहीं है। दरअसल वेपिंग में तंबाकू नहीं जलता और इसलिए लोग इसे सुरक्षित या अच्छा समझते हैं लेकिन वेपिंग से निकलने वाला धुआं सिर्फ पानी का भाप नहीं होता। इसमें कई हानिकारक चीजें होती हैं जो सांस और दिल की सेहत को नुकसान पहुंचा सकती है। वेपिंग के लिक्विड से निकलने वाले धुंए में निकोटीन, भारी धातुएँ जैसे लेड, निकेल और टिन, हानिकारक केमिकल्स, फ्लेवर देने वाले केमिकल हो सकते हैं जो साँस के साथ अंदर जाने पर नुकसान पहुंचाते हैं। ये चीजें गले और वोकल कॉर्ड्स को प्रभावित कर सकती हैं. इससे गला सूख सकता है, जलन हो सकती है और आवाज़ की क्वालिटी खराब हो सकती है. रिसर्च बताती है कि ई-सिगरेट का इस्तेमाल वोकल कोर्ड्स को प्रभावित कर सकता है। 2025 में एक अध्ययन में कहा गया कि 'ई-सिगरेट का इस्तेमाल आवाज़ की नली की ऊपरी परत में सूजन पैदा कर सकता है। इसमें मौजूद चीजें नमी कम कर देती हैं, जिससे खांसी और सांस लेने में तकलीफ हो सकती है। इससे आवाज़ की नली खराब हो सकती है और आवाज़ की क्वालिटी बिगड़ सकती है।' वेपिंग के धुएं से आवाज़ की नली में जलन और सूखापन आता है। इससे आवाज़ कर्कश हो सकती है, खांसी आ सकती है और आवाज़ पर जोर पड़ सकता है. हालांकि अभी भी इस विषय पर और रिसर्च की जरूरत है कि वेपिंग कैसे आवाज को हमेशा के लिए बदलकर रख देती है। यह पहला मौका नहीं है जब सेलेना ने अपनी आवाज में आ रहे बदलाव के बारे में बात की है। दिसंबर 2025 में भी सिंगर ने अपनी आवाज के बदलाव पर बात की थी लेकिन तब सेलेना ने वेपिंग का जिक्र नहीं किया था। तब उन्होंने कहा था कि उनका गला अंदर से सूज रहा है, लेकिन अब सेलेना ने बताया कि कैसे उनकी आवाज का बदलाव वेपिंग की आदत से जुड़ा है. दरअसल सेलेना को ल्यूपस नाम की ऑटोइम्यून बीमारी है। ल्यूपस शरीर के कई हिस्सों को प्रभावित कर सकता है। कुछ मामलों में यह गले (लैरिंक्स) में सूजन पैदा कर सकता है। इससे आवाज़ कर्कश, भारी या थकी हुई लग सकती ह। ऐसे में पहले उनकी आवाज के बदलाव को इसी से जुड़ा माना गया था। पर अब सेलेना के इस नए खुलासे ने कई चीजें बदल दी हैं।

चेहरेमें छिपे हैं मौतके संकेत



क्या किसी कैंसर मरीज के चेहरे को देखकर ये बताया जा सकता है कि वो कितने दिन जिंदा रहेगा? वैज्ञानिकों का दावा है कि ऐसा हो सकता है। बोस्टन स्थित मैसाचुसेट्स जनरल ब्रिघम कैंसर इंस्टीट्यूट के शोधकर्ताओं ने एक ऐसा मॉडल बनाने का दावा किया है जो तस्वीर देखकर चेहरे में छिपे मौत के संकेत पहचान लेगा। एआई आधारित इस मॉडल को 4 करोड़ से ज्यादा तस्वीरों से ट्रेंड किया गया है। इसका नाम FAHR-FaceAge रखा गया है जो चेहरे से किसी भी व्यक्ति की असल उम्र बता सकता है। ये मॉडल ये भी पता लगा सकता है कि शरीर में क्या दिक्कतें हैं और उनकी वजह से उसके जीवन को कितना खतरा है. वैज्ञानिकों की इस रिसर्च को द लैंसेज डिजिटल हेल्थ जर्नल में प्रकाशित किया गया है। मैसाचुसेट्स जनरल ब्रिघम कैंसर इंस्टीट्यूट के रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट रेमंड मैक ने इसे लीड किया है। उन्होंने दावा किया कि तस्वीर से किसी व्यक्ति की मौत का जोखिम पता लगाने वाला यह अपने तरह का पहला मॉडल है. मॉडल का कैंसर मरीजों पर रिसर्च किया गया. इसमें खतरे के हिसाब से 10-10 प्रतिशत मरीजों के 10 वर्ग बनाए गए. इनमें एआई मॉडल ने जिन 10 प्रतिशत मरीजों की मौत के बारे में सबसे ज्यादा खतरा जताया था उनमें से आधी की मौत 90 दिन के अंदर हो गई। जो 10 प्रतिशत मरीजों में मौत की संभावना बेहद कम थी उनमें से सिर्फ 2 प्रतिशत की ही मौत हुई। पिछले साल फेसएज अध्ययन में शुरुआती तौर पर ये साबित किया गया था कि किसी व्यक्ति के चेहरे की तस्वीर से उसकी उम्र का अनुमान लगाया जा सकता है। इस पर काम किया और मॉडल तैयार किया जो ज्यादा सटीक है। इसी का दूसरा पार्ट फेससर्वाइवल है जो कैंसर मरीजों में मृत्यु के जोखिम का सीधे अनुमान लगाता है। 30 हजार कैंसर मरीजों की तस्वीरों और उनके इलाज तथा मेडिकल हिस्ट्री से जुड़ी जानकारियों का अध्ययन किया। इसमें ये जानकारी दी गई थी कि संबंधित मरीजों के जीने की संभावना कितनी है। इस डाटा में उन मरीजों की जानकारी भी शामिल थी जो अब इस दुनिया में नहीं है. डाटा में ये भी बताया गया था कि मरीज कितने समय तक जीवित रहे, कैंसर का पता चलने के बाद उनकी मृत्यु हुई या नहीं और अगर हुई तो कब हुई।

डॉ.डी.के.गुप्ता
Greenland Hospital & Research Centre Pvt. Ltd. Gorakhpur

MS (शल्य) (F.M.A.S., D.M.A.S.)
लैप्रोस्कोपिक सर्जन एवं लेजर प्रोक्टोलॉजिस्ट
मेम्बर ऑफ वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ लैप्रोस्कोपिक सर्जन)
फेलोशिप–अपर एण्ड लोअर जी.आई.एण्डोस्कोपी
स्पेशलिस्ट–लेजर प्रोक्टोलॉजिस्ट, पाइल्स (बवासीर), फिस्टुला (भगन्दर)
फिसर, पिलोनिडल साइनस का लेजर विधि से सफल इलाज

समय न गवाएं, लेजर विधि / स्टेपलर विधि / क्षारसूत्र विधि अपनाएं, एवं बवासीर, फिस्टुला एवं फिशर को जड़ से भगाएं

क्या आपको बवासीर है?
क्या आप फिशर से परेशान है?
क्या आप भगन्दर/फिस्टूला से परेशान है?
क्या आप पिलोनिडल साइनस से परेशान है?
क्या आपको गुदा मार्ग से खून/मवाद आता है?
क्या आपको शौच करते समय जलन एवं दर्द होता है?
विजयादशमी के अवसर पर
हार्दिक शुभकामनाएं
बवासीर
आयुष्मान एवं TPA द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
की बीमारी से गंभीर समस्याएं हो सकती है
कैंसर | कब्ज | फिशर | रक्तस्राव | सूजन | गुदा में दर्द
ग्रीनलैण्ड हॉस्पिटल & रिसर्च सेंटर प्रा0 लि0
मोगलाहा, मेडिकल कॉलेज रोड (निकट-मोगलाहा पेट्रोल पम्प), गोरखपुर, उ.प्र. 273013
Mob.: 9452472267, 0551-2500028, 2500110